وَّهُوَ الْوَاحِدُ الْقَهَّارُ ۝١٦ اَنْزَلَ مِنَ السَّمَاۗءِ مَاۗءً فَسَالَتْ

सो बह निकले	पानी	आस्मानों से	उस ने उतारा	16	ज़बरदस्त (ग़ालिब)	यकता	और वह

اَوْدِيَةٌۢ بِقَدَرِهَا فَاحْتَمَلَ السَّيْلُ زَبَدًا رَّابِيًا ۭ وَمِمَّا

और उस से जो	फूला हुआ	झाग	नाला	फिर उठा लाया	अपने अपने अन्दाज़े से	नदी नाले

يُوْقِدُوْنَ عَلَيْهِ فِي النَّارِ ابْتِغَاۗءَ حِلْيَةٍ اَوْ مَتَاعٍ زَبَدٌ

झाग	असबाब	या	ज़ेवर	हासिल करने (बनाने) को	आग में	उस पर	तपाए हैं

مِّثْلُهٗ ۭ كَذٰلِكَ يَضْرِبُ اللّٰهُ الْحَقَّ وَالْبَاطِلَ ڛ فَاَمَّا

सो	और बातिल	हक़	अल्लाह	बयान करता है	उसी तरह	उसी जैसा

الزَّبَدُ فَيَذْهَبُ جُفَاۗءً ۚ وَاَمَّا مَا يَنْفَعُ النَّاسَ

लोग	जो नफ़ा पहुँचाता है	और लेकिन	सूख कर	दूर हो जाता है	झाग

فَيَمْكُثُ فِي الْاَرْضِ ۭ كَذٰلِكَ يَضْرِبُ اللّٰهُ الْاَمْثَالَ ۝١٧ۭ

17	मिसालें	अल्लाह	बयान करता है	इसी तरह	ज़मीन में	तो ठहरा रहता है

उस को पुकारना हक़ है, और उस के सिवा वह जिन को पुकारते हैं वह उन्हें कुछ भी जवाब नहीं देते मगर जैसे (कोई) अपनी दोनों हथेलियां पानी की तरफ़ फैलादे ताकि (पानी) उस के मुँह तक पहुँच जाए, और वह उस तक हरगिज़ पहुँचने वाला नहीं, और काफ़िरों की पुकार गुमराही के सिवा कुछ नहीं। (14) और अल्लाह ही को सिज्दा करता है जो आस्मानों और ज़मीन में है, ख़ुशी से या न ख़ुशी से, और सुबह ओ शाम उन के साए (भी)। (15) आप (स) पूछें आस्मानों और ज़मीन का रब कौन है? कह दें, अल्लाह है, कह दें तो क्या तुम उस के सिवा बनाते हो हिमायती जो अपनी जानों के लिए (भी) बस नहीं रखते कुछ नफ़ा का और न नुक़्सान का, कह दें क्या बराबर होता है अन्धा और देखने वाला? या क्या उजाला और अन्धेरे बराबर हो जाएंगे? क्या वह अल्लाह के लिए जो शरीक बनालेते हैं उन्हों ने (मख़लूक़) पैदा की है उस के पैदा करने की तरह? सो पैदाइश उन पर मुशतबह हो गई, कह दें अल्लाह हर शै का पैदा करने वाला है और वह यकता ग़ालिब है। (16) उस ने आस्मानों से पानी उतारा, सो नदी नाले अपने अपने अन्दाज़े से वह निकले, फिर उठा लाया (ऊपर ले आया) नाला फूला हुआ झाग, और जो आग में तपाते हैं ज़ेवर बनाने को या और असबाब बनाने को, (उस में भी) उस जैसा झाग (मैल) होता है, उसी तरह अल्लाह हक़ और बातिल को बयान करता है, सो झाग दूर हो जाता है (ज़ाया हो जाता है) सूख कर, लेकिन जो लोगों को नफ़ा पहुँचाता है वह ज़मीन में ठहरा रहता है (बाक़ी रहता है) इसी तरह अल्लाह मिसालें बयान करता है। (17)

وقف النبی ﷺ

لِلَّذِيْنَ اسْتَجَابُوْا لِرَبِّهِمُ الْحُسْنٰى ۭ وَالَّذِيْنَ لَمْ يَسْتَجِيْبُوْا لَهٗ لَوْ اَنَّ

यह कि	अगर	उस का (हुक्म)	न माना	और जिन लोगों ने	भलाई	अपने रब (का हुक्म)	उन्हों ने मान लिया	उन के लिए जिन्हों ने

لَهُمْ مَّا فِي الْاَرْضِ جَمِيْعًا وَّمِثْلَهٗ مَعَهٗ لَافْتَدَوْا بِهٖ ۭ اُولٰۗىِٕكَ لَهُمْ

उन के लिए	वही हैं	उस को	कि फ़िदये में देदें	उस के साथ	और उस जैसा	सब	जो कुछ ज़मीन में	उन के लिए (उन का)

ع ٢/١ ٨ النصف

سُوْۗءُ الْحِسَابِ ڏ وَمَاْوٰىهُمْ جَهَنَّمُ ۭ وَبِئْسَ الْمِهَادُ ﴿١٨﴾ اَفَمَنْ يَّعْلَمُ

जानता है	पस क्या जो	18	बिछाना (जगह)	और बुरा	जहन्नम	और उन का ठिकाना	हिसाब	बुरा

اَنَّمَآ اُنْزِلَ اِلَيْكَ مِنْ رَّبِّكَ الْحَقُّ كَمَنْ هُوَ اَعْمٰى ۭ اِنَّمَا يَتَذَكَّرُ

समझते हैं	इस के सिवा नहीं	अन्धा	वह	उस जैसा	हक़	तुम्हारा रब	से	तुम्हारी तरफ़	उतारा गया	कि जो

اُولُوا الْاَلْبَابِ ﴿١٩﴾ الَّذِيْنَ يُوْفُوْنَ بِعَهْدِ اللّٰهِ وَلَا يَنْقُضُوْنَ الْمِيْثَاقَ ﴿٢٠﴾

20	पुख़्ता क़ौल ओ इक़रार	और वह नहीं तोड़ते	अल्लाह का अ़हद	पूरा करते हैं	और वह जो कि	19	अ़क़्ल वाले

وَالَّذِيْنَ يَصِلُوْنَ مَآ اَمَرَ اللّٰهُ بِهٖٓ اَنْ يُّوْصَلَ وَيَخْشَوْنَ رَبَّهُمْ

अपना रब	और वह डरते हैं	जोड़ा जाए	कि	उस का	अल्लाह ने हुक्म दिया	जो	जोड़े रखते हैं	और वह जो कि

وَيَخَافُوْنَ سُوْۗءَ الْحِسَابِ ﴿٢١﴾ وَالَّذِيْنَ صَبَرُوا ابْتِغَاۗءَ وَجْهِ رَبِّهِمْ

अपना रब	ख़ुशी	हासिल करने के लिए	उन्हों ने सब्र किया	और वह लोग जो	21	हिसाब	बुरा	और ख़ौफ़ खाते हैं

وَاَقَامُوا الصَّلٰوةَ وَاَنْفَقُوْا مِمَّا رَزَقْنٰهُمْ سِرًّا وَّعَلَانِيَةً وَّيَدْرَءُوْنَ

और टाल देते हैं	और ज़ाहिर	पोशीदा	हम ने उन्हें दिया	उस से जो	और ख़र्च किया	नमाज़	और उन्हों ने क़ाइम की

بِالْحَسَنَةِ السَّيِّئَةَ اُولٰۗىِٕكَ لَهُمْ عُقْبَى الدَّارِ ﴿٢٢﴾ جَنّٰتُ عَدْنٍ

हमेशगी	बाग़ात	22	आख़िरत का घर	उन के लिए	वही हैं	बुराई	नेकी से

يَّدْخُلُوْنَهَا وَمَنْ صَلَحَ مِنْ اٰبَاۗىِٕهِمْ وَاَزْوَاجِهِمْ وَذُرِّيّٰتِهِمْ وَالْمَلٰۗىِٕكَةُ

और फ़रिश्ते	और उन की औलाद	और उन की बीवियां	उन के बाप दादा	से (में)	नेक हुए	और जो	वह उस में दाख़िल होंगे

يَدْخُلُوْنَ عَلَيْهِمْ مِّنْ كُلِّ بَابٍ ﴿٢٣﴾ سَلٰمٌ عَلَيْكُمْ بِمَا صَبَرْتُمْ فَنِعْمَ

पस ख़ूब	तुम ने सब्र किया	इस लिए कि	तुम पर	सलामती	23	हर दरवाज़ा	से	उन पर	दाख़िल होंगे

عُقْبَى الدَّارِ ﴿٢٤﴾ وَالَّذِيْنَ يَنْقُضُوْنَ عَهْدَ اللّٰهِ مِنْۢ بَعْدِ مِيْثَاقِهٖ

उस को पुख़्ता करना	उस के बाद	अल्लाह का अ़हद	तोड़ते हैं	और वह लोग जो	24	आख़िरत का घर

وَيَقْطَعُوْنَ مَآ اَمَرَ اللّٰهُ بِهٖٓ اَنْ يُّوْصَلَ وَيُفْسِدُوْنَ فِي الْاَرْضِ ۙ اُولٰۗىِٕكَ

यही हैं	ज़मीन में	और वह फ़साद करते हैं	कि वह जोड़ा जाए	उस का	अल्लाह ने हुक्म दिया	जो	और वह काटते हैं

لَهُمُ اللَّعْنَةُ وَلَهُمْ سُوْۗءُ الدَّارِ ﴿٢٥﴾ اَللّٰهُ يَبْسُطُ الرِّزْقَ لِمَنْ يَّشَاۗءُ وَيَقْدِرُ ۭ

और तंग करता है	जिस के लिए वह चाहता है	रिज़्क़	कुशादा करता है	अल्लाह	25	बुरा घर	और उनके लिए	लानत	उन के लिए

ع ٣/٨ ٩

وَفَرِحُوْا بِالْحَيٰوةِ الدُّنْيَا ۭ وَمَا الْحَيٰوةُ الدُّنْيَا فِي الْاٰخِرَةِ اِلَّا مَتَاعٌ ﴿٢٦﴾

26	मताअ़ हक़ीर	मगर (सिर्फ़)	आख़िरत (के मुक़ाबले) में	दुनिया की ज़िन्दगी	और नहीं	दुनिया	ज़िन्दगी से	और वह ख़ुश हैं

जिन लोगों ने अपने रब का हुक्म मान लिया उन के लिए भलाई है, और जिन्हों ने उस का हुक्म न माना अगर जो कुछ ज़मीन में है सब उन का हो और उस के साथ उस जैसा (और भी हो) कि वह उस को फ़िदये में देदें (फिर भी बचाओ न होगा), उन्हीं लोगों के लिए हिसाब बुरा है, और उन का ठिकाना जहन्नम है और (वह) बुरी जगह है। (18)
क्या जो शख़्स जानता है कि जो उतारा गया तुम पर तुम्हारे रब की तरफ़ से, वह हक़ है उस जैसा (हो सकता है) जो अन्धा हो, इस के सिवा नहीं कि अ़क़्ल वाले ही समझते हैं। (19)
वह जो कि अल्लाह का अ़हद पूरा करते हैं, और पुख़्ता क़ौल ओ इक़रार नहीं तोड़ते। (20)
और वह लोग जो जोड़े रखते हैं जिस के लिए अल्लाह ने हुक्म दिया कि जोड़ा जाए, और वह अपने रब से डरते हैं, और बुरे हिसाब का ख़ौफ़ खाते हैं। (21)
और जिन लोगों ने अपने रब की ख़ुशी हासिल करने के लिए सब्र किया, और उन्हों ने नमाज़ क़ाइम की, और जो हम ने उन्हें दिया उस से ख़र्च किया पोशीदा और ज़ाहिर, और वह नेकी से बुराई को टाल देते हैं, वही हैं जिन के लिए आख़िरत का घर है। (22)
हमेशगी के बाग़ात (हैं) उन में वह दाख़िल होंगे, और वह जो उन के बाप दादा, और उन की बीवियों, और औलाद में से नेक हुए और उन पर हर दरवाज़े से फ़रिश्ते दाख़िल होंगे, (23)
(यह कहते हुए कि) तुम पर सलामती हो इस लिए कि तुम ने सब्र किया पस ख़ूब है आख़िरत का घर। (24)
और जो लोग अल्लाह का अ़हद उस को पुख़्ता करने के बाद तोड़ते हैं, और वह काटते हैं जिस के लिए अल्लाह ने हुक्म दिया जो उसे जोड़ा जाए, और वह ज़मीन (मुल्क) में फ़साद करते हैं, यही लोग हैं जिन के लिए लानत है और उन के लिए बुरा घर है। (25)
अल्लाह जिस के लिए चाहता है रिज़्क़ कुशादा करता है, और (जिस के लिए चाहता है) तंग करता है, और वह दुनिया की ज़िन्दगी से ख़ुश हैं, और दुनिया की ज़िन्दगी आख़िरत के मुक़ाबले में मताअ़ हक़ीर है। (26)

और काफ़िर कहते हैं उस पर उस के रब (की तरफ़) से कोई निशानी क्यों न उतारी गई? आप (स) कह दें बेशक अल्लाह गुमराह करता है जिस को चाहता है, और अपनी तरफ़ उस को राह दिखाता है जो (उस की तरफ़) रुजूअ़ करे। **(27)**
जो लोग ईमान लाए और इत्मीनान पाते हैं जिन के दिल अल्लाह की याद से, याद रखो! अल्लाह की याद (ही) से दिल इत्मीनान पाते हैं। **(28)**
जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने अ़मल किए नेक, उन के लिए ख़ुशहाली है और अच्छा ठिकाना। **(29)**
इसी तरह हम ने तुम्हें उस उम्मत में भेजा है, गुज़र चुकी है इस से पहले उम्मतें ताकि जो हम ने तुम्हारी तरफ़ वहि किया है तुम उन को पढ़ कर (सुनाओ) और वह (अल्लाह) रहमान के मुन्किर होते हैं आप (स) कहदें वह मेरा रब है उस के सिवा कोई माबूद नहीं, उस पर मैं ने भरोसा किया और उसी की तरफ़ मेरा रुजूअ़ है (रुजूअ़ करता हूँ)। **(30)**
और अगर ऐसा कुरआन होता कि उस से पहाड़ चल पड़ते, या उस से ज़मीन फट जाती, या उस से मुर्दे बात करने लगते (फिर भी यह ईमान न लाते) बल्कि अल्लाह ही के लिए है तमाम कामों (का इख़्तियार), तो क्या मोमिनों को (उस से) इत्मीनान नहीं हुआ कि अगर अल्लाह चाहता तो सब लोगों को हिदायत दे देता और काफ़िरों को उन के आमाल के बदले हमेशा सख़्त मुसीबत पहुंचती रहेगी, या उतरेगी क़रीब उन के घर के, यहां तक कि अल्लाह का वादा आजाए और बेशक अल्लाह वादे के ख़िलाफ़ नहीं करता। **(31)**
और अलबत्ता तुम से पहले रसूलों का मज़ाक़ उड़ाया गया, तो मैं ने काफ़िरों को ढील दी, फिर मैं ने उन की पकड़ की सो मेरा बदला (अ़ज़ाब) कैसा था? **(32)**
पस क्या जो हर शख़्स के आमाल का निगरान है (वह बुतों की तरह हो सकता है?) और उन्हों ने बना लिए अल्लाह के शरीक, आप (स) कहदें उन के नाम तो लो या तुम (अल्लाह) को वह बतलाते हो जो पूरी ज़मीन में उस के इल्म में नहीं, या महज़ ज़ाहिरी (ऊपरी) बात करते हो, बल्कि जिन लोगों ने कुफ़्र किया उन के लिए उन के फ़रेब ख़ुशनुमा बना दिए गए और वह राहे (हिदायत) से रोक दिए गए और जिस को अल्लाह गुमराह करे उस के लिए कोई हिदायत देने वाला नहीं। **(33)**

وَيَقُوْلُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا لَوْلَآ اُنْزِلَ عَلَيْهِ اٰيَةٌ مِّنْ رَّبِّهٖ ۭ قُلْ اِنَّ اللّٰهَ

बेशक अल्लाह	आप कह दें	उस का रब	से	कोई निशानी	उस पर	उतारी गई	क्यों न	वह लोग जिन्हों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)	और कहते हैं

يُضِلُّ مَنْ يَّشَاۗءُ وَيَهْدِيْٓ اِلَيْهِ مَنْ اَنَابَ ٢٧ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَتَطْمَىِٕنُّ

और इत्मीनान पाते हैं	ईमान लाए	जो लोग	27	रुजूअ़ करे	जो	अपनी तरफ़	और राह दिखाता है	जिस को चाहता है	गुमराह करता है

قُلُوْبُهُمْ بِذِكْرِ اللّٰهِ ۭ اَلَا بِذِكْرِ اللّٰهِ تَطْمَىِٕنُّ الْقُلُوْبُ ٢٨ اَلَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

ईमान लाए	जो लोग	28	दिल (जमा)	इत्मीनान पाते हैं	अल्लाह के ज़िक्र से	याद रखो	अल्लाह के ज़िक्र से	जिन के दिल

وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ طُوْبٰى لَهُمْ وَحُسْنُ مَاٰبٍ ٢٩ كَذٰلِكَ اَرْسَلْنٰكَ فِيْٓ

में	हम ने तुम्हें भेजा	इसी तरह	29	ठिकाना	और अच्छा	उन के लिए	ख़ुशहाली	नेक (जमा)	और उन्हों ने अ़मल किए

اُمَّةٍ قَدْ خَلَتْ مِنْ قَبْلِهَآ اُمَمٌ لِّتَتْلُوَا۟ عَلَيْهِمُ الَّذِيْٓ اَوْحَيْنَآ اِلَيْكَ

तुम्हारी तरफ़	हम ने वहि किया	वह जो कि	उन पर (उन को)	ताकि तुम पढ़ो	उम्मतें	उस से पहले	गुज़र चुकी हैं	उस उम्मत

وَهُمْ يَكْفُرُوْنَ بِالرَّحْمٰنِ ۭ قُلْ هُوَ رَبِّيْ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۚ عَلَيْهِ تَوَكَّلْتُ وَاِلَيْهِ

और उस की तरफ़	मैं ने भरोसा किया	उस पर	उस के सिवा	नहीं कोई माबूद	मेरा रब	वह	कह दें	रहमान के	मुन्किर होते हैं	और वह

مَتَابِ ٣٠ وَلَوْ اَنَّ قُرْاٰنًا سُيِّرَتْ بِهِ الْجِبَالُ اَوْ قُطِّعَتْ بِهِ الْاَرْضُ

ज़मीन	उस से	फट जाती	या	पहाड़	उस से	चलाए जाते	ऐसा कुरआन	यह के (होता)	और अगर	30	मेरा रुजूअ़

اَوْ كُلِّمَ بِهِ الْمَوْتٰى ۭ بَلْ لِّلّٰهِ الْاَمْرُ جَمِيْعًا ۭ اَفَلَمْ يَايْــــَٔسِ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اَنْ

कि	वह लोग जो ईमान लाए (मोमिन)	तो क्या इत्मीनान नहीं हुआ	तमाम	काम	अल्लाह के लिए	बल्कि	मुर्दे	उस से	या बात करने लगते

لَّوْ يَشَاۗءُ اللّٰهُ لَهَدَى النَّاسَ جَمِيْعًا ۭ وَلَا يَزَالُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا تُصِيْبُهُمْ

उन्हें पहुँचेगी	वह लोग जो काफ़िर हुए (काफ़िर)	और हमेशा	सब	लोग	तो हिदायत दे देता	अगर अल्लाह चाहता

بِمَا صَنَعُوْا قَارِعَةٌ اَوْ تَحُلُّ قَرِيْبًا مِّنْ دَارِهِمْ حَتّٰى يَاْتِيَ وَعْدُ اللّٰهِ ۭ

अल्लाह का वादा	आजाए	यहां तक	उन के घर	से (के)	क़रीब	या उतरेगी	सख़्त मुसीबत	उस के बदले जो उन्हों ने किया (आमाल)

اِنَّ اللّٰهَ لَا يُخْلِفُ الْمِيْعَادَ ٣١ وَلَقَدِ اسْتُهْزِئَ بِرُسُلٍ مِّنْ قَبْلِكَ فَاَمْلَيْتُ ع ٥ ١٠

तो मैं ने ढील दी	तुम से पहले	रसूलों का	मज़ाक़ उड़ाया गया	और अलबत्ता	31	वादा	ख़िलाफ़ नहीं करता	बेशक अल्लाह

لِلَّذِيْنَ كَفَرُوْا ثُمَّ اَخَذْتُهُمْ ۣ فَكَيْفَ كَانَ عِقَابِ ٣٢ اَفَمَنْ هُوَ قَاۗىِٕمٌ

निगरान	वह	पस क्या जो	32	मेरा बदला	था	सो कैसा	मैं ने उन की पकड़ की	फिर	जिन्हों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)

عَلٰي كُلِّ نَفْسٍۢ بِمَا كَسَبَتْ ۚ وَجَعَلُوْا لِلّٰهِ شُرَكَاۗءَ ۭ قُلْ سَمُّوْهُمْ ۭ اَمْ تُنَبِّــــُٔـوْنَهٗ

तुम उसे बतलाते हो	या	उन के नाम लो	आप कहदें	शरीक (जमा)	अल्लाह के	और उन्हों ने बना लिए	जो उस ने कमाया (आमाल)	हर शख़्स	पर

بِمَا لَا يَعْلَمُ فِي الْاَرْضِ اَمْ بِظَاهِرٍ مِّنَ الْقَوْلِ ۭ بَلْ زُيِّنَ لِلَّذِيْنَ كَفَرُوْا

उन लोगों के लिए जिन्हों ने कुफ़्र किया	बल्कि ख़ुशनुमा बना दिए गए	बात	से	महज़ ज़ाहिरी	या	ज़मीन में	उस के इल्म में नहीं	वह जो

مَكْرُهُمْ وَصُدُّوْا عَنِ السَّبِيْلِ ۭ وَمَنْ يُّضْلِلِ اللّٰهُ فَمَا لَهٗ مِنْ هَادٍ ٣٣

33	कोई हिदायत देने वाला	उस के लिए	तो नहीं	गुमराह करे अल्लाह	और जो - जिस	राह	से	और वह रोक दिए गए	उन के फ़रेब

لَهُمْ عَذَابٌ فِي الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا وَلَعَذَابُ الْاٰخِرَةِ اَشَقُّ ۚ وَمَا

और नहीं	निहायत तक्लीफ़देह	और अलबत्ता आख़िरत का अ़ज़ाब	दुनिया की ज़िन्दगी	में	अ़ज़ाब	उन के लिए

لَهُمْ مِّنَ اللّٰهِ مِنْ وَّاقٍ ﴿٣٤﴾ مَثَلُ الْجَنَّةِ الَّتِيْ وُعِدَ الْمُتَّقُوْنَ ۭ

परहेज़गार (जमा)	वादा किया गया	और जो कि	जन्नत	कैफ़ियत	34	कोई बचाने वाला	अल्लाह से	उन के लिए

تَجْرِيْ مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ ۭ اُكُلُهَا دَآئِمٌ وَّظِلُّهَا ۭ تِلْكَ عُقْبَى

अन्जाम	यह	और उस का साया	दाइम	उस के फल	नहरें	उस के नीचे	बहती हैं

الَّذِيْنَ اتَّقَوْا ڰ وَّعُقْبَى الْكٰفِرِيْنَ النَّارُ ﴿٣٥﴾ وَالَّذِيْنَ اٰتَيْنٰهُمُ

हम ने उन्हें दी	और वह लोग जो	35	जहन्नम	काफ़िरों	और अन्जाम	परहेज़गारों (जमा)

الْكِتٰبَ يَفْرَحُوْنَ بِمَآ اُنْزِلَ اِلَيْكَ وَمِنَ الْاَحْزَابِ مَنْ يُّنْكِرُ

इन्कार करते हैं	जो	गिरोह	और बाज़	तुम्हारी तरफ़	नाज़िल किया गया	उस से जो	वह ख़ुश होते हैं	किताब

بَعْضَهٗ ۭ قُلْ اِنَّمَآ اُمِرْتُ اَنْ اَعْبُدَ اللّٰهَ وَلَآ اُشْرِكَ بِهٖ ۭ اِلَيْهِ

उस की तरफ़	उस का	और न शरीक ठहराऊं	अल्लाह	मैं इबादत करूँ	कि	मुझे हुक्म दिया गया	इस के सिवा नहीं	आप कहदें	उस की बाज़

اَدْعُوْا وَاِلَيْهِ مَاٰبِ ﴿٣٦﴾ وَكَذٰلِكَ اَنْزَلْنٰهُ حُكْمًا عَرَبِيًّا ۭ وَلَىِٕنِ

और अगर	अरबी ज़बान में	हुक्म	हम ने उस को नाज़िल किया	और उसी तरह	36	मेरा ठिकाना	और उसी की तरफ़	मैं बुलाता हूँ

اتَّبَعْتَ اَهْوَآءَهُمْ بَعْدَ مَا جَآءَكَ مِنَ الْعِلْمِ ۙ مَا لَكَ مِنَ اللّٰهِ

अल्लाह से	तेरे लिए नहीं	इल्म (वहि)	जब कि तेरे पास आगया	बाद	उन की ख़्वाहिशात	तू ने पैरवी की

ع ٥/٦ ١١ مِنْ وَّلِيٍّ وَّلَا وَاقٍ ﴿٣٧﴾ ع وَلَقَدْ اَرْسَلْنَا رُسُلًا مِّنْ قَبْلِكَ

तुम से पहले	रसूल (जमा)	और अलबत्ता हम ने भेजे	37	और न कोई बचाने वाला	कोई हिमायती

وَجَعَلْنَا لَهُمْ اَزْوَاجًا وَّذُرِّيَّةً ۭ وَمَا كَانَ لِرَسُوْلٍ اَنْ يَّاْتِيَ

लाए	कि	किसी रसूल के लिए	और नहीं हुआ	और औलाद	बीवियां	उन को	और हम ने दी

بِاٰيَةٍ اِلَّا بِاِذْنِ اللّٰهِ ۭ لِكُلِّ اَجَلٍ كِتَابٌ ﴿٣٨﴾ يَمْحُوا اللّٰهُ مَا يَشَآءُ

जो वह चाहता है	मिटा देता है अल्लाह	38	एक तहरीर	हर वादे के लिए	अल्लाह की इजाज़त से	बग़ैर	कोई निशानी

وَيُثْبِتُ ښ وَعِنْدَهٗٓ اُمُّ الْكِتٰبِ ﴿٣٩﴾ وَاِنْ مَّا نُرِيَنَّكَ بَعْضَ

कुछ हिस्सा	तुम्हें दिखा दें हम	और अगर	39	अस्ल किताब (लौहे महफ़ूज़)	उस के पास	और बाक़ी रखता है

الَّذِيْ نَعِدُهُمْ اَوْ نَتَوَفَّيَنَّكَ فَاِنَّمَا عَلَيْكَ الْبَلٰغُ وَعَلَيْنَا

और हम पर (हमारा काम)	पहुँचाना	तुम पर (तुम्हारे ज़िम्मे)	तो इस के सिवा नहीं	हम तुम्हें वफ़ात दें	या	हम ने उन से वादा किया	वह जो कि

الْحِسَابُ ﴿٤٠﴾ اَوَلَمْ يَرَوْا اَنَّا نَاْتِي الْاَرْضَ نَنْقُصُهَا مِنْ اَطْرَافِهَا ۭ

उस के किनारे	से	उस को घटाते	ज़मीन	कि हम चले आते हैं	क्या वह नहीं देखते	40	हिसाब लेना

وَاللّٰهُ يَحْكُمُ لَا مُعَقِّبَ لِحُكْمِهٖ ۭ وَهُوَ سَرِيْعُ الْحِسَابِ ﴿٤١﴾

41	हिसाब लेने वाला	जल्द	और वह	उस के हुक्म को	कोई पीछे डालने वाला नहीं	हुक्म फ़रमाता है	और अल्लाह

उन के लिए दुनिया की ज़िन्दगी में अ़ज़ाब है, अलबत्ता आख़िरत का अ़ज़ाब निहायत तक्लीफ़देह है और उन के लिए कोई अल्लाह से बचाने वाला नहीं। **(34)**
और उस जन्नत की कैफ़ियत जिस का परहेज़गारों से वादा किया गया है (यह है) उस के नीचे नहरें बहती हैं, उस के फल दाइम (हमेशा) हैं और उस का साया (भी) यह है अन्जाम परहेज़गारों का, और काफ़िरों का अन्जाम जहन्नम है। **(35)**
और जिन लोगों को हम ने दी है किताब (अहले किताब) वह उस से ख़ुश होते हैं जो तुम्हारी तरफ़ उतारा गया, और बाज़ गिरोह उस की बाज़ (बातों) का इन्कार करते हैं। आप (स) कहदें उस के सिवा नहीं कि मुझे हुक्म दिया गया है कि मैं अल्लाह की इबादत करूँ, और उस का शरीक न ठहराऊं, मैं उस की तरफ़ बुलाता हूँ और उसी की तरफ़ मेरा ठिकाना है। **(36)**
और उसी तरह हम ने इस (क़ुरआन) को अरबी ज़बान में हुक्म नाज़िल किया है, और अगर तू ने उन की ख़्वाहिशात की पैरवी की उस के बाद जब कि तेरे पास आगया इल्म, न तेरे लिए अल्लाह से (अल्लाह के सामने) कोई हिमायती होगा, न कोई बचाने वाला। **(37)**
और अलबत्ता हम ने रसूल भेजे तुम से पहले, और हम ने उन को दी बीवियां और औलाद, और किसी रसूल के लिए (इख़्तियार में) नहीं हुआ कि वह लाए कोई निशानी अल्लाह की इजाज़त के बग़ैर, हर वादे के लिए एक तहरीर है। **(38)**
और अल्लाह जो चाहता है मिटा देता है और बाक़ी रखता है (जो वह चाहता है) और उस के पास लौहे महफ़ूज़ है। **(39)**
और अगर हम तुम्हें कुछ हिस्सा (उस अ़ज़ाब का) दिखा दें जिस का हम ने उन से वादा किया है, या तुम्हें वफ़ात दे दें, तो इस के सिवा नहीं कि तुम्हारे ज़िम्मे पहुँचाना है और हिसाब लेना हमारा काम है। **(40)**
क्या वह नहीं देखते? कि हम चले आते हैं ज़मीन को उस के किनारों से घटाते, और अल्लाह हुक्म फ़रमाता है, कोई उस के हुक्म को पीछे डालने वाला नहीं, और वह तेज़ हिसाब लेने वाला है। **(41)**

وَقَدْ مَكَرَ الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ فَلِلّٰهِ الْمَكْرُ جَمِيْعًا ط يَعْلَمُ

वह जानता है	सब	चाल (तदबीर)	तो अल्लाह के लिए	उन से पहले	उन लोगों ने जो	और चालें चलीं

مَا تَكْسِبُ كُلُّ نَفْسٍ ط وَسَيَعْلَمُ الْكُفّٰرُ لِمَنْ عُقْبَى الدَّارِ ﴿٤٢﴾

42	आक़िबत का घर	किस के लिए	काफ़िर	और अ़नक़रीब जान लेंगे	हर नफ़्स (शख़्स)	जो कमाता है

وَيَقُوْلُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا لَسْتَ مُرْسَلًا ط قُلْ كَفٰى بِاللّٰهِ شَهِيْدًاۢ

गवाह	अल्लाह	काफ़ी है	आप (स) कहदें	रसूल	तू नहीं	जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)	और कहते हैं

بَيْنِيْ وَبَيْنَكُمْ لا وَمَنْ عِنْدَهٗ عِلْمُ الْكِتٰبِ ع ﴿٤٣﴾ ع ٦ ١٢

43	किताब का इल्म	उस के पास	और जो	और तुम्हारे दरमियान	मेरे दरमियान

آيَاتُهَا ٥٢ ❀ (١٤) سُوْرَةُ اِبْرٰهِيْمَ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٧

रुकूआत 7 — (14) सूरह इब्राहीम — आयात 52

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

الٓرٰ قف كِتٰبٌ اَنْزَلْنٰهُ اِلَيْكَ لِتُخْرِجَ النَّاسَ مِنَ الظُّلُمٰتِ اِلَى النُّوْرِ ۙ

नूर की तरफ़	अन्धेरों से	लोग	ताकि तुम निकालो	तुम्हारी तरफ़	हम ने उस को उतारा	एक किताब	अलिफ़ लाम रा

بِاِذْنِ رَبِّهِمْ اِلٰى صِرَاطِ الْعَزِيْزِ الْحَمِيْدِ ۙ﴿١﴾ اللّٰهِ الَّذِيْ لَهٗ مَا

जो कुछ	उसी के लिए	वह जो कि	अल्लाह	1	ख़ूबियों वाला	ज़बरदस्त	रास्ता	तरफ़	उन का रब	हुक्म से

فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ط وَوَيْلٌ لِّلْكٰفِرِيْنَ مِنْ عَذَابٍ شَدِيْدِ ۙ﴿٢﴾

2	सख़्त	अ़ज़ाब	से	काफ़िरों के लिए	और ख़राबी	ज़मीन में	और जो कुछ	आस्मानों में

اِلَّذِيْنَ يَسْتَحِبُّوْنَ الْحَيٰوةَ الدُّنْيَا عَلَى الْاٰخِرَةِ وَيَصُدُّوْنَ عَنْ

से	और रोकते हैं	आख़िरत पर	दुनिया	ज़िन्दगी	पसन्द करते हैं	वह जो कि

سَبِيْلِ اللّٰهِ وَيَبْغُوْنَهَا عِوَجًا ط اُولٰٓئِكَ فِيْ ضَلٰلٍۢ بَعِيْدٍ ﴿٣﴾

3	दूर	गुमराही	में	वही लोग	कजी	और उस में ढून्डते हैं	अल्लाह का रास्ता

وَمَآ اَرْسَلْنَا مِنْ رَّسُوْلٍ اِلَّا بِلِسَانِ قَوْمِهٖ لِيُبَيِّنَ لَهُمْ ط فَيُضِلُّ اللّٰهُ

फिर गुमराह करता है अल्लाह	उन के लिए	ताकि खोल कर बयान करदे	उस की क़ौम की	ज़बान में	मगर	कोई रसूल	और हम ने नहीं भेजा

مَنْ يَّشَآءُ وَيَهْدِيْ مَنْ يَّشَآءُ ط وَهُوَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ﴿٤﴾

4	हिक्मत वाला	ग़ालिब	और वह	जिस को चाहता है	और हिदायत देता है	जिस को वह चाहता है

وَلَقَدْ اَرْسَلْنَا مُوْسٰى بِاٰيٰتِنَآ اَنْ اَخْرِجْ قَوْمَكَ مِنَ الظُّلُمٰتِ اِلَى النُّوْرِ ۙ

नूर की तरफ़	अन्धेरों से	अपनी क़ौम	तू निकाल	कि	अपनी निशानियों के साथ	मूसा (अ)	और अलबत्ता हम ने भेजा

وَذَكِّرْهُمْ بِاَيّٰىمِ اللّٰهِ ط اِنَّ فِيْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّكُلِّ صَبَّارٍ شَكُوْرٍ ﴿٥﴾

5	शुक्र गुज़ार	हर सब्र करने वाले के लिए	अलबत्ता निशानियां	उस	में	बेशक	अल्लाह के दिन	और याद दिला उन्हें

और जो उन से पहले थे उन्हों ने चालें चलीं तो सारी चाल तो अल्लाह ही की है, वह जानता है जो कमाता है हर शख़्स, और अ़नक़रीब काफ़िर जान लेंगे आक़िबत का घर किस के लिए है। **(42)** और काफ़िर कहते हैं: तू रसूल नहीं, आप (स) कह दें, मेरे और तुम्हारे दरमियान अल्लाह गवाह काफ़ी है, और वह जिस के पास किताब का इल्म है। **(43)**

अल्लाह के नाम से जो निहायत मेहरबान, रहम करने वाला है

अलिफ़-लाम-रा - यह एक किताब है, हम ने तुम्हारी तरफ़ उतारी, ताकि तुम लोगों को निकालो उन के रब के हुक्म से अन्धेरों से नूर की तरफ़, ग़ालिब, ख़ूबियों वाले अल्लाह के रास्ते की तरफ़, **(1)** उसी के लिए है जो कुछ आस्मानों में है और ज़मीन में है, और काफ़िरों के लिए सख़्त अ़ज़ाब से ख़राबी है। **(2)** जो दुनिया की ज़िन्दगी को पसन्द करते हैं आख़िरत पर, और अल्लाह के रास्ते से रोकते हैं, और उस में कजी ढून्डते हैं, यही लोग दूर की गुमराही में हैं। **(3)** और हम ने कोई रसूल नहीं भेजा मगर उस की क़ौम की ज़बान में, ताकि वह उन के लिए (अल्लाह के अहकाम) खोल कर बयान कर दे फिर अल्लाह जिस को चाहता है गुमराह करता है, और जिस को चाहता है हिदायत देता है, और वह ग़ालिब, हिक्मत वाला है। **(4)** और अलबत्ता हम ने मूसा (अ) को अपनी निशानियों के साथ भेजा कि अपनी क़ौम को अन्धेरों से रोशनी की तरफ़ निकाल, और उन्हें अल्लाह के (अज़ीम वाक़िआत के) दिन याद दिला, बेशक उस में हर इन्तिहाई सब्र करने वाले, शुक्र गुज़ार के लिए निशानियां हैं। **(5)**

وَاِذْ قَالَ مُوْسٰى لِقَوْمِهِ اذْكُرُوْا نِعْمَةَ اللّٰهِ عَلَيْكُمْ

अपने ऊपर	अल्लाह की नेमत	तुम याद करो	अपनी क़ौम को	मूसा (अ)	कहा	और जब

اِذْ اَنْجٰكُمْ مِّنْ اٰلِ فِرْعَوْنَ يَسُوْمُوْنَكُمْ سُوْٓءَ الْعَذَابِ

बुरा अ़ज़ाब	वह तुम्हें पहुँचाते थे	फ़िरऔ़न की क़ौम	से	जब उस ने नजात दी तुम्हें

وَيُذَبِّحُوْنَ اَبْنَآءَكُمْ وَيَسْتَحْيُوْنَ نِسَآءَكُمْ ؕ وَفِيْ ذٰلِكُمْ بَلَآءٌ

आज़माइश	उस	और में	तुम्हारी औरतें	और ज़िन्दा छोड़ते थे	तुम्हारे बेटे	और ज़ुबह करते थे

ع ٦ ١٣ مِّنْ رَّبِّكُمْ عَظِيْمٌ ﴿٦﴾ وَاِذْ تَاَذَّنَ رَبُّكُمْ لَىِٕنْ شَكَرْتُمْ

तुम शुक्र करोगे	अलबत्ता अगर	तुम्हारा रब	और जब आगाह किया	6	बड़ी	तुम्हारा रब	से

لَاَزِيْدَنَّكُمْ وَلَىِٕنْ كَفَرْتُمْ اِنَّ عَذَابِيْ لَشَدِيْدٌ ﴿٧﴾ وَقَالَ

और कहा	7	बड़ा सख़्त	मेरा अ़ज़ाब	बेशक	तुम ने नाशुक्री की	और अलबत्ता अगर	तो मैं ज़रूर तुम्हें और ज़ियादा दूंगा

مُوْسٰٓى اِنْ تَكْفُرُوْٓا اَنْتُمْ وَمَنْ فِى الْاَرْضِ جَمِيْعًا ۙ فَاِنَّ اللّٰهَ

तो बेशक अल्लाह	सब	ज़मीन में	और जो	तुम	नाशुक्री करोगे	अगर	मूसा (अ)

ع ٦ عند المتقدمين ١٢ لَغَنِيٌّ حَمِيْدٌ ﴿٨﴾ اَلَمْ يَاْتِكُمْ نَبَؤُا الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِكُمْ

तुम से पहले	वह लोग जो	ख़बर	क्या तुम्हें नहीं आई	8	सब ख़ूबियों वाला	बेनियाज़

قَوْمِ نُوْحٍ وَّعَادٍ وَّثَمُوْدَ ۬ؕ وَالَّذِيْنَ مِنْۢ بَعْدِهِمْ ؕ لَا يَعْلَمُهُمْ

उन की ख़बर नहीं	उन के बाद	और वह जो	और समूद	और आ़द	नूह (अ) की क़ौम

اِلَّا اللّٰهُ ؕ جَآءَتْهُمْ رُسُلُهُمْ بِالْبَيِّنٰتِ فَرَدُّوْٓا اَيْدِيَهُمْ

अपने हाथ	तो उन्हों ने लौटाए	निशानियों के साथ	उन के रसूल	उन के पास आए	अल्लाह के सिवाए

فِيْٓ اَفْوَاهِهِمْ وَقَالُوْٓا اِنَّا كَفَرْنَا بِمَآ اُرْسِلْتُمْ بِهٖ

उस के साथ	तुम्हें भेजा गया	वह जो	बेशक हम नहीं मानते	और वह बोले	उन के मुँह	में

الثلثة وَاِنَّا لَفِيْ شَكٍّ مِّمَّا تَدْعُوْنَنَآ اِلَيْهِ مُرِيْبٍ ﴿٩﴾ قَالَتْ رُسُلُهُمْ

उन के रसूल	कहा	9	तरद्दुद में डालते हुए	उस की तरफ़	तुम हमें बुलाते हो	उस से जो	शक	अलबत्ता में	और बेशक हम

اَفِي اللّٰهِ شَكٌّ فَاطِرِ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ يَدْعُوْكُمْ

वह तुम्हें बुलाता है	और ज़मीन	आस्मानों	बनाने वाला	शुबाह - शक	क्या अल्लाह में

لِيَغْفِرَ لَكُمْ مِّنْ ذُنُوْبِكُمْ وَيُؤَخِّرَكُمْ اِلٰٓى اَجَلٍ مُّسَمًّى ؕ

एक मुद्दत मुक़र्ररा	तक	और मोहलत दे तुम्हें	तुम्हारे गुनाह	से (कुछ)	ता कि बख़्शदे तुम्हें

قَالُوْٓا اِنْ اَنْتُمْ اِلَّا بَشَرٌ مِّثْلُنَا ؕ تُرِيْدُوْنَ اَنْ تَصُدُّوْنَا

हमें रोक दो	कि	तुम चाहते हो	हम जैसे	बशर	सिर्फ़	तुम	नहीं	वह बोले

عَمَّا كَانَ يَعْبُدُ اٰبَآؤُنَا فَاْتُوْنَا بِسُلْطٰنٍ مُّبِيْنٍ ﴿١٠﴾

10	रौशन	दलील, मोजिज़ा	पस लाओ हमारे पास	हमारे बाप दादा	पूजते थे	उस से जो

और (याद करो) जब कहा मूसा (अ) ने अपनी क़ौम को, तुम अपने ऊपर अल्लाह की नेमत याद करो, जब उस ने तुम्हें फ़िरऔ़न की क़ौम से नजात दी, वह तुम्हें बुरा अ़ज़ाब पहुँचाते थे, और तुम्हारे बेटों को ज़ुबह करते थे, और तुम्हारी औ़रतों (लड़कियों) को ज़िन्दा छोड़ देते थे, और उस में तुम्हारे रब की तरफ़ से बड़ी आज़माइश थी। (6)

और जब तुम्हारे रब ने आगाह किया, अलबत्ता अगर तुम शुक्र करोगे तो मैं ज़रूर तुम्हें और ज़ियादा दूंगा, अलबत्ता अगर तुम ने नाशुक्री की तो बेशक मेरा अ़ज़ाब बड़ा सख़्त है। (7)

और मूसा (अ) ने कहा अगर नाशुक्री करोगे तुम और जो ज़मीन में है सब के सब, तो बेशक अल्लाह बेनियाज़, सब ख़ूबियों वाला है। (8)

क्या तुम्हें उन लोगों की ख़बर नहीं आई जो तुम से पहले थे (मिसल के लिए) क़ौमे नूह (अ), आ़द और समूद, और वह जो उन के बाद हुए, उन की ख़बर (किसी को) नहीं अल्लाह के सिवा, उन के पास उन के रसूल निशानियों के साथ आए, तो उन्हों ने अपने हाथ उन के मुँह में लौटाए (ख़ामोश कर दिया) और बोले तुम्हें जिस (रिसालत) के साथ भेजा गया है हम नहीं मानते, और अलबत्ता तुम हमें जिस की तरफ़ बुलाते हो हम शक में हैं तरद्दुद में डालते हुए। (9)

उन के रसूलों ने कहा क्या तुम्हें ज़मीन और आस्मान के बनाने वाले अल्लाह के बारे में शक है? वह तुम्हें बुलाता है ताकि तुम्हारे कुछ गुनाह बख़्श दे, और एक मुद्दत मुक़र्ररा तक तुम्हें मोहलत दे, वह बोले नहीं तुम सिर्फ़ हम जैसे बशर हो, तुम चाहते हो कि हमें रोक दो जिन को हमारे बाप दादा पूजते थे, पस हमारे पास रौशन दलील (मोजिज़ा) लाओ। (10)

उन के रसूलों ने उन से कहा (बेशक) हम सिर्फ़ तुम जैसे बशर हैं लेकिन अल्लाह अपने बन्दों में से जिस पर चाहे एहसान करता है, और हमारे लिए (हमारा काम) नहीं कि हम अल्लाह के हुक्म के बग़ैर तुम्हारे पास कोई दलील (मोजिज़ा) लाएं, और मोमिनों को अल्लाह पर ही भरोसा करना चाहिए। (11)

और हमे किया हुआ? कि हम अल्लाह पर भरोसा न करें, और उस ने हमें हमारी राहें दिखा दी हैं, और तुम हमें जो ईज़ा देते हो हम उस पर ज़रूर सब्र करेंगे, और भरोसा करने वालों को अल्लाह पर ही भरोसा करना चाहिए। (12)

और काफ़िरों ने अपने रसूलों से कहा हम तुम्हें ज़रूर निकाल देंगे अपनी ज़मीन (मुल्क) से, या तुम हमारे दीन में लौट आओ तो उन के रब ने उन की तरफ़ वहि भेजी कि हम ज़ालिमों को ज़रूर हलाक कर देंगे। (13)

और अलबत्ता हम तुम्हें उन के बाद ज़मीन में ज़रूर आबाद कर देंगे, यह इस लिए है जो डरा मेरे रूबरू खड़ा होने से, और डरा मेरे एलाने अज़ाब से। (14)

और उन्हों ने (अंबिया ने) फ़तह मांगी, और नामुराद हुआ हर सरकश, ज़िद्दी। (15)

उस के पीछे जहन्नम है, और उसे पीप का पानी पिलाया जाएगा। (16)

वह उसे घूंट घूंट पिएगा, और उसे गले से न उतार सकेगा, और उसे मौत आएगी हर तरफ़ से और वह मरेगा नहीं, और उस के पीछे सख़्त अज़ाब है। (17)

उन लोगों की मिसाल जो अपने रब के मुन्किर हुए, उन के अमल राख की तरह हैं कि उस पर आन्धी के दिन ज़ोर की हवा चली (और सब उड़ा लेगई) जो उन्हों ने कमाया उन्हें उस से किसी चीज़ पर कुदरत न होगी, यही है दूर की (परले दरजे की) गुमराही। (18)

क्या तू ने नहीं देखा? कि अल्लाह ने आस्मानों और ज़मीन को पैदा किया हक़ के साथ (ठिक ठीक) अगर वह चाहे तुम्हें ले जाए और ले आए कोई नई मख़्लूक़। (19)

और यह अल्लाह पर कुछ दुश्वार नहीं। (20)

قَالَتْ لَهُمْ رُسُلُهُمْ اِنْ نَّحْنُ اِلَّا بَشَرٌ مِّثْلُكُمْ وَلٰكِنَّ اللّٰهَ يَمُنُّ

एहसान करता है	अल्लाह	और लेकिन	तुम जैसे	बशर	सिर्फ़	हम	नहीं	उन के रसूल	उन से	कहा

عَلٰى مَنْ يَّشَآءُ مِنْ عِبَادِهٖ ؕ وَمَا كَانَ لَنَآ اَنْ نَّاْتِيَكُمْ بِسُلْطٰنٍ

कोई दलील	तुम्हारे पास लाएं	कि	हमारे लिए	और नहीं है	अपने बन्दे	से	जिस पर चाहे

اِلَّا بِاِذْنِ اللّٰهِ ؕ وَعَلَى اللّٰهِ فَلْيَتَوَكَّلِ الْمُؤْمِنُوْنَ ﴿١١﴾ وَمَا لَنَآ

हमारे लिए	और क्या	11	मोमिन (जमा)	पस भरोसा करना चाहिए	और अल्लाह पर	अल्लाह के हुक्म से	मगर (बग़ैर)

اَلَّا نَتَوَكَّلَ عَلَى اللّٰهِ وَقَدْ هَدٰىنَا سُبُلَنَا ؕ وَلَنَصْبِرَنَّ عَلٰى مَآ

जो	पर	और हम ज़रूर सब्र करेंगे	हमारी राहें	और उस ने हमें दिखा दीं	अल्लाह पर	कि हम न भरोसा करें

اٰذَيْتُمُوْنَا ؕ وَعَلَى اللّٰهِ فَلْيَتَوَكَّلِ الْمُتَوَكِّلُوْنَ ﴿١٢﴾ وَقَالَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا ع ٢ ١٤

जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)	और कहा	12	भरोसा करने वाले	पस भरोसा करना चाहिए	और अल्लाह पर	तुम हमे ईज़ा देते हो

لِرُسُلِهِمْ لَنُخْرِجَنَّكُمْ مِّنْ اَرْضِنَآ اَوْ لَتَعُوْدُنَّ فِيْ مِلَّتِنَا ؕ

हमारे दीन में	तुम लौट आओ	या	अपनी ज़मीन	से	ज़रूर हम तुम्हें निकाल देंगे	अपने रसूलों को

فَاَوْحٰٓى اِلَيْهِمْ رَبُّهُمْ لَنُهْلِكَنَّ الظّٰلِمِيْنَ ﴿١٣﴾ وَلَنُسْكِنَنَّكُمُ الْاَرْضَ

ज़मीन	और अलबत्ता हम तुम्हें आबाद करदेंगे	13	ज़ालिम (जमा)	ज़रूर हम हलाक कर देंगे	उन का रब	उन की तरफ़	तो वहि भेजी

مِنْۢ بَعْدِهِمْ ؕ ذٰلِكَ لِمَنْ خَافَ مَقَامِيْ وَخَافَ وَعِيْدِ ﴿١٤﴾ وَاسْتَفْتَحُوْا

और उन्हों ने फ़तह मांगी	14	वईद (एलाने अज़ाब)	और डरा	मेरे रूबरू खड़ा होना	डरा	उस के लिए जो	यह	उन के बाद

وَخَابَ كُلُّ جَبَّارٍ عَنِيْدٍ ﴿١٥﴾ مِّنْ وَّرَآئِهٖ جَهَنَّمُ وَيُسْقٰى مِنْ مَّآءٍ

पानी	से	और उसे पिलाया जाएगा	जहन्नम	उस के पीछे	15	ज़िद्दी	सरकश	हर	और नामुराद हुआ

صَدِيْدٍ ﴿١٦﴾ يَّتَجَرَّعُهٗ وَلَا يَكَادُ يُسِيْغُهٗ وَيَاْتِيْهِ الْمَوْتُ مِنْ

से	मौत	और आएगी उसे	गले से उतार सकेगा उसे	और न	उसे घूंट घूंट पिएगा	16	पीप वाला

كُلِّ مَكَانٍ وَّمَا هُوَ بِمَيِّتٍ ؕ وَمِنْ وَّرَآئِهٖ عَذَابٌ غَلِيْظٌ ﴿١٧﴾ مَثَلُ

मिसाल	17	सख़्त	अज़ाब	और उस के पीछे	मरने वाला	और न वह	हर तरफ़

الَّذِيْنَ كَفَرُوْا بِرَبِّهِمْ اَعْمَالُهُمْ كَرَمَادِ ِۨاشْتَدَّتْ بِهِ الرِّيْحُ فِيْ يَوْمٍ عَاصِفٍ ؕ

आन्धी वाला	दिन	में	हवा	उस पर	ज़ोर की चली	राख की तरह	उन के अमल	अपने रब के	वह लोग जो मुन्किर हुए

لَا يَقْدِرُوْنَ مِمَّا كَسَبُوْا عَلٰى شَيْءٍ ؕ ذٰلِكَ هُوَ الضَّلٰلُ الْبَعِيْدُ ﴿١٨﴾

18	दूर	गुमराही	वह	यह	किसी चीज़ पर	उन्हों ने कमाया	उस से जो	उन्हें कुदरत न होगी

اَلَمْ تَرَ اَنَّ اللّٰهَ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ بِالْحَقِّ ؕ اِنْ يَّشَاْ يُذْهِبْكُمْ

तुम्हें लेजाए	वह चाहे	अगर	हक़ के साथ	और ज़मीन	आस्मानों	पैदा किया	अल्लाह	कि	क्या तू ने न देखा

وَيَاْتِ بِخَلْقٍ جَدِيْدٍ ﴿١٩﴾ وَّمَا ذٰلِكَ عَلَى اللّٰهِ بِعَزِيْزٍ ﴿٢٠﴾

20	कुछ दुश्वार	अल्लाह पर	यह	और नहीं	19	नई	मख़्लूक़	और लाए

وَبَرَزُوْا لِلّٰهِ جَمِيْعًا فَقَالَ الضُّعَفٰٓؤُا لِلَّذِيْنَ اسْتَكْبَرُوْٓا اِنَّا كُنَّا

बेशक हम थे	बड़े बनते थे	उन लोगों से जो	कमज़ोर	फिर कहेंगे	सब	अल्लाह के आगे	और वह हाज़िर होंगे

لَكُمْ تَبَعًا فَهَلْ اَنْتُمْ مُّغْنُوْنَ عَنَّا مِنْ عَذَابِ اللّٰهِ مِنْ شَيْءٍ ؕ

किसी क़द्र	अल्लाह का अ़ज़ाब	से	हम से	दफ़ा करते हो	तुम	तो क्या	ताबे	तुम्हारे

قَالُوْا لَوْ هَدٰىنَا اللّٰهُ لَهَدَيْنٰكُمْ ؕ سَوَآءٌ عَلَيْنَآ اَجَزِعْنَآ اَمْ

या	ख़्वाह हम घबराएं	हम पर (हमारे लिए)	बराबर	अलबत्ता हम हिदायत करते तुम्हें	अल्लाह	हमें हिदायत करता	अगर	वह कहेंगे

ع ٣ ٩ ١٥ صَبَرْنَا مَا لَنَا مِنْ مَّحِيْصٍ ؏ (٢١) وَقَالَ الشَّيْطٰنُ لَمَّا قُضِيَ الْاَمْرُ

अमर	फ़ैसला हो गया	जब	शैतान	और बोला	21	कोई छुटकारा	नहीं हमारे लिए	हम सब्र करें

اِنَّ اللّٰهَ وَعَدَكُمْ وَعْدَ الْحَقِّ وَوَعَدْتُّكُمْ فَاَخْلَفْتُكُمْ ؕ وَمَا كَانَ

था	और न	फिर मैं ने उस के ख़िलाफ़ किया तुम से	और मैं ने वादा किया तुम से	सच्चा वादा	वादा किया तुम से	बेशक अल्लाह

لِيَ عَلَيْكُمْ مِّنْ سُلْطٰنٍ اِلَّآ اَنْ دَعَوْتُكُمْ فَاسْتَجَبْتُمْ لِيْ ۚ

मेरा	पस तुम ने कहा मान लिया	मैं ने बुलाया तुम्हें	यह कि	मगर	कोई ज़ोर	तुम पर	मेरा

فَلَا تَلُوْمُوْنِيْ وَلُوْمُوْٓا اَنْفُسَكُمْ ؕ مَآ اَنَا بِمُصْرِخِكُمْ وَمَآ اَنْتُمْ بِمُصْرِخِيَّ ؕ

फ़र्याद रसी कर सकते हो मेरी	तुम	और न	फ़र्याद रसी कर सकता तुम्हारी	नहीं मैं	अपने ऊपर	और इल्ज़ाम लगाओ तुम	लिहाज़ा न लगाओ मुझ पर इल्ज़ाम तुम

اِنِّيْ كَفَرْتُ بِمَآ اَشْرَكْتُمُوْنِ مِنْ قَبْلُ ؕ اِنَّ الظّٰلِمِيْنَ لَهُمْ

उन के लिए	ज़ालिम (जमा)	बेशक	उस से क़ब्ल	तुम ने शरीक बनाया मुझे	उस से जो	बेशक मैं इन्कार करता हूँ

عَذَابٌ اَلِيْمٌ (٢٢) وَاُدْخِلَ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ

नेक	और उन्हों ने अ़मल किए	जो लोग ईमान लाए	और दाख़िल किए गए	22	दर्दनाक अ़ज़ाब

جَنّٰتٍ تَجْرِيْ مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا بِاِذْنِ رَبِّهِمْ ؕ

अपना रब	हुक्म से	उस में	वह हमेशा रहेंगे	नहरें	उन के नीचे	बहती हैं	बाग़ात

تَحِيَّتُهُمْ فِيْهَا سَلٰمٌ (٢٣) اَلَمْ تَرَ كَيْفَ ضَرَبَ اللّٰهُ مَثَلًا

मिसाल	बयान की अल्लाह ने	कैसी	क्या तुम ने नहीं देखा	23	सलाम	उस में	उन का तुह्फ़ा-ए-मुलाक़ात

كَلِمَةً طَيِّبَةً كَشَجَرَةٍ طَيِّبَةٍ اَصْلُهَا ثَابِتٌ وَّفَرْعُهَا فِي السَّمَآءِ ۙ (٢٤)

24	आस्मान	में	और उस की शाख़	मज़बूत	उस की जड़	पाकीज़ा	जैसे दरख़्त	कलिमाए तय्यबा (पाक बात)

تُؤْتِيْٓ اُكُلَهَا كُلَّ حِيْنٍۢ بِاِذْنِ رَبِّهَا ؕ وَيَضْرِبُ اللّٰهُ الْاَمْثَالَ

मिसाल	अल्लाह	और बयान करता है	अपना रब	हुक्म से	हर वक़्त	अपना फल	वह देता है

لِلنَّاسِ لَعَلَّهُمْ يَتَذَكَّرُوْنَ (٢٥) وَمَثَلُ كَلِمَةٍ خَبِيْثَةٍ

नापाक बात	और मिसाल	25	वह ग़ौर ओ फ़िक्र करें	ताकि वह	लोगों के लिए

كَشَجَرَةٍ خَبِيْثَةِ اجْتُثَّتْ مِنْ فَوْقِ الْاَرْضِ مَا لَهَا مِنْ قَرَارٍ (٢٦)

26	कुछ भी क़रार	नहीं उस के लिए	ज़मीन	ऊपर	से	उखाड़ दिया गया	मानिंद दरख़्त नापाक

वह सब अल्लाह के आगे हाज़िर होंगे, फिर कहेंगे कमज़ोर उन लोगों से जो बड़े बनते थे, बेशक हम तुम्हारे ताबे थे तो क्या तुम हम से दफ़ा कर सकते हो? किसी क़द्र अल्लाह का अ़ज़ाब, वह कहेंगे अगर अल्लाह हमें हिदायत करता तो अलबत्ता हम तुम्हें हिदायत करते, अब हमारे लिए बराबर है हम घबराएं या सब्र करें, हमारे लिए कोई छुटकारा नहीं। (21)

और (रोज़े हिसाब) जब तमाम अमूर (कामों) का फ़ैसला हो गया शैतान बोला बेशक अल्लाह ने तुम से सच्चा वादा किया था, और मैं ने (भी) तुम से वादा किया, फिर मैं ने तुम से उस के ख़िलाफ़ किया, और न था मेरा तुम पर कोई ज़ोर, मगर यह कि मैं ने तुम्हें बुलाया, और तुम ने मेरा कहा मान लिया, लिहाज़ा तुम मुझ पर कुछ इल्ज़ाम न लगाओ, इल्ज़ाम अपने ऊपर लगाओ, न मैं तुम्हारी फ़र्याद रसी कर सकता हूँ और न तुम मेरी फ़र्याद रसी कर सकते हो, बेशक मैं इन्कार करता हूँ उस का जो तुम ने इस से क़ब्ल मुझे शरीक बनाया, बेशक ज़ालिमों के लिए दर्दनाक अ़ज़ाब है। (22)

और दाख़िल किए गए वह लोग जो ईमान लाए और उन्हों ने नेक अ़मल किए बाग़ात में, उन के नीचे नहरें बहती हैं, वह हमेशा रहेंगे उस में अपने रब के हुक्म से, उस में उन का तुह्फ़ाए मुलाक़ात "सलाम" है। (23)

क्या तुम ने नहीं देखा? अल्लाह ने कैसी मिसाल बयान की है पाक बात की? जैसे पाकीज़ा पेड़, उस की जड़ मज़बूत और उस की शाख़ आस्मान में, (24)

वह देता है हर वक़्त अपना फल अपने रब के हुक्म से, और अल्लाह लोगों के लिए मिसालें बयान करता है, ताकि वह ग़ौर ओ फ़िक्र करें। (25)

और नापाक बात की मिसाल नापाक पेड़ की तरह है जिसे ज़मीन के ऊपर से उखाड़ दिया गया, उस के लिए कुछ भी क़रार नहीं। (26)

يُثَبِّتُ اللّٰهُ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا بِالْقَوْلِ الثَّابِتِ فِى الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا

दुनिया की ज़िन्दगी	में	मज़बूत	बात से	वह लोग जो ईमान लाए (मोमिन)	अल्लाह	मज़बूत रखता है

وَفِى الْاٰخِرَةِ ۚ وَيُضِلُّ اللّٰهُ الظّٰلِمِيْنَ ۙۗ وَيَفْعَلُ اللّٰهُ مَا يَشَآءُ ؏ ٢٧ ع ٦ ١٦

27	जो चाहता है	अल्लाह	और करता है	ज़ालिम (जमा)	अल्लाह	और भटका देता है	और आख़िरत में

اَلَمْ تَرَ اِلَى الَّذِيْنَ بَدَّلُوْا نِعْمَتَ اللّٰهِ كُفْرًا وَّاَحَلُّوْا قَوْمَهُمْ

अपनी क़ौम	और उतारा	नाशुक्री से	अल्लाह की नेमत	बदल दिया	वह जिन्हों ने	को	क्या तुम ने नहीं देखा

دَارَ الْبَوَارِ ۙ ٢٨ جَهَنَّمَ ۚ يَصْلَوْنَهَا ۗ وَبِئْسَ الْقَرَارُ ٢٩ وَجَعَلُوْا لِلّٰهِ

और उन्हों ने ठहराए अल्लाह के लिए	29	ठिकाना	और बुरा	उस में दाख़िल होंगे	जहन्नम	28	तबाही का घर

اَنْدَادًا لِّيُضِلُّوْا عَنْ سَبِيْلِهٖ ۗ قُلْ تَمَتَّعُوْا فَاِنَّ مَصِيْرَكُمْ

तुम्हारा लौटना	फिर बेशक	फ़ाइदा उठा लो	कह दें	उस का रास्ता	से	ताकि वह गुमराह करें	शरीक

اِلَى النَّارِ ٣٠ قُلْ لِّعِبَادِىَ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا يُقِيْمُوا الصَّلٰوةَ

नमाज़	क़ाइम करें	ईमान लाए	वह जो कि	मेरे बन्दों से	कह दें	30	जहन्नम	तरफ़

وَيُنْفِقُوْا مِمَّا رَزَقْنٰهُمْ سِرًّا وَّعَلَانِيَةً مِّنْ قَبْلِ اَنْ يَّاْتِىَ

कि आजाए	उस से क़ब्ल	और ज़ाहिर	छुपा कर	हम ने उन्हें दिया	उस से जो	और ख़र्च करें

يَوْمٌ لَّا بَيْعٌ فِيْهِ وَلَا خِلٰلٌ ٣١ اَللّٰهُ الَّذِىْ خَلَقَ

उस ने पैदा किया	वह जो	अल्लाह	31	और न दोस्ती	उस में	न ख़रीद ओ फ़रोख़्त	वह दिन

السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ وَاَنْزَلَ مِنَ السَّمَآءِ مَآءً فَاَخْرَجَ بِهٖ

उस से	फिर निकाला	पानी	आस्मान से	और उतारा	और ज़मीन	आस्मान (जमा)

مِنَ الثَّمَرٰتِ رِزْقًا لَّكُمْ ۚ وَسَخَّرَ لَكُمُ الْفُلْكَ لِتَجْرِىَ فِى الْبَحْرِ

दर्या में	ताकि चले	कश्ती	तुम्हारे लिए	और मुसख़्ख़र किया	तुम्हारे लिए	रिज़्क़	फल (जमा)	से

بِاَمْرِهٖ ۚ وَسَخَّرَ لَكُمُ الْاَنْهٰرَ ٣٢ وَسَخَّرَ لَكُمُ الشَّمْسَ وَالْقَمَرَ

और चाँद	सूरज	तुम्हारे लिए	और मुसख़्ख़र किया	32	नहरें (नदियां)	तुम्हारे लिए	और मुसख़्ख़र किया	उस के हुक्म से

دَآئِبَيْنِ ۚ وَسَخَّرَ لَكُمُ الَّيْلَ وَالنَّهَارَ ٣٣ وَاٰتٰىكُمْ مِّنْ كُلِّ مَا

जो	हर चीज़	से	और उस ने तुम्हें दी	33	और दिन	रात	तुम्हारे लिए	और मुसख़्ख़र किया	एक दस्तूर पर चलने वाले

سَاَلْتُمُوْهُ ۗ وَاِنْ تَعُدُّوْا نِعْمَتَ اللّٰهِ لَا تُحْصُوْهَا ۗ اِنَّ الْاِنْسَانَ

इन्सान	बेशक	उसे शुमार में न लासकोगे	अल्लाह	नेमत	गिनने लगो तुम	और अगर	तुम ने उस से मांगी

لَظَلُوْمٌ كَفَّارٌ ٣٤ وَاِذْ قَالَ اِبْرٰهِيْمُ رَبِّ اجْعَلْ ع ٥ ١٧

बना दे	ऐ हमारे रब	इब्राहीम (अ)	कहा	और जब	34	नाशुक्रा	बेशक बड़ा ज़ालिम

هٰذَا الْبَلَدَ اٰمِنًا وَّاجْنُبْنِىْ وَبَنِىَّ اَنْ نَّعْبُدَ الْاَصْنَامَ ٣٥

35	बुत (जमा)	हम परस्तिश करें	कि	और मेरी औलाद	और मुझे दूर रख	अम्न की जगह	यह शहर

अल्लाह मोमिनों को मज़बूत बात से मज़बूत रखता है, दुनिया की ज़िन्दगी में और आख़िरत में (भी), और अल्लाह ज़ालिमों को भटका देता है, और अल्लाह करता है जो वह चाहता है। **(27)**

क्या तुम ने उन लोगों को नहीं देखा? जिन्हों ने अल्लाह की नेमत को नाशुक्री से बदल दिया, और अपनी क़ौम को उतारा तबाही के घर में। **(28)**

वह जहन्नम है वह उस में दाख़िल होंगे और वह बुरा ठिकाना है। **(29)**

और उन्हों ने अल्लाह के लिए शरीक ठहराए ताकि वह उस के रास्ते से गुमराह करें, आप (स) कह दें, फ़ाइदा उठा लो, बेशक तुम्हारा लौटना (बाज़गश्त) जहन्नम की तरफ़ है। **(30)**

आप (स) मेरे उन बन्दों से कह दें जो ईमान लाए कि वह नमाज़ क़ाइम करें और उस में से ख़र्च करें जो मैं ने उन्हें दिया है छुपा कर और ज़ाहिरी तौर पर, उस से क़ब्ल कि वह दिन आजाए जिस में न ख़रीद ओ फ़रोख़्त होगी और न दोस्ती। **(31)**

अल्लाह है जिस ने आस्मानों और ज़मीन को पैदा किया, और आस्मान से पानी उतारा, फिर उस से निकाला तुम्हारे लिए फलों से रिज़्क़, और तुम्हारे लिए कश्ती को मुसख़्ख़र (ताबे फ़रमान) किया ताकि उस (अल्लाह) के हुक्म से दर्या में चले और मुसख़्ख़र किया तुम्हारे लिए नहरों को। **(32)**

और तुम्हारे लिए मुसख़्ख़र किया सूरज और चाँद को कि वह एक दस्तूर पर चल रहे हैं, और तुम्हारे लिए मुसख़्ख़र किया रात और दिन को, **(33)**

और उस ने तुम्हें दी हर चीज़ जो तुम ने उस से मांगी, और अगर तुम अल्लाह की नेमत गिनने लगो तुम उसे शुमार में न लासकोगे, बेशक इन्सान बड़ा ज़ालिम, नाशुक्रा है। **(34)**

और जब इब्राहीम (अ) ने कहा ऐ हमारे रब! बनादे इस शहर को अम्न की जगह, और मुझे और मेरी औलाद को उस से दूर रख कि हम बुतों की परस्तिश करने लगें। **(35)**

رَبِّ اِنَّهُنَّ اَضْلَلْنَ كَثِيْرًا مِّنَ النَّاسِ ۚ فَمَنْ

पस जो - जिस	लोग	से	बहुत	उन्हों ने गुमराह किया	बेशक वह	ऐ मेरे रब

تَبِعَنِيْ فَاِنَّهٗ مِنِّيْ ۚ وَمَنْ عَصَانِيْ فَاِنَّكَ غَفُوْرٌ

बख़्शने वाला	तो बेशक तू	मेरी नाफ़रमानी की	और जो - जिस	मुझ से	बेशक वह	मेरी पैरवी की

رَّحِيْمٌ ﴿٣٦﴾ رَبَّنَآ اِنِّيْٓ اَسْكَنْتُ مِنْ ذُرِّيَّتِيْ بِوَادٍ غَيْرِ

बग़ैर	मैदान	अपनी ओलाद	से - कुछ	मैं ने बसाया	बेशक मैं	ऐ हमारे रब	36	निहायत मेहरबान

ذِيْ زَرْعٍ عِنْدَ بَيْتِكَ الْمُحَرَّمِ ۙ رَبَّنَا لِيُقِيْمُوا

ताकि क़ाइम करें	ऐ हमारे रब	एहतिराम वाला	तेरा घर	नज़्दीक	खेती वाली

الصَّلٰوةَ فَاجْعَلْ اَفْئِدَةً مِّنَ النَّاسِ تَهْوِيْٓ اِلَيْهِمْ

उन की तरफ़	वह माइल हों	लोग	से	दिल (जमा)	पस कर दे	नमाज़

وَارْزُقْهُمْ مِّنَ الثَّمَرٰتِ لَعَلَّهُمْ يَشْكُرُوْنَ ﴿٣٧﴾ رَبَّنَآ

ऐ हमारे रब	37	शुक्र करें	ताकि वह	फल (जमा)	से	और उन्हें रिज़्क़ दे

اِنَّكَ تَعْلَمُ مَا نُخْفِيْ وَمَا نُعْلِنُ ۭ وَمَا يَخْفٰى عَلَى اللّٰهِ

अल्लाह पर	छुपी हुई	और नहीं	हम ज़ाहिर करते हैं	और जो	जो हम छुपाते हैं	तू जानता है	बेशक तू

مِنْ شَيْءٍ فِي الْاَرْضِ وَلَا فِي السَّمَآءِ ﴿٣٨﴾ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِيْ

वह जो - जिस	अल्लाह के लिए	तमाम तारीफ़ें	38	आस्मान	में	और न	ज़मीन मे	चीज़	से - कोई

وَهَبَ لِيْ عَلَى الْكِبَرِ اِسْمٰعِيْلَ وَاِسْحٰقَ ۭ اِنَّ رَبِّيْ لَسَمِيْعُ

अलबत्ता सुनने वाला	मेरा रब	बेशक	और इस्हाक़ (अ)	इस्माइल (अ)	बुढ़ापा	पर - में	बख़्शा मुझे

الدُّعَآءِ ﴿٣٩﴾ رَبِّ اجْعَلْنِيْ مُقِيْمَ الصَّلٰوةِ وَمِنْ ذُرِّيَّتِيْ ڰ

मेरी औलाद	और से - को	नमाज़	क़ाइम करने वाला	मुझे बना	ऐ मेरे रब	39	दुआ

رَبَّنَا وَتَقَبَّلْ دُعَآءِ ﴿٤٠﴾ رَبَّنَا اغْفِرْ لِيْ وَلِوَالِدَيَّ

और मेरे माँ बाप को	मुझे बख़्शदे	ऐ हमारे रब	40	दुआ	और क़ुबूल फ़रमा	ऐ हमारे रब

ع ٦ ١٨ وَلِلْمُؤْمِنِيْنَ يَوْمَ يَقُوْمُ الْحِسَابُ ﴿٤١﴾ وَلَا تَحْسَبَنَّ

तुम हरगिज़ गुमान करना	और न	41	हिसाब	क़ाइम होगा	जिस दिन	और मोमिनों को

اللّٰهَ غَافِلًا عَمَّا يَعْمَلُ الظّٰلِمُوْنَ ڛ اِنَّمَا يُؤَخِّرُهُمْ

उन्हें मोहलत देता है	सिर्फ़	ज़ालिम (जमा)	वह करते हैं	उस से जो	बेख़बर	अल्लाह

لِيَوْمٍ تَشْخَصُ فِيْهِ الْاَبْصَارُ ﴿٤٢﴾ مُهْطِعِيْنَ مُقْنِعِيْ

उठाए हुए	वह दौड़ते होंगे	42	आँखें	उस में	खुली रह जाएगी	उस दिन तक

رُءُوْسِهِمْ لَا يَرْتَدُّ اِلَيْهِمْ طَرْفُهُمْ ۚ وَاَفْـِٕدَتُهُمْ هَوَآءٌ ﴿٤٣﴾

43	उड़े हुए	और उन के दिल	उन की निगाहें	उन की तरफ़	न लौट सकेंगी	अपने सर

ऐ मेरे रब! बेशक उन्हों ने बहुत से लोगों को गुमराह किया, पस जिस ने मेरी पैरवी की, बेशक वह मुझ से है, और जिस ने मेरी नाफ़रमानी की तो बेशक तू बख़्शने वाला निहायत मेहरबान है। (36)

ऐ हमारे रब! बेशक मैं ने अपनी कुछ औलाद को एक बग़ैर खेती वाले मैदान में बसाया है तेरे एहतिराम वाले घर के नज़्दीक, ऐ हमारे रब! ताकि वह नमाज़ क़ाइम करें, पस लोगों के दिलों को (ऐसा) कर दे कि वह उन की तरफ़ माइल हों, और उन्हें फलों से रिज़्क़ दे, ताकि वह शुक्र करें। (37)

ऐ हमरे रब! बेशक तू जानता है जो हम छुपाते हैं और जो ज़ाहिर करते हैं, और अल्लाह पर कोई चीज़ छुपी हुई नहीं ज़मीन में और न आस्मान में। (38)

तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए हैं, जिस ने मुझे बुढ़ापे में बख़्शा इस्माइल (अ) और इस्हाक़ (अ), बेशक मेरा रब दुआ सुनने वाला है। (39)

ऐ मेरे रब! मुझे बना नमाज़ क़ाइम करने वाला, और मेरी औलाद को भी, ऐ हमारे रब! मेरी दुआ क़ुबूल फ़रमा ले। (40)

ऐ हमारे रब! जिस दिन हिसाब क़ाइम होगा (रोज़े हिसाब) मुझे और मेरे माँ बाप को, और मोमिनों को बख़्शदे। (41)

और तुम हरगिज़ गुमान न करना कि अल्लाह उस से बेख़बर है जो वह ज़ालिम करते हैं। वह सिर्फ़ उन्हें उस दिन तक मोहलत देता है, जिस में खुली रह जाएगी आँखें। (42)

वह अपने सर (ऊपर को) उठाए हुए दौड़ते होंगे, उन की निगाहें उन की तरफ़ न लौट सकेंगी, और उन के दिल (ख़ौफ़ से) उड़े हुए होंगे। (43)

और लोगों को उस दिन से डराओ जब उन पर अ़ज़ाब आएगा, तो कहेंगे ज़ालिम, ऐ हमारे रब! हमें एक थोड़ी मुद्दत के लिए मोहलत देदे कि हम तेरी दावत क़ुबूल कर लें, और हम पैरवी करें रसूलों की, क्या तुम उस से क़ब्ल क़स्में न खाते थे? कि तुम्हारे लिए कोई ज़वाल नहीं। **(44)** और तुम रहे थे उन लोगों के घरों में जिन्हों ने अपनी जानों पर ज़ुल्म किया था, और तुम पर ज़ाहिर हो गया था कि हम ने उन से कैसा सुलूक किया और हम ने तुम्हारे लिए मिसालें बयान कीं। **(45)** और उन्हों नें अपने दाओ चले, और अल्लाह के आगे हैं उन के दाओ, अगरचे उन का दाओ ऐसा था कि उस से पहाड़ टल जाते। **(46)** पस तू हरगिज़ ख़याल न कर कि अल्लाह ख़िलाफ़ करेगा अपने रसूलों से अपना वादा, बेशक अल्लाह ज़बरदस्त बदला लेने वाला है। **(47)** जिस दिन (उस) ज़मीन से बदल दी जाएगी और ज़मीन और (बदले जाएंगे) आस्मान, और वह सब अल्लाह यकता सख़्त क़हर वाले के आगे निकल खड़े होंगे। **(48)** और तू देखेगा मुज्रिम उस दिन बाहम ज़न्जीरों में जकड़े होंगे। **(49)** उन के कुर्ते गन्धक के होंगे, और आग उन के चहरे ढांपे होगी। **(50)** ताकि अल्लाह हर जान को उस की कमाई (आमाल) का बदला दे, बेशक अल्लाह तेज़ हिसाब लेने वाला है। **(51)** यह (क़ुरआन) लोगों के लिए पैग़ाम है, और ताकि वह उस से डराए जाएं, और ताकि वह जान लें कि वही माबूद यकता है, और ताकि अ़क़्ल वाले नसीहत पकड़ें। **(52)**

अल्लाह के नाम से जो निहायत मेहरबान, रहम करने वाला है

अलिफ़-लाम-रा - यह आयतें हैं किताब की, और वाज़ेह (रौशन) क़ुरआन की। **(1)**

وَاَنْذِرِ النَّاسَ يَوْمَ يَاْتِيْهِمُ الْعَذَابُ فَيَقُوْلُ الَّذِيْنَ ظَلَمُوْا

और डराओ	लोग	वह दिन	उन पर आएगा	अ़ज़ाब	तो कहेंगे	वह लोग जो	उन्हों ने ज़ुल्म किया (ज़ालिम)

رَبَّنَآ اَخِّرْنَآ اِلٰٓى اَجَلٍ قَرِيْبٍ ۙ نُّجِبْ دَعْوَتَكَ وَنَتَّبِعِ الرُّسُلَ ؕ

ऐ हमारे रब	हमें मोहलत दे	तरफ़	एक मुद्दत	थोड़ी	हम क़ुबूल करलें	तेरी दावत	और हम पैरवी करें	रसूल (जमा)

اَوَلَمْ تَكُوْنُوْٓا اَقْسَمْتُمْ مِّنْ قَبْلُ مَا لَكُمْ مِّنْ زَوَالٍ ۙ ﴿۴۴﴾ وَّسَكَنْتُمْ

या-क्या न	तुम थे	तुम क़स्में खाते	इस से क़ब्ल	तुम्हारे लिए नहीं	कोई ज़वाल	**44**	और तुम रहे थे

فِيْ مَسٰكِنِ الَّذِيْنَ ظَلَمُوْٓا اَنْفُسَهُمْ وَتَبَيَّنَ لَكُمْ كَيْفَ فَعَلْنَا بِهِمْ

में	घर (जमा)	जिन लोगों	ने ज़ुल्म किया	अपनी जानों पर	और ज़ाहिर हो गया	तुम पर	कैसा	हम ने (सुलूक) किया	उन से

وَضَرَبْنَا لَكُمُ الْاَمْثَالَ ﴿۴۵﴾ وَقَدْ مَكَرُوْا مَكْرَهُمْ وَعِنْدَ اللّٰهِ مَكْرُهُمْ ؕ

और हम ने बयान की	तुम्हारे लिए	मिसालें	**45**	और उन्हों ने दाओ चले	अपने दाओ	और अल्लाह के आगे	उन के दाओ

وَاِنْ كَانَ مَكْرُهُمْ لِتَزُوْلَ مِنْهُ الْجِبَالُ ﴿۴۶﴾ فَلَا تَحْسَبَنَّ اللّٰهَ مُخْلِفَ

और अगरचे	था	उन का दाओ	कि टल जाए	उस से	पहाड़	**46**	पस तू हरगिज़ ख़याल न कर	अल्लाह	ख़िलाफ़ करेगा

وَعْدِهٖ رُسُلَهٗ ؕ اِنَّ اللّٰهَ عَزِيْزٌ ذُو انْتِقَامٍ ﴿۴۷﴾ ط يَوْمَ تُبَدَّلُ الْاَرْضُ

अपना वादा	अपने रसूल	बेशक अल्लाह	ज़बरदस्त	बदला लेने वाला	**47**	जिस दिन	बदल दी जाएगी	ज़मीन

غَيْرَ الْاَرْضِ وَالسَّمٰوٰتُ وَبَرَزُوْا لِلّٰهِ الْوَاحِدِ الْقَهَّارِ ﴿۴۸﴾ وَتَرَى

मुख़्तलिफ़ ज़मीन	और आस्मान (जमा)	वह निकल खड़े होंगे	अल्लाह के आगे	यकता	सख़्त क़हर वाला	**48**	और तू देखेगा

الْمُجْرِمِيْنَ يَوْمَئِذٍ مُّقَرَّنِيْنَ فِى الْاَصْفَادِ ﴿۴۹﴾ ج سَرَابِيْلُهُمْ مِّنْ

मुज्रिम (जमा)	उस दिन	बाहम जकड़े हुए	में	ज़न्जीरें	**49**	उन के कुर्ते	से - के

قَطِرَانٍ وَّتَغْشٰى وُجُوْهَهُمُ النَّارُ ﴿۵۰﴾ ۙ لِيَجْزِىَ اللّٰهُ كُلَّ نَفْسٍ مَّا

गन्धक	और ढांप लेगी	उन के चहरे	आग	**50**	ताकि बदला दे	अल्लाह	हर जान	जो

كَسَبَتْ ؕ اِنَّ اللّٰهَ سَرِيْعُ الْحِسَابِ ﴿۵۱﴾ هٰذَا بَلٰغٌ لِّلنَّاسِ وَلِيُنْذَرُوْا

उस ने कमाया (कमाई)	बेशक अल्लाह	तेज़ हिसाब लेने वाला	**51**	यह पहुँचा देना (पैग़ाम)	लोगों के लिए	और ताकि वह डराए जाएं

بِهٖ وَلِيَعْلَمُوْٓا اَنَّمَا هُوَ اِلٰهٌ وَّاحِدٌ وَّلِيَذَّكَّرَ اُولُوا الْاَلْبَابِ ﴿۵۲﴾ ع ۱۱ ۱۹

उस से	और ताकि वह जान लें	उस के सिवा नहीं	वह माबूद	यकता	और ताकि नसीहत पकड़ें	अ़क़्ल वाले	**52**

آيَاتُهَا ۹۹ ❀ سُوْرَةُ الْحِجْرِ (۱۵) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ۶

आयात 99 — (15) सूरतुल हिज्र (पत्थर) — रुकुआ़त 6

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

الٓرٰ ۚ تِلْكَ اٰيٰتُ الْكِتٰبِ وَقُرْاٰنٍ مُّبِيْنٍ ﴿۱﴾

अलिफ़ लाम रा	यह	आयतें	किताब	और क़ुरआन	वाज़ेह - रौशन	**1**

الجزء ١٤

رُبَمَا يَوَدُّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا لَوْ كَانُوْا مُسْلِمِيْنَ ٢

2	मुसलमान	काश वह होते	वह लोग जो काफ़िर हुए	आर्ज़ू करेंगे	बसा औक़ात

ذَرْهُمْ يَاْكُلُوْا وَيَتَمَتَّعُوْا وَيُلْهِهِمُ الْاَمَلُ فَسَوْفَ

पस अनक़रीब	उम्मीद	और ग़फ़लत में रखे उन्हें	और फ़ाइदा उठा लें	वह खाएं	उन्हें छोड़ दो

يَعْلَمُوْنَ ٣ وَمَآ اَهْلَكْنَا مِنْ قَرْيَةٍ اِلَّا وَلَهَا كِتَابٌ

एक लिखा हुआ	उस के लिए	मगर	बस्ती	किसी	हम ने हलाक किया	और नहीं	3	वह जान लेंगे

مَّعْلُوْمٌ ٤ مَا تَسْبِقُ مِنْ اُمَّةٍ اَجَلَهَا وَمَا يَسْتَاْخِرُوْنَ ٥

5	वह पीछे रहते हैं	और न	अपना मुक़र्ररा वक़्त	कोई उम्मत	न सबक़त करती है	4	मुक़र्ररा वक़्त

وَقَالُوْا يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْ نُزِّلَ عَلَيْهِ الذِّكْرُ اِنَّكَ لَمَجْنُوْنٌ ٦

6	दीवाना	बेशक तू	याद दिहानी (क़ुरआन)	उस पर	वह जो कि उतारा गया	ऐ वह	और वह बोले

لَوْ مَا تَاْتِيْنَا بِالْمَلٰٓئِكَةِ اِنْ كُنْتَ مِنَ الصّٰدِقِيْنَ ٧ مَا نُنَزِّلُ

हम नाज़िल नहीं करते	7	सच्चा	से	तू है	अगर	फ़रिश्तों को	हमारे पास तू नहीं ले आता	क्यों

الْمَلٰٓئِكَةَ اِلَّا بِالْحَقِّ وَمَا كَانُوْٓا اِذًا مُّنْظَرِيْنَ ٨ اِنَّا نَحْنُ

हम	बेशक	8	मोहलत दिए गए	उस वक़्त	और न होंगे	हक़ के साथ	मगर	फ़रिश्ते

نَزَّلْنَا الذِّكْرَ وَاِنَّا لَهٗ لَحٰفِظُوْنَ ٩ وَلَقَدْ اَرْسَلْنَا مِنْ

से	और यक़ीनन हम ने भेजे	9	निगहबान	उस के	और बेशक हम	याद दिहानी (क़ुरआन)	हम ने नाज़िल किया

قَبْلِكَ فِيْ شِيَعِ الْاَوَّلِيْنَ ١٠ وَمَا يَاْتِيْهِمْ مِّنْ رَّسُوْلٍ اِلَّا

मगर	कोई रसूल	और नहीं आया उन के पास	10	पहले	गिरोह	में	तुम से पहले

كَانُوْا بِهٖ يَسْتَهْزِءُوْنَ ١١ كَذٰلِكَ نَسْلُكُهٗ فِيْ قُلُوْبِ الْمُجْرِمِيْنَ ١٢

12	मुज्रिमों	दिल (जमा)	में	हम उसे डाल देते हैं	उसी तरह	11	इस्तिहज़ा करते	उस से	वह थे

لَا يُؤْمِنُوْنَ بِهٖ وَقَدْ خَلَتْ سُنَّةُ الْاَوَّلِيْنَ ١٣ وَلَوْ فَتَحْنَا

हम खोल दें	और अगर	13	पहले	रस्म - रविश	और पड़ चुकी है	उस पर	वह ईमान नहीं लाएंगे

عَلَيْهِمْ بَابًا مِّنَ السَّمَآءِ فَظَلُّوْا فِيْهِ يَعْرُجُوْنَ ١٤ لَقَالُوْٓا اِنَّمَا سُكِّرَتْ

बान्ध दी गई	इस के सिवा नहीं	तो कहेंगे	14	चढ़ते	उस में	वह रहें	आस्मान	से	कोई दरवाज़ा	उन पर

ع ١ٵ ١ اَبْصَارُنَا بَلْ نَحْنُ قَوْمٌ مَّسْحُوْرُوْنَ ١٥ وَلَقَدْ جَعَلْنَا فِي السَّمَآءِ

आस्मान	में	और यक़ीनन हम ने बनाए	15	सिहर ज़दह	लोग	हम	बल्कि	हमारी आँखें

بُرُوْجًا وَّزَيَّنّٰهَا لِلنّٰظِرِيْنَ ١٦ وَحَفِظْنٰهَا مِنْ كُلِّ شَيْطٰنٍ

शैतान	हर	से	और हम ने हिफ़ाज़त की उस की	16	देखने वालों के लिए	और उसे ज़ीनत दी	बुर्ज (जमा)

رَّجِيْمٍ ١٧ اِلَّا مَنِ اسْتَرَقَ السَّمْعَ فَاَتْبَعَهٗ شِهَابٌ مُّبِيْنٌ ١٨

18	चमकता हुआ	शोला	तो उस का पीछा करता है	सुनना	चोरी करे	जो	मगर	17	मर्दूद

बाज़ औक़ात काफ़िर आर्ज़ू करेंगे काश वह मुसलमान होते! (2) उन्हें छोड़ दो, वह खाएं और फ़ाइदा उठा लें, और उम्मीद उन्हें ग़फ़लत में डाले रखे, पस अनक़रीब वह जान लेंगे। (3) और नहीं हलाक किया हम ने किसी बस्ती को, मगर उस के लिए एक लिखा हुआ वक़्त मुक़र्रर था। (4) न कोई उम्मत सबक़त करती है अपने मुक़र्ररा वक़्त से, और न वह पीछे रहते हैं। (5) और वह (काफ़िर) बोले ऐ वह शख़्स जिस पर क़ुरआन उतारा गया है बेशक तू दीवाना है, (6) तू हमारे पास फ़रिश्तों को क्यों नहीं ले आता? अगर तू सच्चों में से है। (7) हम नाज़िल नहीं करते फ़रिश्ते मगर हक़ के साथ, और वह उस वक़्त मोहलत न दिए जाएंगे। (8) बेशक हम ही ने क़ुरआन नाज़िल किया और बेशक हम ही उस के निगहबान हैं। (9) और यक़ीनन हम ने तुम से पहले गिरोहों में (रसूल) भेजे, (10) और उन के पास कोई रसूल नहीं आया मगर वह उस से इस्तिहज़ा करते थे। (11) उसी तरह हम उसे डाल देते हैं मुज्रिमों के दिलों में। (12) वह इस (क़ुरआन) पर ईमान नहीं लाएंगे, और यह पहलों की रस्म पड़ चुकी है। (13) और अगर हम उन पर आस्मान का कोई दरवाज़ा खोल दें, और वह उस में (दिन भर) चढ़ते रहें। (14) तो (यही) कहेंगे कि इस के सिवा नहीं कि हमारी आँखें बान्ध दी गई हैं (हमारी नज़र बन्दी कर दी गई है) बल्कि हम सिहर ज़दह हैं। (15) और यक़ीनन हम ने आस्मानों में बुर्ज बनाए और उसे देखने वालों के लिए ज़ीनत दी, (16) और हम ने हर मर्दूद शैतान से उस की हिफ़ाज़त की, (17) मगर जो चोरी कर के (चोरी से) सुन ले, तो चमकता हुआ शोला उस का पीछा करता है। (18)

وَالْاَرْضَ مَدَدْنٰهَا وَاَلْقَيْنَا فِيْهَا رَوَاسِيَ وَاَنْۢبَتْنَا فِيْهَا

उस में	और हम ने उगाई	पहाड़	उस में (पर)	और हम ने रखे	हम ने उस को फैला दिया	और ज़मीन

مِنْ كُلِّ شَيْءٍ مَّوْزُوْنٍ ﴿١٩﴾ وَجَعَلْنَا لَكُمْ فِيْهَا مَعَايِشَ وَمَنْ

और जो-जिस	सामाने मईशत	उस में	तुम्हारे लिए	और हम ने बनाए	19	मौज़ूं	हर शै	से

لَّسْتُمْ لَهٗ بِرٰزِقِيْنَ ﴿٢٠﴾ وَاِنْ مِّنْ شَيْءٍ اِلَّا عِنْدَنَا خَزَآئِنُهٗ وَمَا

और नहीं	उस के ख़ज़ाने	हमारे पास	मगर	कोई चीज़	और नहीं	20	रिज़्क़ देने वाले	उस के लिए	तुम नहीं

نُنَزِّلُهٗٓ اِلَّا بِقَدَرٍ مَّعْلُوْمٍ ﴿٢١﴾ وَاَرْسَلْنَا الرِّيٰحَ لَوَاقِحَ فَاَنْزَلْنَا

फिर हम ने उतारा	भरी हुई	हवाएं	और हम ने भेजी	21	मालूम - मुनासिब	अन्दाज़े से	मगर	हम उस को उतारते

مِنَ السَّمَآءِ مَآءً فَاَسْقَيْنٰكُمُوْهُ ۚ وَمَآ اَنْتُمْ لَهٗ بِخٰزِنِيْنَ ﴿٢٢﴾

22	ख़ज़ाने करने वाले	उस के	तुम	और नहीं	फिर हम ने वह तुम्हें पिलाया	पानी	आस्मान	से

وَاِنَّا لَنَحْنُ نُحْيٖ وَنُمِيْتُ وَنَحْنُ الْوٰرِثُوْنَ ﴿٢٣﴾ وَلَقَدْ عَلِمْنَا

और तहक़ीक़ हमें मालूम हैं	23	वारिस (जमा)	और हम	और हम मारते हैं	ज़िन्दगी देते हैं	अलबत्ता हम	और बेशक हम

الْمُسْتَقْدِمِيْنَ مِنْكُمْ وَلَقَدْ عَلِمْنَا الْمُسْتَاْخِرِيْنَ ﴿٢٤﴾ وَاِنَّ

और बेशक	24	पीछे रह जाने वाले	और तहक़ीक़ हमें मालूम हैं	तुम में से	आगे गुज़रने वाले

رَبَّكَ هُوَ يَحْشُرُهُمْ ۭ اِنَّهٗ حَكِيْمٌ عَلِيْمٌ ﴿٢٥﴾ وَلَقَدْ خَلَقْنَا　ع ٢ ١٠ ٢

और तहक़ीक़ हम ने पैदा किया	25	इल्म वाला	हिक्मत वाला	बेशक वह	उन्हें जमा करेगा	वह	तेरा रब

الْاِنْسَانَ مِنْ صَلْصَالٍ مِّنْ حَمَاٍ مَّسْنُوْنٍ ﴿٢٦﴾ وَالْجَآنَّ

और जिन (जमा)	26	सड़ा हुआ	सियाह गारे से	खनकनाता हुआ	से	इन्सान

خَلَقْنٰهُ مِنْ قَبْلُ مِنْ نَّارِ السَّمُوْمِ ﴿٢٧﴾ وَاِذْ قَالَ رَبُّكَ

तेरा रब	कहा	और जब	27	आग बे धुएं की	से	उस से पहले	हम ने उसे पैदा किया

لِلْمَلٰٓئِكَةِ اِنِّيْ خَالِقٌۢ بَشَرًا مِّنْ صَلْصَالٍ مِّنْ حَمَاٍ مَّسْنُوْنٍ ﴿٢٨﴾

28	सड़ा हुआ	सियाह गारा	से	खनकनाता हुआ	से	इन्सान	बनाने वाला	बेशक मैं	फ़रिश्तों को

فَاِذَا سَوَّيْتُهٗ وَنَفَخْتُ فِيْهِ مِنْ رُّوْحِيْ فَقَعُوْا لَهٗ سٰجِدِيْنَ ﴿٢٩﴾

29	सिजदा करते हुए	उस के लिए	तो गिर पड़ो	अपनी रूह से	उस में	और फूंकूं	मैं उसे दुरुस्त कर लूँ	फिर जब

فَسَجَدَ الْمَلٰٓئِكَةُ كُلُّهُمْ اَجْمَعُوْنَ ﴿٣٠﴾ اِلَّآ اِبْلِيْسَ ۭ اَبٰٓى اَنْ يَّكُوْنَ مَعَ

साथ	वह हो	उस ने इन्कार किया कि	इब्लीस	सिवाए	30	सब के सब	वह सब	फ़रिश्तों	पस सिजदा किया

उस ने ले लिया है	या	ग़ैब	क्या वह मुत्तला हो गया है	77	और औलाद	माल	मैं ज़रूर दिया जाऊँगा	और उस ने कहा	हमारे हुक्मों का

عِنْدَ الرَّحْمٰنِ عَهْدًا ﴿٧٨﴾ ۙ كَلَّا ؕ سَنَكْتُبُ مَا يَقُوْلُ وَنَمُدُّ لَهٗ

उस को	और हम बढ़ा देंगे	वह जो कहता है	अब हम लिख लेंगे	हरगिज़ नहीं	78	कोई अ़हद	अल्लाह रहमान से

مِنَ الْعَذَابِ مَدًّا ﴿٧٩﴾ ۙ وَّنَرِثُهٗ مَا يَقُوْلُ وَيَاْتِيْنَا فَرْدًا ﴿٨٠﴾ وَاتَّخَذُوْا

और उन्हों ने बना लिया	80	अकेला	और वह हमारे पास आएगा	जो वह कहता है	और हम वारिस होंगे	79	और लंबा	अ़ज़ाब से

مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ اٰلِهَةً لِّيَكُوْنُوْا لَهُمْ عِزًّا ﴿٨١﴾ ۙ كَلَّا ؕ سَيَكْفُرُوْنَ

जल्द ही वह इन्कार करेंगे	हरगिज़ नहीं	81	मोजिबे इ़ज़्ज़त	उन के लिए	ताकि वह हों	माबूद	अल्लाह के सिवा

بِعِبَادَتِهِمْ وَيَكُوْنُوْنَ عَلَيْهِمْ ضِدًّا ﴿٨٢﴾ ع اَلَمْ تَرَ اَنَّآ اَرْسَلْنَا الشَّيٰطِيْنَ ع ١٧ ٨

शैतान (जमा)	बेशक हम ने भेजे	क्या तुम ने नहीं देखा	82	मुख़ालिफ़	उन के	और हो जाएंगे	उन की बन्दगी से

عَلَى الْكٰفِرِيْنَ تَؤُزُّهُمْ اَزًّا ﴿٨٣﴾ ۙ فَلَا تَعْجَلْ عَلَيْهِمْ ؕ اِنَّمَا نَعُدُّ لَهُمْ عَدًّا ﴿٨٤﴾ ج

84	गिनती	उन की	सिर्फ़ हम गिनती पूरी कर रहे हैं	उन पर	सो तुम जल्दी न करो	83	उकसाते हैं उन्हें ख़ूब उकसाना	काफ़िर (जमा)	पर

يَوْمَ نَحْشُرُ الْمُتَّقِيْنَ اِلَى الرَّحْمٰنِ وَفْدًا ﴿٨٥﴾ ۙ وَّنَسُوْقُ الْمُجْرِمِيْنَ

गुनाहगार (जमा)	और हांक कर ले जाएंगे	85	मेहमान बना कर	रहमान की तरफ़	परहेज़गार (जमा)	हम जमा कर लेंगे	जिस दिन

اِلٰى جَهَنَّمَ وِرْدًا ﴿٨٦﴾ لَا يَمْلِكُوْنَ الشَّفَاعَةَ اِلَّا مَنِ اتَّخَذَ عِنْدَ الرَّحْمٰنِ وقف لازم

रहमान के पास	जिस ने लिया हो	सिवाए	शफ़ाअ़त	वह इख़्तियार नहीं रखते	86	प्यासे	जहन्नम	तरफ़

عَهْدًا ﴿٨٧﴾ وَقَالُوا اتَّخَذَ الرَّحْمٰنُ وَلَدًا ﴿٨٨﴾ ؕ لَقَدْ جِئْتُمْ شَيْـًٔا اِدًّا ﴿٨٩﴾ ۙ وقف لازم

89	बुरी	एक बात	तहक़ीक़ तुम लाए हो	88	बेटा	रहमान	बना लिया है	और वह कहते हैं	87	इक़रार

تَكَادُ السَّمٰوٰتُ يَتَفَطَّرْنَ مِنْهُ وَتَنْشَقُّ الْاَرْضُ وَتَخِرُّ الْجِبَالُ هَدًّا ﴿٩٠﴾ ۙ

90	पारा पारा	पहाड़	और गिर पड़े	ज़मीन	और टुकड़े टुकड़े हो जाए	उस से	फट पड़े	आस्मान	क़रीब है

اَنْ دَعَوْا لِلرَّحْمٰنِ وَلَدًا ﴿٩١﴾ ج وَمَا يَنْۢبَغِيْ لِلرَّحْمٰنِ اَنْ يَّتَّخِذَ وَلَدًا ﴿٩٢﴾ ؕ

92	बेटा	कि वह बनाए	रहमान के लिए	शायान	जब कि नहीं	91	बेटा	रहमान के लिए	कि उन्हों ने पुकारा (मन्सूब किया)

اِنْ كُلُّ مَنْ فِي السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ اِلَّآ اٰتِي الرَّحْمٰنِ عَبْدًا ﴿٩٣﴾ ؕ

93	बन्दा	रहमान	मगर आता है	और ज़मीन	आस्मानों में	जो	नहीं तमाम (कोई)

لَقَدْ اَحْصٰىهُمْ وَعَدَّهُمْ عَدًّا ﴿٩٤﴾ ؕ وَكُلُّهُمْ اٰتِيْهِ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ فَرْدًا ﴿٩٥﴾

95	अकेला	आएगा उस के सामने क़ियामत के दिन	और उन में से हर एक	94	और उन का शुमार कर लिया है गिन कर	उस ने उन को घेर लिया है

और जिन लोगों ने हिदायत हासिल की अल्लाह उन्हें और ज़ियादा हिदायत देता है, और तुम्हारे रब के नज़्दीक बाक़ी रहने वाली नेकियां बेहतर हैं ब-एतिबारे सवाब और बेहतर हैं ब-एतिबारे अन्जाम। (76) पस क्या तू ने उस शख़्स को देखा जिस ने हमारे हुक्मों का इन्कार किया? और कहा मैं ज़रूर माल और औलाद दिया जाऊँगा। (77) क्या वह ग़ैब पर मत्तला हो गया है? या उस ने अल्लाह रहमान से ले लिया है कोई अ़हद। (78) हरगिज़ नहीं! जो वह कहता है अब हम लिख लेंगे और उस को अ़ज़ाब लंबा बढ़ादेंगे। (79) और हम वारिस होंगे (ले लेंगे) जो वह कहता है और वह हमारे पास अकेला आएगा। (80) और उन्हों ने अल्लाह के सिवा (औरों को) माबूद बना लिया है ताकि उन के लिए मोजिबे इ़ज़्ज़त हों। (81) हरगिज़ नहीं, जल्द ही वह उन की बन्दगी से इन्कार करेंगे और उन के मुख़ालिफ़ हो जाएंगे। (82) क्या तुम ने नहीं देखा? बेशक हम ने शैतान भेजे हैं काफ़िरों पर, वह उन्हें ख़ूब उकसाते रहते हैं। (83) सो तुम उन पर (नुज़ूले अ़ज़ाब की) जल्दी न करो, हम तो सिर्फ़ उन की गिनती पूरी कर रहे हैं (उन के दिन गिन रहे हैं)। (84) (याद करो) जिस दिन हम परहेज़गारों को अल्लाह रहमान की तरफ़ मेहमान बना कर जमा कर लाएंगे। (85) और हम गुनाहगारों को हांक कर ले जाएंगे जहन्नम की तरफ़ प्यासे। (86) वह शफ़ाअ़त का इख़्तियार नहीं रखते सिवाए उस के जिस ने अल्लाह रहमान से लिया हो इक़रार। (87) और वह कहते हैं अल्लाह रहमान ने बेटा बना लिया है, (88) तहक़ीक़ तुम (ज़बान पर) बुरी बात लाए हो। (89) क़रीब है (बईद नहीं) कि आस्मान उस से फट पड़ें और ज़मीन टुकड़े टुकड़े हो जाए, और पहाड़ पारा पारा हो कर गिर पड़ें। (90) कि उन्हों ने अल्लाह के लिए मन्सूब किया बेटा। (91) जब कि रहमान के शायान नहीं कि वह बेटा बनाए। (92) नहीं कोई जो आस्मानों में है और ज़मीन में है, मगर रहमान के (हुज़ूर) बन्दा हो कर आता है। (93) उस ने उन को घेर लिया है, और गिन कर उन का शुमार कर लिया है। (94) और उन में से हर एक क़ियामत के दिन उस के सामने अकेला आएगा। (95)

إِنَّ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ سَيَجْعَلُ لَهُمُ الرَّحْمٰنُ

रहमान	उन के लिए	पैदा कर देगा	नेक	और उन्हों ने अ़मल किए	जो लोग ईमान लाए	बेशक

وُدًّا ﴿٩٦﴾ فَاِنَّمَا يَسَّرْنٰهُ بِلِسَانِكَ لِتُبَشِّرَ بِهِ الْمُتَّقِيْنَ وَتُنْذِرَ بِهٖ

और डराएं उस से	परहेज़गारों	ताकि आप ख़ुशख़बरी दें उस से	आप की ज़बान में	हम ने इसे आसान कर दिया है	पस उस के सिवा नहीं	96	मुहब्बत

قَوْمًا لُّدًّا ﴿٩٧﴾ وَكَمْ اَهْلَكْنَا قَبْلَهُمْ مِّنْ قَرْنٍ ۭ هَلْ تُحِسُّ

तुम देखते हो	क्या	गिरोह	से	उन से क़ब्ल	हम ने हलाक कर दिए	और कितने ही	97	झगड़ालू लोग

ع ٦ ٩ النصف

مِنْهُمْ مِّنْ اَحَدٍ اَوْ تَسْمَعُ لَهُمْ رِكْزًا ﴿٩٨﴾ ع

98	आहट	उन की	या तुम सुनते हो	कोई किसी को	उन से

آيَاتُهَا ١٣٥ ❀ (٢٠) سُوْرَةُ طٰهٰ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٨

रुकुआ़त 8 (20) सूरह ता हा आयात 135

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेह्‌रबान, रह्‌म करने वाला है

طٰهٰ ﴿١﴾ مَآ اَنْزَلْنَا عَلَيْكَ الْقُرْاٰنَ لِتَشْقٰٓى ﴿٢﴾ اِلَّا تَذْكِرَةً لِّمَنْ

उस के लिए जो	याद दिहानी	मगर	2	ताकि तुम मुशक़्क़त में पड़ जाओ	क़ुरआन	तुम पर	हम ने नाज़िल नहीं किया	1	ता हा

يَّخْشٰى ﴿٣﴾ تَنْزِيْلًا مِّمَّنْ خَلَقَ الْاَرْضَ وَالسَّمٰوٰتِ الْعُلٰى ﴿٤﴾

4	ऊंचे	और आस्मान (जमा)	ज़मीन	बनाया	से-जिस	नाज़िल किया हुआ	3	डरता है

اَلرَّحْمٰنُ عَلَى الْعَرْشِ اسْتَوٰى ﴿٥﴾ لَهٗ مَا فِى السَّمٰوٰتِ وَمَا

और जो	आस्मानों में	उस के लिए जो	5	क़ाइम	अ़र्श पर	रहमान

فِى الْاَرْضِ وَمَا بَيْنَهُمَا وَمَا تَحْتَ الثَّرٰى ﴿٦﴾ وَاِنْ تَجْهَرْ بِالْقَوْلِ

बात	तू पुकार कर कहे	और अगर	6	गीली मिट्टी	नीचे	और जो	उन दोनों के दरमियान	और जो	ज़मीन में

فَاِنَّهٗ يَعْلَمُ السِّرَّ وَاَخْفٰى ﴿٧﴾ اَللّٰهُ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۭ لَهُ الْاَسْمَآءُ

सब नाम	उसी के लिए	उस के सिवा	नहीं कोई माबूद	अल्लाह	7	और निहायत पोशीदा	भेद	जानता है	तो बेशक वह

وقف لازم

الْحُسْنٰى ﴿٨﴾ وَهَلْ اَتٰىكَ حَدِيْثُ مُوْسٰى ﴿٩﴾ اِذْ رَاٰ نَارًا فَقَالَ

तो कहा	आग	जब उस ने देखी	9	मूसा (अ)	कोई ख़बर	तुम्हारे पास आई	और क्या	8	अच्छे

لِاَهْلِهِ امْكُثُوْٓا اِنِّىْٓ اٰنَسْتُ نَارًا لَّعَلِّىْٓ اٰتِيْكُمْ مِّنْهَا بِقَبَسٍ اَوْ

या	चिंगारी	उस से	तुम्हारे पास लाऊँ	शायद मैं	आग	देखी है	बेशक मैं ने	तुम ठहरो	अपने घर वालों को

اَجِدُ عَلَى النَّارِ هُدًى ﴿١٠﴾ فَلَمَّآ اَتٰىهَا نُوْدِىَ يٰمُوْسٰى ﴿١١﴾ اِنِّىْٓ اَنَا

मैं	बेशक मैं	11	ऐ मूसा (अ)	आवाज़ आई	वह वहां आए	जब पस	10	रास्ता	आग पर-के	मैं पाऊँ

رَبُّكَ فَاخْلَعْ نَعْلَيْكَ ۚ اِنَّكَ بِالْوَادِ الْمُقَدَّسِ طُوًى ﴿١٢﴾

12	तुवा	पाक मैदान	बेशक तुम	अपनी जूतियां	सो उतार लो	तुम्हारा रब

बेशक जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने किए अ़मल नेक उन के लिए पैदा कर देगा रहमान (दिलों में) मुहब्बत। (96)
पस उस के सिवा नहीं कि हम ने (क़ुरआन) को आप (स) की ज़बान में आसान कर दिया ताकि उस से आप (स) परहेज़गारों को ख़ुशख़बरी दें और झगड़ालू लोगों को उस से डराएं। (97)
और इन से क़ब्ल हम ने हलाक कर दिए कितने ही गिरोह, क्या तुम उन में से किसी को देखते हो? या उन की आहट सुनते हो? (98)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेह्‌रबान, रह्‌म करने वाला है

ता-हा। (1)
हम ने क़ुरआन तुम पर इस लिए नाज़िल नहीं किया कि तुम मुशक़्क़त में पड़ जाओ। (2)
मगर उस के लिए नसीहत है जो डरता है। (3)
नाज़िल किया हुआ है (उस की तरफ़ से) जिस ने ज़मीन और ऊंचे आस्मान बनाए। (4)
रहमान अ़र्श पर क़ाइम है। (5)
उसी के लिए है जो कुछ आस्मानों में है और जो कुछ ज़मीन में है, और जो उन दोनों के दरमियान है, और जो ज़मीन के नीचे है। (6)
और अगर तू पुकार कर कहे बात तो बेशक वह भेद जानता है और निहायत पोशीदा (बात को भी)। (7)
अल्लाह, उस के सिवा कोई माबूद नहीं, उसी के लिए हैं सब अच्छे नाम। (8)
और क्या तुम्हारे पास मूसा (अ) की ख़बर आई? (9)
जब उस ने आग देखी तो अपने घर वालों से कहा कि तुम ठहरो, बेशक मैं ने देखी है आग, शायद मैं तुम्हारे पास उस से चिंगारी ले आऊँ, या आग पर रास्ते (का पता) पा लूँ। (10)
पस जब वह वहां आए, तो आवाज़ आई ऐ मूसा (अ)! (11)
बेशक मैं ही तुम्हारा रब हूँ, सो अपनी जूतियां उतार लो, बेशक तुम तुवा के पाक वादी में हो। (12)

وَاَنَا اخْتَرْتُكَ فَاسْتَمِعْ لِمَا يُوْحٰى ﴿١٣﴾ اِنَّنِيْٓ اَنَا اللّٰهُ لَآ اِلٰهَ

नहीं कोई माबूद	अल्लाह	मैं	बेशक मैं	13	उस की तरफ़ जो वहि की जाए	पस कान लगा कर सुनो	तुम्हें पसन्द किया	और मैं

اِلَّآ اَنَا فَاعْبُدْنِيْ ۙ وَاَقِمِ الصَّلٰوةَ لِذِكْرِيْ ﴿١٤﴾ اِنَّ السَّاعَةَ اٰتِيَةٌ

आने वाली	क़ियामत	बेशक	14	मेरी याद के लिए	नमाज़	और क़ाइम करो	पस मेरी इबादत करो	मेरे सिवा

اَكَادُ اُخْفِيْهَا لِتُجْزٰى كُلُّ نَفْسٍۭ بِمَا تَسْعٰى ﴿١٥﴾ فَلَا يَصُدَّنَّكَ عَنْهَا

उस से जो	पस तुझे रोक न दे	15	उस का जो वह कोशिश करे	शख़्स	हर	ताकि बदला दिया जाए	मैं उसे पोशीदा रखूँ	मैं चाहता हूँ

مَنْ لَّا يُؤْمِنُ بِهَا وَاتَّبَعَ هَوٰىهُ فَتَرْدٰى ﴿١٦﴾ وَمَا تِلْكَ بِيَمِيْنِكَ يٰمُوْسٰى ﴿١٧﴾

17	ऐ मूसा (अ)	तेरे दाहने हाथ में	यह	और क्या	16	फिर तू हलाक हो जाए	अपनी ख़्वाहिश	और वह पीछे पड़ा	उस पर	ईमान नहीं रखता	जो

قَالَ هِيَ عَصَايَ ۚ اَتَوَكَّؤُا عَلَيْهَا وَاَهُشُّ بِهَا عَلٰى غَنَمِيْ وَلِيَ فِيْهَا

इस में	और मेरे लिए	अपनी बकरियां	पर	और मैं पत्ते झाड़ता हूँ इस से	इस पर	मैं टेक लगाता हूँ	मेरा असा	यह	उस ने कहा

مَاٰرِبُ اُخْرٰى ﴿١٨﴾ قَالَ اَلْقِهَا يٰمُوْسٰى ﴿١٩﴾ فَاَلْقٰىهَا فَاِذَا هِيَ حَيَّةٌ

सांप	तो नागाह वह	पस उस ने डाल दिया	19	ऐ मूसा (अ)	उसे डाल दे	उस ने फ़रमाया	18	और भी	(ज़रूरतें) फ़ाइदे

تَسْعٰى ﴿٢٠﴾ قَالَ خُذْهَا وَلَا تَخَفْ ۫ سَنُعِيْدُهَا سِيْرَتَهَا الْاُوْلٰى ﴿٢١﴾

21	पहली	उस की हालत	हम जल्द उसे लौटा देंगे	और न डर	उसे पकड़ ले	फ़रमाया	20	दौड़ता हुआ

وَاضْمُمْ يَدَكَ اِلٰى جَنَاحِكَ تَخْرُجْ بَيْضَآءَ مِنْ غَيْرِ سُوْٓءٍ اٰيَةً

निशानी	ऐब	बग़ैर किसी	सफ़ेद	वह निकलेगा	अपनी बग़ल	तक- से	अपना हाथ	और (मिला) लगा

اُخْرٰى ﴿٢٢﴾ لِنُرِيَكَ مِنْ اٰيٰتِنَا الْكُبْرٰى ﴿٢٣﴾ اِذْهَبْ اِلٰى فِرْعَوْنَ اِنَّهٗ

बेशक वह	फ़िरऔन	तरफ़	तू जा	23	बड़ी	अपनी निशानियों से	ताकि हम तुझे दिखाएं	22	दूसरी

طَغٰى ﴿٢٤﴾ قَالَ رَبِّ اشْرَحْ لِيْ صَدْرِيْ ﴿٢٥﴾ وَيَسِّرْ لِيْٓ اَمْرِيْ ﴿٢٦﴾ وَاحْلُلْ ع ١ ١٠

और खोल दे	26	मेरा काम	और मेरे लिए आसान कर दे	25	मेरा सीना	मेरे लिए	कुशादा कर दे	ऐ मेरे रब	उस ने कहा	24	सरकश हो गया

عُقْدَةً مِّنْ لِّسَانِيْ ﴿٢٧﴾ يَفْقَهُوْا قَوْلِيْ ﴿٢٨﴾ وَاجْعَلْ لِّيْ وَزِيْرًا مِّنْ

से	मेरा वज़ीर	मेरे लिए	और बना दे	28	मेरी बात	वह समझ लें	27	मेरी ज़बान	से- की	गिरह

اَهْلِيْ ﴿٢٩﴾ هٰرُوْنَ اَخِي ﴿٣٠﴾ اشْدُدْ بِهٖٓ اَزْرِيْ ﴿٣١﴾ وَاَشْرِكْهُ فِيْٓ اَمْرِيْ ﴿٣٢﴾

32	मेरे काम में	और शरीक कर दे	31	मेरी कुव्वत	मज़बूत कर उस से	30	मेरा भाई	हारून (अ)	29	ख़ानदान

كَيْ نُسَبِّحَكَ كَثِيْرًا ﴿٣٣﴾ وَّنَذْكُرَكَ كَثِيْرًا ﴿٣٤﴾ اِنَّكَ كُنْتَ

तू है	बेशक तू	34	कसरत से	और तुझे याद करें	33	कसरत से	हम तेरी तस्बीह करें	ताकि

بِنَا بَصِيْرًا ﴿٣٥﴾ قَالَ قَدْ اُوْتِيْتَ سُؤْلَكَ يٰمُوْسٰى ﴿٣٦﴾ وَلَقَدْ مَنَنَّا

और तहक़ीक़ हम ने एहसान किया	36	ऐ मूसा (अ)	जो तू ने मांगा	तहक़ीक़ तुझे दे दिया गया	अल्लाह ने फ़रमाया	35	हमें ख़ूब देखता है

عَلَيْكَ مَرَّةً اُخْرٰٓى ﴿٣٧﴾ اِذْ اَوْحَيْنَآ اِلٰٓى اُمِّكَ مَا يُوْحٰٓى ﴿٣٨﴾

38	जो इल्हाम करना था	तेरी वालिदा	तरफ़- को	हम ने इल्हाम किया	जब	37	और भी	एक बार	तुझ पर

और मैं ने तुम्हें पसंद किया, पस जो वहि की जाए उस की तरफ़ कान लगा कर सुनो। (13)
बेशक मैं ही अल्लाह हूँ, मेरे सिवा कोई माबूद नहीं, पस मेरी इबादत करो और क़ाइम करो मेरी याद के लिए नमाज़, (14)
बेशक क़ियामत आने वाली है, मैं चाहता हूँ कि उसे पोशीदा रखूँ ताकि हर शख़्स को बदला दिया जाए उस कोशिश का जो वह करे। (15)
पस तुझे उस से वह न रोक दे जो उस पर ईमान नहीं रखता और अपनी ख़्वाहिश के पीछे पड़ा हुआ है, फिर तू हलाक हो जाए। (16)
और ऐ मूसा (अ) यह तेरे दाहने हात में क्या है? (17)
उस ने कहा यह मेरा असा है, मैं इस पर टेक लगाता हूँ, और इस से पत्ते झाड़ता हूँ अपनी बकरियों पर, और इस में मेरे और भी कई फ़ाइदे हैं। (18)
उस ने फ़रमाया ऐ मूसा (अ)! इसे (ज़मीन पर) डाल दे। (19)
पस उस ने डाल दिया, तो नागाह वह दौड़ता हुआ सांप (बन गया)। (20)
(अल्लाह ने) फ़रमाया उसे पकड़ ले, और न डर, हम जल्द उसे उस की पहली हालत पर लौटा देंगे, (21)
अपना हाथ अपनी बग़ल में लगा ले, वह किसी ऐब के बग़ैर सफ़ेद (चमकता हुआ) निकलेगा, (यह) दूसरी निशानी है। (22)
ताकि हम तुझे दिखाएं अपनी बड़ी निशानियों में से। (23)
तू फ़िरऔन की तरफ़ जा, बेशक वह सरकश हो गया है। (24)
मूसा (अ) ने कहा, ऐ मेरे रब! मेरे लिए कुशादा कर दे मेरा सीना। (25)
और मेरे लिए मेरा काम आसान कर दे। (26)
और मेरी ज़बान की गिरह खोल दे। (27)
कि वह मेरी बात समझ लें। (28)
और बना दे मेरे लिए वज़ीर (मुआविन) मेरे ख़ानदान से, (29)
मेरा भाई हारून (अ)। (30)
उस से मेरी कुव्वत (कमर) मज़बूत कर दे। (31)
और उसे शरीक कर दे मेरे काम में। (32)
ताकि हम कसरत से तेरी तस्बीह करें, (33)
और कसरत से तुझे याद करें। (34)
बेशक तू हमें ख़ूब देखता है। (35)
अल्लाह ने फ़रमाया, ऐ मूसा (अ)! जो तू ने मांगा तहक़ीक़ तुझे दे दिया गया। (36)
और तहक़ीक़ हम ने तुझ पर एक बार और भी एहसान किया था। (37)
जब हम ने तेरी वालिदा को इल्हाम किया जो इल्हाम करना था। (38)

وقف لازم

اَنِ اقْذِفِيْهِ فِى التَّابُوْتِ فَاقْذِفِيْهِ فِى الْيَمِّ فَلْيُلْقِهِ الْيَمُّ

दर्या	फिर उसे डाल देगा	दर्या में	फिर उसे डाल दे	सन्दूक़ में	कि तू उसे डाल

بِالسَّاحِلِ يَاْخُذْهُ عَدُوٌّ لِّيْ وَعَدُوٌّ لَّهٗ ؕ وَاَلْقَيْتُ عَلَيْكَ مَحَبَّةً

मुहब्बत	तुझ पर	और मैं ने डाल दी	और उस का दुश्मन	मेरा दुश्मन	उसे ले लेगा	साहिल पर

مِّنِّيْ ۚ وَلِتُصْنَعَ عَلٰى عَيْنِيْ ﴿٣٩﴾ اِذْ تَمْشِيْٓ اُخْتُكَ فَتَقُوْلُ

तो वह कह रही थी	तरी बहन	जा रही थी	जब	39	मेरी आँखो पर (मेरे सामने)	ताकि तू पर्वरिश पाए	अपनी तरफ़ से

هَلْ اَدُلُّكُمْ عَلٰى مَنْ يَّكْفُلُهٗ ؕ فَرَجَعْنٰكَ اِلٰٓى اُمِّكَ كَيْ تَقَرَّ عَيْنُهَا

उस की आँख	ताकि ठंडी हो	तेरी माँ	तरफ़	पस हम ने तुझे लौटा दिया	उस की पर्वरिश करे	जो	पर	क्या मैं तुम्हें बताऊँ

وَلَا تَحْزَنَ ؕ وَقَتَلْتَ نَفْسًا فَنَجَّيْنٰكَ مِنَ الْغَمِّ وَفَتَنّٰكَ

और तुझे आज़माया	ग़म से	तो हम ने तुझे नजात दी	एक शख़्स	और तू ने क़त्ल करदिया	और वह ग़म न करे

فُتُوْنًا ۫ فَلَبِثْتَ سِنِيْنَ فِيْٓ اَهْلِ مَدْيَنَ ۙ ثُمَّ جِئْتَ عَلٰى قَدَرٍ

वक़्ते मुक़र्रर पर	तू आया	फिर	मदयन वाले	में	कई साल	फिर तू ठहरा रहा	कई आज़माइशें

يٰمُوْسٰى ﴿٤٠﴾ وَاصْطَنَعْتُكَ لِنَفْسِيْ ﴿٤١﴾ اِذْهَبْ اَنْتَ وَاَخُوْكَ بِاٰيٰتِيْ

मेरी निशानियों के साथ	और तेरा भाई	तू	तू जा	41	ख़ास अपने लिए	और हम ने तुझे बनाया	40	ऐ मूसा (अ)

وَلَا تَنِيَا فِيْ ذِكْرِيْ ﴿٤٢﴾ اِذْهَبَآ اِلٰى فِرْعَوْنَ اِنَّهٗ طَغٰى ﴿٤٣﴾ فَقُوْلَا لَهٗ

उस को	तुम कहो	43	सरकश हो गया	बेशक वह	फ़िरऔन	तरफ़ - पास	तुम दोनों जाओ	42	मेरी याद में	और सुस्ती न करना

قَوْلًا لَّيِّنًا لَّعَلَّهٗ يَتَذَكَّرُ اَوْ يَخْشٰى ﴿٤٤﴾ قَالَا رَبَّنَآ اِنَّنَا نَخَافُ

बेशक हम डरते हैं	ऐ हमारे रब	दोनों बोले	44	वह डर जाए	या	नसीहत पकड़ ले	शायद वह	नर्म बात

اَنْ يَّفْرُطَ عَلَيْنَآ اَوْ اَنْ يَّطْغٰى ﴿٤٥﴾ قَالَ لَا تَخَافَآ اِنَّنِيْ مَعَكُمَآ اَسْمَعُ

मैं सुनता हूँ	तुम्हारे साथ हूँ	बेशक मैं	तुम डरो नहीं	उस ने फ़रमाया	45	वह हद स बढ़े	या	हम पर	कि वह ज़ियादती करे

وَاَرٰى ﴿٤٦﴾ فَاْتِيٰهُ فَقُوْلَآ اِنَّا رَسُوْلَا رَبِّكَ فَاَرْسِلْ مَعَنَا بَنِيْٓ اِسْرَآءِيْلَ ۙ

बनी इस्राईल	हमारे साथ	पस भेज दे	तेरा रब	बेशक हम दोनों भेजे हुए	और तुम कहो	पस जाओ उस के पास	46	और मैं देखता हूँ

وَلَا تُعَذِّبْهُمْ ؕ قَدْ جِئْنٰكَ بِاٰيَةٍ مِّنْ رَّبِّكَ ؕ وَالسَّلٰمُ

और सलाम	तेरा रब	से	निशानी के साथ	हम तेरे पास आए हैं	और उन्हें अ़ज़ाब न दे

عَلٰى مَنِ اتَّبَعَ الْهُدٰى ﴿٤٧﴾ اِنَّا قَدْ اُوْحِيَ اِلَيْنَآ اَنَّ الْعَذَابَ عَلٰى

पर	अ़ज़ाब	कि	हमारी तरफ़	वहि की गई	बेशक	47	हिदायत	उस ने पैरवी की	जो - जिस	पर

مَنْ كَذَّبَ وَتَوَلّٰى ﴿٤٨﴾ قَالَ فَمَنْ رَّبُّكُمَا يٰمُوْسٰى ﴿٤٩﴾ قَالَ رَبُّنَا الَّذِيْٓ اَعْطٰى

अ़ता की	जिस ने	हमारा रब	उस ने कहा	49	ऐ मूसा (अ)	तुम्हारा रब	पस कौन	उस ने कहा	48	और मुंह फेरा	जिस ने झुटलाया

كُلَّ شَيْءٍ خَلْقَهٗ ثُمَّ هَدٰى ﴿٥٠﴾ قَالَ فَمَا بَالُ الْقُرُوْنِ الْاُوْلٰى ﴿٥١﴾

51	पहली	जमाअ़तें	हाल	फिर क्या	उस ने कहा	50	रहनुमाई की	फिर	उस की शक्ल ओ सूरत	हर चीज़

कि तू उसे सन्दूक़ में डाल, फिर
सन्दूक़ दर्या में डाल दे, फिर डाल देगा
दर्या उसे साहिल पर, मेरा और उस
का दुश्मन उस को ले लेगा (दर्या से
निकाल लेगा) और मैं ने डाल दी
तुझ पर मुहब्बत अपनी तरफ़ से
(मख़्लूक़ तुझ से मुहब्बत करे) ताकि
तू पर्वरिश पाए मेरे सामने। (39)
और (याद कर) जब तेरी बहन जा रही
थी तो (आले फ़िरऔन से) कह रही
थी कि क्या मैं तुम्हें (उस का पता)
बताऊँ जो इस की पर्वरिश करे?
पस हम ने तुझे तेरी माँ की तरफ़
लौटा दिया, ताकि उस की आँखें
ठंडी हों, और वह ग़म न करे,
और तू ने एक शख़्स को क़त्ल
कर दिया तो हम ने तुझे नजात दी
ग़म से, और तुझे कई आज़माइशों
से आज़माया, फिर कई साल मदयन
वालों में ठहरा रहा, फिर तू आया
वक़्ते मुक़र्रर पर ऐ मूसा (अ)
(मुताबिक़ तक़्दीरे इलाही)। (40)
और मैं ने तुझे ख़ास अपने लिए
बनाया। (41)
तुम और तुम्हारा भाई दोनों जाओ
मेरी निशानियों के साथ, और सुस्ती
न करना मेरी याद में। (42)
तुम दोनों फ़िरऔन के पास जाओ,
बेशक वह सरकश हो गया है। (43)
तुम उस को नर्म बात कहो शायद वह
नसीहत पकड़ ले या डर जाए। (44)
वह बोले, ऐ हमारे रब! बेशक हम
डरते हैं कि (कहीं) वह हम पर ज़ियादती
(न) करे या हद से (न) बढ़े। (45)
उस ने फ़रमाया तुम डरो नहीं,
बेशक मैं तुम्हारे साथ हूँ, मैं सुनता
और देखता हूँ। (46)
पस उस के पास जाओ और कहो
बेशक हम दोनों भेजे हुए हैं तेरे रब
के, पस बनी इस्राईल को हमारे साथ
भेज दे और उन्हें अ़ज़ाब न दे, हम
तेरे पास तेरे रब की निशानी के साथ
आए हैं, और सलाम हो उस पर जिस
ने हिदायत की पैरवी की। (47)
बेशक हमारी तरफ़ वहि की गई
है कि अ़ज़ाब है उस पर जिस ने
झुटलाया और मुंह फेरा। (48)
उस ने कहा ऐ मूसा (अ)! पस
तुम्हारा रब कौन है? (49)
मूसा (अ) ने कहा हमारा रब वह है
जिस ने हर चीज़ को उस की शक्ल
ओ सूरत अ़ता की फिर उस की
रहनुमाई की। (50)
उस ने कहा फिर पहली जमाअ़तों
का क्या हाल है? (51)

قَالَ عِلْمُهَا عِنْدَ رَبِّيْ فِيْ كِتٰبٍ ۚ لَا يَضِلُّ رَبِّيْ وَلَا يَنْسَى ﴿٥٢﴾

52	और न वह भूलता है	मेरा रब	वह न ग़लती करता है	किताब में	मेरा रब	पास	उस का इल्म	उस ने कहा

الَّذِيْ جَعَلَ لَكُمُ الْاَرْضَ مَهْدًا وَّسَلَكَ لَكُمْ فِيْهَا سُبُلًا

राहें	उस में	तुम्हारे लिए	और चलाईं	बिछौना	ज़मीन	तुम्हारे लिए	बनाया	वह जिस ने

وَّاَنْزَلَ مِنَ السَّمَآءِ مَآءً ۭ فَاَخْرَجْنَا بِهٖٓ اَزْوَاجًا مِّنْ نَّبَاتٍ شَتّٰى ﴿٥٣﴾

53	मुख़्तलिफ़	सब्ज़ी	से	जोड़े (अक़्साम)	उस से	फिर हम ने निकाले	पानी	आस्मान	से	और उतारा

ع ٢ ١١
كُلُوْا وَارْعَوْا اَنْعَامَكُمْ ۭ اِنَّ فِيْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّاُولِي النُّهٰى ﴿٥٤﴾ مِنْهَا

उस से	54	अक़्ल वालों के लिए	निशानियां	उस में	बेशक	अपने मवेशी	और चराओ	तुम खाओ

خَلَقْنٰكُمْ وَفِيْهَا نُعِيْدُكُمْ وَمِنْهَا نُخْرِجُكُمْ تَارَةً اُخْرٰى ﴿٥٥﴾ وَلَقَدْ اَرَيْنٰهُ

और हम ने उसे दिखाईं	55	दूसरी बार	हम निकालेंगे तुम्हें	और उस से	हम लौटा देंगे तुम्हें	और उस में	हम ने तुम्हें पैदा किया

اٰيٰتِنَا كُلَّهَا فَكَذَّبَ وَاَبٰى ﴿٥٦﴾ قَالَ اَجِئْتَنَا لِتُخْرِجَنَا مِنْ اَرْضِنَا

हमारी ज़मीन से	कि तू निकाल दे हमें	क्या तू आया हमारे पास	उस ने कहा	56	तो उस ने झुटलाया और इन्कार किया	तमाम	अपनी निशानियां

بِسِحْرِكَ يٰمُوْسٰى ﴿٥٧﴾ فَلَنَاْتِيَنَّكَ بِسِحْرٍ مِّثْلِهٖ فَاجْعَلْ بَيْنَنَا وَبَيْنَكَ

और अपने दरमियान	हमारे दरमियान	पस मुक़र्रर कर	उस जैसा	एक जादू	पस ज़रूर हम तेरे मुक़ाबल लाएंगे	57	ऐ मूसा (अ)	अपने जादू के ज़रीए

مَوْعِدًا لَّا نُخْلِفُهٗ نَحْنُ وَلَآ اَنْتَ مَكَانًا سُوًى ﴿٥٨﴾ قَالَ مَوْعِدُكُمْ

तुम्हारा वादा	उस ने कहा	58	एक हमवार मैदान	तू	और न	हम	हम उस के ख़िलाफ़ न करें	एक वादा (वक़्त)

يَوْمُ الزِّيْنَةِ وَاَنْ يُّحْشَرَ النَّاسُ ضُحًى ﴿٥٩﴾ فَتَوَلّٰى فِرْعَوْنُ فَجَمَعَ

उस ने जमा किया	फ़िरऔन	फिर लौट गया	59	दिन चढ़े	लोग	जमा किए जाएं	और यह कि	ज़ीनत (मेले) का दिन

كَيْدَهٗ ثُمَّ اَتٰى ﴿٦٠﴾ قَالَ لَهُمْ مُّوْسٰى وَيْلَكُمْ لَا تَفْتَرُوْا عَلَى اللّٰهِ كَذِبًا

झूट	अल्लाह पर	न घड़ो	ख़राबी तुम पर	मूसा (अ)	उन से	उस ने कहा	60	फिर वह आया	अपना दाओ

فَيُسْحِتَكُمْ بِعَذَابٍ ۚ وَقَدْ خَابَ مَنِ افْتَرٰى ﴿٦١﴾ فَتَنَازَعُوْٓا اَمْرَهُمْ

अपने काम में	तो वह झगड़ने लगे	61	जिस ने झूट बान्धा	और वह नामुराद हुआ	अज़ाब से	कि वह हलाक करदे तुम्हें

بَيْنَهُمْ وَاَسَرُّوا النَّجْوٰى ﴿٦٢﴾ قَالُوْٓا اِنْ هٰذٰنِ لَسٰحِرٰنِ يُرِيْدٰنِ

यह चाहते हैं	अलबत्ता जादूगर	यह दोनों	तहक़ीक़	वह कहने लगे	62	मशवरा	और उन्हों ने छुप कर किया	बाहम

اَنْ يُّخْرِجٰكُمْ مِّنْ اَرْضِكُمْ بِسِحْرِهِمَا وَيَذْهَبَا بِطَرِيْقَتِكُمُ الْمُثْلٰى ﴿٦٣﴾

63	अच्छा	तुम्हारा तरीक़ा	और वह लेजाएं	अपने जादू के ज़रीए	तुम्हारी सर ज़मीन	से	कि तुम्हें निकाल दें

فَاَجْمِعُوْا كَيْدَكُمْ ثُمَّ ائْتُوْا صَفًّا ۚ وَقَدْ اَفْلَحَ الْيَوْمَ مَنِ اسْتَعْلٰى ﴿٦٤﴾

64	ग़ालिब रहा	जो	आज	और तहक़ीक़ कामयाब होगा	सफ़ बान्ध कर	फिर तुम आओ	अपने दाओ	लिहाज़ा इकट्ठे कर लो तुम

قَالُوْا يٰمُوْسٰٓى اِمَّآ اَنْ تُلْقِيَ وَاِمَّآ اَنْ نَّكُوْنَ اَوَّلَ مَنْ اَلْقٰى ﴿٦٥﴾

65	डालें	जो	पहले	यह कि हम हों	और या	यह कि तू डाले	या तो	ऐ मूसा (अ)	वह बोले

मूसा (अ) ने कहा उस का इल्म मेरे रब के पास किताब में है, मेरा रब न ग़लती करता है, और न भूलता है। (52) वह जिस ने ज़मीन को तुम्हारे लिए बिछौना बनाया, और तुम्हारे लिए चलाईं उस में राहें, और आस्मान से पानी उतारा, फिर हम ने उस से सबज़ी की मुख़्तलिफ़ अक़्साम निकालीं। (53) तुम खाओ और अपने मवेशी चराओ, बेशक उस में अक़्ल वालों के लिए निशानियां हैं। (54) उस (ज़मीन) से हम ने तुम्हें पैदा किया और उसी में हम तुम्हें लौटा देंगे, और उसी से हम तुम्हें दूसरी बार निकालेंगे। (55) और हम ने उसे (फ़िरऔन) को अपनी तमाम निशानियां दिखाईं तो उस ने झुटलाया और इन्कार किया। (56) उस ने कहा ऐ मूसा (अ)! क्या तू हमारे पास आया है कि तू हमें अपने जादू के ज़रीए हमारी ज़मीन (मुल्क से) निकाल दे। (57) पस हम तेरे मुक़ाबल ज़रूर लाएंगे उस जैसा एक जादू, पस हमारे और अपने दरमियान एक वक़्त मुक़र्रर कर ले कि न हम उस के ख़िलाफ़ करें और न तू, एक हमवार मैदान (में मुक़ाबला होगा)। (58) मूसा (अ) ने कहा तुम्हारा वादा मेले का दिन है और यह कि लोग दिन चढ़े जमा किए जाएं। (59) फिर लौट गया फ़िरऔन, सो उस ने अपना दाओ (जादू का सामान) जमा किया, फिर आया। (60) मूसा (अ) ने उन से कहा तुम पर ख़राबी हो, अल्लाह पर न घड़ो झूट कि वह तुम्हें अज़ाब से हलाक करदे, और जिस ने झूट बान्धा वह नामुराद हुआ। (61) तो वह बाहम अपने काम में झगड़ने लगे और उन्हों ने छुप कर मशवरा किया। (62) वह कहने लगे तहक़ीक़ यह दोनों जादूगर हैं, यह चाहते हैं कि तुम्हें तुम्हारी सर ज़मीन से निकाल दें अपने जादू के ज़रीए, और तुम्हारा अच्छा तरीक़ा ले जाएं (नाबूद कर दें)। (63) लिहाज़ा अपने दाओ इकटठे कर लो, फिर सफ़ बान्ध कर आओ, और तहक़ीक़ कामयाब होगा वही जो आज ग़ालिब रहा। (64) वह बोले ऐ मूसा (अ)! या तो (पहले अपना दाओ) डाल या हम पहले डालें। (65)

قَالَ بَلْ اَلْقُوْا ۚ فَاِذَا حِبَالُهُمْ وَعِصِيُّهُمْ يُخَيَّلُ اِلَيْهِ مِنْ سِحْرِهِمْ

उन का जादू	से	उस के	ख़याल में आईं	और उन की लाठियां	उन की रस्सियां	तो नागहां	तुम डालो	बल्कि	उस ने कहा

اَنَّهَا تَسْعٰى ﴿٦٦﴾ فَاَوْجَسَ فِيْ نَفْسِهٖ خِيْفَةً مُّوْسٰى ﴿٦٧﴾ قُلْنَا لَا تَخَفْ

तुम डरो नहीं	हम ने कहा	67	मूसा (अ)	कुछ ख़ौफ़	अपने दिल में	तो पाया (महसूस किया)	66	दौड़ रही हैं	कि वह

اِنَّكَ اَنْتَ الْاَعْلٰى ﴿٦٨﴾ وَاَلْقِ مَا فِيْ يَمِيْنِكَ تَلْقَفْ مَا صَنَعُوْا ۭ اِنَّمَا

बेशक	जा उन्हों ने बनाया	वह निगल जाएगा	तुम्हारे दाएं हाथ में	जो	और डालो	68	ग़ालिब	तुम ही	बेशक तुम

صَنَعُوْا كَيْدُ سٰحِرٍ ۭ وَلَا يُفْلِحُ السَّاحِرُ حَيْثُ اَتٰى ﴿٦٩﴾ فَاُلْقِيَ السَّحَرَةُ

जादूगर	पस डाल दिए गए	69	वह आए	जहां (कहीं)	जादूगर	और कामयाब नहीं होगा	जादूगर	फ़रेब	उन्हों ने बनाया

سُجَّدًا قَالُوْٓا اٰمَنَّا بِرَبِّ هٰرُوْنَ وَمُوْسٰى ﴿٧٠﴾ قَالَ اٰمَنْتُمْ لَهٗ قَبْلَ

पहले	उस पर	तुम ईमान लाए	उस ने कहा	70	और मूसा (अ)	हारून (अ)	रब पर	हम ईमान लाए	वह बोले	सिज्दे में

اَنْ اٰذَنَ لَكُمْ ۭ اِنَّهٗ لَكَبِيْرُكُمُ الَّذِيْ عَلَّمَكُمُ السِّحْرَ ۚ فَلَاُقَطِّعَنَّ

पस मैं ज़रूर काटूँगा	जादू	तुम्हें सिखाया	वह जिस ने	तुम्हारा बड़ा	बेशक वह	तुम्हें	कि मैं इजाज़त दूँ

اَيْدِيَكُمْ وَاَرْجُلَكُمْ مِّنْ خِلَافٍ وَّلَاُوصَلِّبَنَّكُمْ فِيْ جُذُوْعِ النَّخْلِ ۡ

खजूर के तने	में - पर	और मैं तुम्हें ज़रूर सूली दूँगा	दूसरी तरफ़ से	और तुम्हारे पाऊँ	तुम्हारे हाथ

وَلَتَعْلَمُنَّ اَيُّنَآ اَشَدُّ عَذَابًا وَّاَبْقٰى ﴿٧١﴾ قَالُوْا لَنْ نُّؤْثِرَكَ عَلٰى

पर	हम हरगिज़ तुझे तरजीह न देंगे	उन्हों ने कहा	71	और ता देर रहने वाला	अ़ज़ाब में	ज़ियादा सख़्त	हम में कौन	और तुम खूब जान लोगे

مَا جَآءَنَا مِنَ الْبَيِّنٰتِ وَالَّذِيْ فَطَرَنَا فَاقْضِ مَآ اَنْتَ قَاضٍ ۭ

करने वाला	तू	जो	पस तू कर गुज़र	और वह जिस ने हमें पैदा किया	वाज़ेह दलाइल से	जो हमारे पास आए

اِنَّمَا تَقْضِيْ هٰذِهِ الْحَيٰوةَ الدُّنْيَا ﴿٧٢﴾ اِنَّآ اٰمَنَّا بِرَبِّنَا لِيَغْفِرَ لَنَا

कि वह बख़्शदे हमें	अपने रब पर	बेशक हम ईमान लाए	72	दुनिया की ज़िन्दगी	इस	तू करे गा	उस के सिवा नहीं

الثلثة

خَطٰيٰنَا وَمَآ اَكْرَهْتَنَا عَلَيْهِ مِنَ السِّحْرِ ۭ وَاللّٰهُ خَيْرٌ وَّاَبْقٰى ﴿٧٣﴾

73	बेहतर और हमेशा बाक़ी रहने वाला	और अल्लाह	जादू	से	उस पर	तू ने हमें मजबूर किया	और जो	हमारी ख़ताएं

اِنَّهٗ مَنْ يَّاْتِ رَبَّهٗ مُجْرِمًا فَاِنَّ لَهٗ جَهَنَّمَ ۭ لَا يَمُوْتُ فِيْهَا

उस में	न वह मरेगा	जहन्नम	उस के लिए	तो बेशक	मुज्रिम बन कर	अपने रब के सामने	जो आया	बेशक वह

وَلَا يَحْيٰى ﴿٧٤﴾ وَمَنْ يَّاْتِهٖ مُؤْمِنًا قَدْ عَمِلَ الصّٰلِحٰتِ فَاُولٰۗىِٕكَ

पस यही लोग	अच्छे	उस ने अ़मल किए	मोमिन बन कर	उस के पास आया	और जो	74	और न जिएगा

لَهُمُ الدَّرَجٰتُ الْعُلٰى ﴿٧٥﴾ جَنّٰتُ عَدْنٍ تَجْرِيْ مِنْ تَحْتِهَا

उन के नीचे	जारी हैं	हमेशा रहने वाले	बाग़ात	75	बुलन्द	दरजे	उन के लिए

ع ٣ ٢٢ ١٢

الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا ۭ وَذٰلِكَ جَزٰۗؤُا مَنْ تَزَكّٰى ﴿٧٦﴾

76	जो पाक हुआ	जज़ा है	और यह	उस में	हमेशा रहेंगे	नहरें

उस ने कहा (नहीं) बल्कि तुम डालो, तो नागहां उन की रस्सियां और उन की लाठियां उस (मूसा अ) के ख़याल में आईं (ऐसे नमूदार हुईं) उन के जादू से कि गोया वह दौड़ रही हैं। (66)
तो मूसा (अ) ने अपने दिल में कुछ ख़ौफ़ महसूस किया। (67)
हम ने कहा तुम डरो नहीं, बेशक तुम ही ग़ालिब रहोगे। (68)
और जो तुम्हारे दाएं हाथ में है डालो वह निगल जाएगा जो कुछ उन्हों ने बनाया है, बेशक (जो कुछ) उन्हों ने बनाया है वह जादूगर का फ़रेब है, और जादूगर किसी शान से आए वह कामयाब नहीं होता। (69)
पस जादूगर सिज्दे में डाल दिए गए (गिर पड़े) वह बोले हम हारून (अ) और मूसा (अ) के रब पर ईमान लाए। (70)
फ़िरऔन ने कहा तुम उस पर ईमान ले आए (इस से) पहले कि मैं तुम्हें इजाज़त दूँ, बेशक वह (मूसा अ) तुम्हारा बड़ा है जिस ने तुम्हें जादू सिखाया है, पस मैं ज़रूर काट डालूँगा तुम्हारे हाथ पाऊँ (जानिब) ख़िलाफ़ से (एक तरफ़ का हाथ दूसरी तरफ़ का पाऊँ) और मैं ज़रूर तुम्हें खजूर के तनों पर सूली दूँगा, और तुम खूब जान लोगे कि हम दोनों में से किस का अ़ज़ाब ज़ियादा सख़्त और देर पा है। (71)
उन्हों ने कहा हम तुझे हरगिज़ तरजीह न देंगे उन वाज़ेह दलाइल से जो हमारे पास आए हैं और उस पर जिस ने हमें पैदा किया है, पस तू कर गुज़र जो तू करने वाला है, उस के सिवा नहीं कि तू (सिर्फ़) इस दुनिया की ज़िन्दगी में करेगा। (72)
बेशक हम अपने रब पर ईमान लाए कि वह हमारी ख़ताएं बख़्शदे और उस पर जो तू ने हमें जादू के लिए मजबूर किया, और अल्लाह बेहतर है और हमेशा बाक़ी रहने वाला है। (73)
बेशक वह, जो अपने रब के सामने आया मुज्रिम बन कर तो बेशक उस के लिए जहन्नम है, न वह उस में मरेगा और न जिएगा। (74)
और जो उस के पास मोमिन बन कर आया और उस ने अच्छे अ़मल किए, पस यही लोग हैं जिन के लिए दरजे बुलन्द हैं। (75)
हमेशा रहने वाले बाग़ात, जारी हैं उन के नीचे नहरें, उन में हमेशा रहेंगे, और यह जज़ा है (उस की) जो पाक हुआ। (76)

وَلَقَدْ اَوْحَيْنَآ اِلٰى مُوْسٰٓى ۙ اَنْ اَسْرِ بِعِبَادِىْ فَاضْرِبْ

पस बना लेना	मेरे बन्दे	कि रातों रात लेजा	मूसा (अ)	तरफ़ - को	और तहक़ीक़ हम ने वहि की

لَهُمْ طَرِيْقًا فِى الْبَحْرِ يَبَسًا ۙ لَّا تَخٰفُ دَرَكًا وَّلَا تَخْشٰى ﴿٧٧﴾

77	और न डर	पकड़ना	ख़ौफ़ होगा	न	ख़ुश्क	दर्या में	रास्ता	उन के लिए

فَاَتْبَعَهُمْ فِرْعَوْنُ بِجُنُوْدِهٖ فَغَشِيَهُمْ مِّنَ الْيَمِّ مَا غَشِيَهُمْ ؕ ﴿٧٨﴾

78	जैसा कि उन को ढांप लिया	दर्या से	उन्हें ढांप लिया	अपने लशकर के साथ	फ़िरऔन	फिर उन का पीछा किया

وَاَضَلَّ فِرْعَوْنُ قَوْمَهٗ وَمَا هَدٰى ﴿٧٩﴾ يٰبَنِىْٓ اِسْرَآءِيْلَ قَدْ

तहक़ीक़	ऐ बनी इस्राईल	79	और न हिदायत दी	अपनी क़ौम	फ़िरऔन	और गुमराह किया

اَنْجَيْنٰكُمْ مِّنْ عَدُوِّكُمْ وَوٰعَدْنٰكُمْ جَانِبَ الطُّوْرِ الْاَيْمَنَ

दाएं	कोहे तूर	जानिब	और हम ने तुम से वादा किया	तुम्हारा दुश्मन	से	हम ने तुम्हें नजात दी

وَنَزَّلْنَا عَلَيْكُمُ الْمَنَّ وَالسَّلْوٰى ﴿٨٠﴾ كُلُوْا مِنْ طَيِّبٰتِ

पाकीज़ा चीज़ें	से	तुम खाओ	80	और सलवा	मन्न	तुम पर	और हम ने उतारा

مَا رَزَقْنٰكُمْ وَلَا تَطْغَوْا فِيْهِ فَيَحِلَّ عَلَيْكُمْ غَضَبِىْ ۚ وَمَنْ

और जो	मेरा ग़ज़ब	तुम पर	कि उतरेगा	उस में	और न सरकशी करो	जो हम ने तुम्हें दिया

يَّحْلِلْ عَلَيْهِ غَضَبِىْ فَقَدْ هَوٰى ﴿٨١﴾ وَاِنِّىْ لَغَفَّارٌ لِّمَنْ

उस को जो	बड़ा बख़्शने वाला	और बेशक मैं	81	तो वह गिरा (नीस्त ओ नाबूद हुआ)	मेरा ग़ज़ब	उस पर	उतरा

تَابَ وَاٰمَنَ وَعَمِلَ صَالِحًا ثُمَّ اهْتَدٰى ﴿٨٢﴾ وَمَآ اَعْجَلَكَ

तुझे जल्द लाई	और क्या (चीज़)	82	हिदायत पर रहा	फिर	नेक	और उस ने अ़मल किया	और वह ईमान लाया	तौबा की

عَنْ قَوْمِكَ يٰمُوْسٰى ﴿٨٣﴾ قَالَ هُمْ اُولَآءِ عَلٰٓى اَثَرِىْ

मेरे पीछे	यह हैं	वह	उस ने कहा	83	ऐ मूसा (अ)	अपनी क़ौम से

وَعَجِلْتُ اِلَيْكَ رَبِّ لِتَرْضٰى ﴿٨٤﴾ قَالَ فَاِنَّا قَدْ فَتَنَّا

आज़माइश में डाला	तहक़ीक़	पस हम ने	उस ने कहा	84	ताकि तू राज़ी हो	ऐ मेरे रब	तेरी तरफ़	और मैं ने जल्दी की

قَوْمَكَ مِنْ بَعْدِكَ وَاَضَلَّهُمُ السَّامِرِىُّ ﴿٨٥﴾ فَرَجَعَ

पस लौटा	85	सामरी	और उन्हें गुमराह किया	तेरे बाद	तेरी क़ौम

مُوْسٰٓى اِلٰى قَوْمِهٖ غَضْبَانَ اَسِفًا ۚ قَالَ يٰقَوْمِ اَلَمْ يَعِدْكُمْ

क्या तुम से वादा नहीं किया था	ऐ मेरी क़ौम	उस ने कहा	अफ़सोस करता	गुस्से में भरा हुआ	अपनी क़ौम की तरफ़	मूसा (अ)

رَبُّكُمْ وَعْدًا حَسَنًا ۬ اَفَطَالَ عَلَيْكُمُ الْعَهْدُ اَمْ اَرَدْتُّمْ

या तुम ने चाहा	मुद्दत	तुम पर	क्या तवील हो गई	अच्छा वादा	तुम्हारा रब

اَنْ يَّحِلَّ عَلَيْكُمْ غَضَبٌ مِّنْ رَّبِّكُمْ فَاَخْلَفْتُمْ مَّوْعِدِىْ ﴿٨٦﴾

86	मेरा वादा	फिर तुम ने ख़िलाफ़ किया	तुम्हारा रब	से-का	ग़ज़ब	तुम पर	कि उतरे

और तहक़ीक़ हम ने वहि की मूसा (अ) को कि रातों रात मेरे बन्दों को (निकाल) ले जा, उन के लिए दर्या में (असा मार कर) ख़ुश्क रास्ता बना लेना, न तुझे पकड़ने का ख़ौफ़ होगा और न (ग़र्क़ होने का) डर होगा। **(77)**

फिर फ़िरऔन ने अपने लशकर के साथ उन का पीछा किया तो उन्हें दर्या (की मौजों) ने ढांप लिया, जैसा कि ढांप लिया (बिलकुल ग़र्क़ कर दिया)। **(78)**

और फ़िरऔन ने अपनी क़ौम को गुमराह किया और हिदायत न दी। **(79)**

ऐ बनी इस्राईल (औलादे याक़ूब)! तहक़ीक़ हम ने तुम्हारे दुश्मन से तुम्हें नजात दी और कोहे तूर के दाएं जानिब तुम से (तौरेत अ़ता करने का) वादा किया और हम ने तुम पर उतारा "मन्न" और "सलवा"। **(80)**

जो हम ने तुम्हें दिया उस में से पाकीज़ा चीज़े खाओ, और उस में सरकशी न करो कि तुम पर उतरे मेरा ग़ज़ब, और जिस पर मेरा ग़ज़ब उतरा वह नीस्त ओ नाबूद हुआ। **(81)**

और बेशक मैं बड़ा बख़्शने वाला हूँ उस को जिस ने तौबा की, और वह ईमान लाया और उस ने अ़मल किया नेक, फिर हिदायत पर रहा। **(82)**

और ऐ मूसा (अ)! और क्या चीज़ तुझे अपनी क़ौम से जल्द लाई (क्यों जल्दी की)? **(83)**

उस ने कहा वह मेरे पीछे (आ ही रहे) हैं, मैं ने तेरी तरफ़ (आने में) जल्दी की ताकि तू राज़ी हो। **(84)**

उस ने कहा पस हम ने तहक़ीक़ तेरी क़ौम को आज़माइश में डाला, और उन्हें सामरी ने गुमराह किया। **(85)**

पस मूसा (अ) अपनी क़ौम की तरफ़ लौटे, गुस्से में भरे हुए, अफ़सोस करते हुए, कहा ऐ मेरी क़ौम! क्या तुम से तुम्हारे रब ने अच्छा वादा नहीं किया था? क्या तवील हो गई तुम पर (मेरी जुदाई की) मुद्दत? या तुम ने चाहा कि तुम पर तुम्हारे रब का ग़ज़ब उतरे? फिर तुम ने ख़िलाफ़ किया मेरे वादे के (वादा ख़िलाफ़ी की)। **(86)**

قَالُوْا مَآ اَخْلَفْنَا مَوْعِدَكَ بِمَلْكِنَا وَلٰكِنَّا حُمِّلْنَآ اَوْزَارًا مِّنْ

से- का	बोझ	हम पर लादा गया	और लेकिन (बल्कि)	अपने इख़्तियार से	तुम्हारा वादा	हम ने ख़िलाफ़ नहीं किया	वह बोले

زِيْنَةِ الْقَوْمِ فَقَذَفْنٰهَا فَكَذٰلِكَ اَلْقَى السَّامِرِيُّ ﴿٨٧﴾ فَاَخْرَجَ لَهُمْ عِجْلًا

एक बछड़ा	उन के लिए	फिर उस ने निकाला	87	सामरी	डाला	फिर उसी तरह	तो हम ने उसे डाल दिया	क़ौम का ज़ेवर

جَسَدًا لَّهٗ خُوَارٌ فَقَالُوْا هٰذَآ اِلٰهُكُمْ وَاِلٰهُ مُوْسٰى ۬ فَنَسِيَ ﴿٨٨﴾

88	फिर वह भूल गया	मूसा (अ)	और माबूद	तुम्हारा माबूद	यह	फिर उन्हों ने कहा	गाय की आवाज़	उस के लिए	एक क़ालिब

ع ١٣ / ١٣
اَفَلَا يَرَوْنَ اَلَّا يَرْجِعُ اِلَيْهِمْ قَوْلًا ۬ وَّلَا يَمْلِكُ لَهُمْ ضَرًّا وَّلَا نَفْعًا ﴿٨٩﴾

89	और न नफ़ा	नुक़्सान	उन के	और इख़्तियार नहीं रखता	बात (जवाब)	उन की तरफ़	कि वह नहीं फेरता	पस क्या वह नहीं देखते

وَلَقَدْ قَالَ لَهُمْ هٰرُوْنُ مِنْ قَبْلُ يٰقَوْمِ اِنَّمَا فُتِنْتُمْ بِهٖ ۚ وَاِنَّ

और बेशक	इस से	तुम आज़माए गए	इस के सिवा नहीं	ऐ मेरी क़ौम	उस से पहले	हारून (अ)	उन से	कहा	और तहक़ीक़

رَبَّكُمُ الرَّحْمٰنُ فَاتَّبِعُوْنِيْ وَاَطِيْعُوْٓا اَمْرِيْ ﴿٩٠﴾ قَالُوْا لَنْ نَّبْرَحَ

हम हरगिज़ जुदा न होंगे	उन्हों ने कहा	90	मेरी बात	और इताअ़त करो (मानो)	सो मेरी पैरवी करो	रहमान है	तुम्हारा रब

عَلَيْهِ عٰكِفِيْنَ حَتّٰى يَرْجِعَ اِلَيْنَا مُوْسٰى ﴿٩١﴾ قَالَ يٰهٰرُوْنُ

ऐ हारून (अ)	उस ने कहा	91	मूसा (अ)	हमारी तरफ़	लौटे	यहां तक कि	जमे हुए	उस पर

مَا مَنَعَكَ اِذْ رَاَيْتَهُمْ ضَلُّوْٓا ﴿٩٢﴾ اَلَّا تَتَّبِعَنِ ؕ اَفَعَصَيْتَ اَمْرِيْ ﴿٩٣﴾

93	मेरा यह हुक्म	तो क्या तू ने नाफ़रमानी की	कि तू न मेरी पैरवी करे	92	वह गुमराह हो गए	तू ने देखा उन्हें	जब	तुझे किस चीज़ ने रोका

قَالَ يَبْنَؤُمَّ لَا تَاْخُذْ بِلِحْيَتِيْ وَلَا بِرَاْسِيْ ۚ اِنِّيْ خَشِيْتُ

डरा	बेशक मैं	और न सर से	मुझे दाढ़ी से	न पकड़ें	ऐ मेरे माँ जाए	उस ने कहा

اَنْ تَقُوْلَ فَرَّقْتَ بَيْنَ بَنِيْٓ اِسْرَآءِيْلَ وَلَمْ تَرْقُبْ قَوْلِيْ ﴿٩٤﴾ قَالَ

उस ने कहा	94	मेरी बात	और न ख़याल रखा	बनी इस्राईल	दरमियान	तू ने तफ़रिक़ा डाल दिया	कि तुम कहोगे

فَمَا خَطْبُكَ يٰسَامِرِيُّ ﴿٩٥﴾ قَالَ بَصُرْتُ بِمَا لَمْ يَبْصُرُوْا بِهٖ

उस को	उन्हों ने न देखा	वह जो कि	मैं ने देखा	वह बोला	95	ऐ सामरी	तेरा हाल	पस क्या

فَقَبَضْتُ قَبْضَةً مِّنْ اَثَرِ الرَّسُوْلِ فَنَبَذْتُهَا وَكَذٰلِكَ سَوَّلَتْ

फुसलाया	और इसी तरह	तो मैं ने वह डालदी	रसूल का नक़्शे क़दम	से	एक मुट्ठी	पस मैं ने मुट्ठी भर ली

لِيْ نَفْسِيْ ﴿٩٦﴾ قَالَ فَاذْهَبْ فَاِنَّ لَكَ فِي الْحَيٰوةِ اَنْ تَقُوْلَ لَا

न	तू कहे	कि	ज़िन्दगी में	बेशक तेरे लिए	पस तू जा	उस ने कहा	96	मेरा नफ़्स	मुझे

مِسَاسَ ۠ وَاِنَّ لَكَ مَوْعِدًا لَّنْ تُخْلَفَهٗ ۚ وَانْظُرْ اِلٰٓى اِلٰهِكَ الَّذِيْ

वह जिस	अपने माबूद	तरफ़	और देख	हरगिज़ तुझ से ख़िलाफ़ न होगा	एक वक़्त मुक़र्रर	तेरे लिए	और बेशक	छूना (हाथ लगाना)

ظَلْتَ عَلَيْهِ عَاكِفًا ؕ لَنُحَرِّقَنَّهٗ ثُمَّ لَنَنْسِفَنَّهٗ فِي الْيَمِّ نَسْفًا ﴿٩٧﴾

97	उड़ा कर	दर्या में	फिर अलबत्ता उसे बिखेर देंगे	हम उसे अलबत्ता जलाएंगे	जमा हुआ	उस पर	तू रहता था

वह बोले हम ने अपने इख़्तियार से तुम्हारे वादे के ख़िलाफ़ नहीं किया, बल्कि हम पर बोझ लादा गया क़ौम के ज़ेवर का, तो हम ने उसे (आग में) डाल दिया, फिर उसी तरह सामरी ने डाला। (87) फिर उस ने उन के लिए एक बछड़ा निकाला (बनाया), एक मूर्ति जिस में गाय की आवाज़ निकलती थी, फिर उन्हों ने कहा यह तुम्हारा माबूद है, और मूसा (अ) का माबूद है, वह (मूसा अ) तो भूल गया है। (88) भला क्या वह नहीं देखते? कि वह (बछड़ा) उन की तरफ़ बात नहीं फेरता (उन को जवाब नहीं देता) न उन के नुक़्सान का इख़्तियार रखता है और न नफ़ा का। (89) और तहक़ीक़ उन से हारून (अ) ने उस से पहले कहा था कि ऐ मेरी क़ौम! इस के सिवा नहीं कि तुम इस से आज़माए गए हो और बेशक तुम्हारा रब रहमान है, सो मेरी पैरवी करो और मेरी बात मानो। (90) उन्हों ने कहा हम हरगिज़ उस से जुदा न होंगे जमे हुए (बैठे रहेंगे) यहां तक कि मूसा (अ) हमारी तरफ़ लौटें। (91) उस (मूसा अ) ने कहा ऐ हारून (अ)! तुझे किस चीज़ ने रोका जब तू ने देखा कि वह गुमराह हो गए हैं। (92) कि तू न मेरी पैरवी करे? तो क्या तू ने नाफ़रमानी की मेरे हुक्म की? (93) उस ने कहा ऐ मेरे माँ जाए! मुझे दाढ़ी से और न सर (के बालों) से पकड़ें, बेशक मैं डरा कि तुम कहोगे कि तू ने फोट डाल दिया बनी इस्राईल के दरमियान, और मेरी बात का ख़याल न रखा। (94) (फिर मूसा अ ने सामरी से) कहा ऐ सामरी! तेरा क्या हाल है? (95) वह बोला मैं ने वह देखा जिस को उन्हों ने नहीं देखा, पस मैं ने रसूल के नक़्शे क़दम से एक मुट्ठी भर ली तो मैं ने वह (बछड़े के क़ालिब में) डाल दी और इसी तरह मेरे नफ़्स ने मुझे फुसलाया। (96) मूसा (अ) ने कहा पस तू जा, बेशक तेरे लिए ज़िन्दगी में (यह सज़ा) है कि तू कहता फिरेः न छूना मुझे, और बेशक तेरे लिए एक वक़्ते मुक़र्रर है, हरगिज़ तुझ से ख़िलाफ़ न होगा (न टलेगा), और अपने माबूद की तरफ़ देख जिस पर तू (बैठा) रहता था जमा हुआ, हम उसे अलबत्ता जला देंगे फिर इस (की राख) उड़ा कर दर्या में ज़रूर बिखेर देंगे। (97)

इस के सिवा नहीं कि तुम्हारा माबूद अल्लाह है, वह जिस के सिवा कोई माबूद नहीं, उस का इल्म हर शै पर मुहीत है। (98)
उसी तरह हम तुम से (वह) अहवाल बयान करते हैं जो गुज़र चुके, और तहक़ीक़ हम ने तुम्हें अपने पास से किताबे नसीहत (क़ुरआन) दिया। (99)
जिस ने उस से मुँह फेरा वह बेशक लादेगा क़ियामत के दिन भारी बोझ। (100)
वह उस में हमेशा रहेंगे, और बुरा है उन के लिए क़ियामत के दिन का बोझ। (101)
जिस दिन सूर में फूंक मारी जाएगी, और हम मुज्रीमों को इकटठा करेंगे उस दिन (उन की) आँखें नीली (बे नूर होंगी)। (102)
आपस में आहिस्ता आहिस्ता कहेंगे तुम (दुनिया में) सिर्फ़ दस दिन रहे हो। (103)
वह जो कहते हैं हम ख़ूब जानते हैं जब उन का सब से अच्छी राह वाला (होशमन्द) कहेगा तुम सिर्फ़ एक दिन रहे हो। (104)
और वह आप (स) से पहाड़ो के बारे में दर्याफ़्त करते हैं, तो आप (स) कह दें मेरा रब उन्हें उड़ा कर बिखेर देगा। (105)
फिर उसे (ज़मीन को) एक हमवार मैदान कर छोड़ेगा। (106)
और तू न देखेगा उस में कोई कजी (नाहमवारी) और न कोई बुलन्दी। (107)
उस दिन सब पीछे चलेंगे एक पुकारने वाले के, उस के लिए कोई कजी न होगी और अल्लाह के सामने आवाज़ें पस्त हो जाएंगी, बस तू सिर्फ़ पस्त आवाज़ सुनेगा। (108)
उस दिन कोई शफ़ाअत नफ़ा न देगी मगर जिस को अल्लाह इजाज़त दे, और उस की बात पसंद करे। (109)
वह जानता है जो कुछ उन के आगे और उन के पीछे है, और वह (अपने इल्म में) उस का अहाता नहीं कर सकते। (110)
और चेहरे झुक जाएंगे "हैय ओ क़य्यूम" (ज़िन्दा क़ाइम) के सामने, और नामुराद हुआ वह जिस ने ज़ुल्म का बोझ उठाया। (111)
और जो कोई नेकी करे, बशर्त यह कि वह मोमिन हो तो न उसे किसी ज़ुल्म का ख़ौफ़ होगा और न किसी नुक़्सान का। (112)
और उसी तरह हम ने उस पर क़ुरआन नाज़िल किया अ़रबी में और हम ने उस में तरह तरह से डरावे बयान किए ताकि वह परहेज़गार हो जाएं या वह उन के लिए कोई नसीहत पैदा कर दे। (113)

إِنَّمَآ إِلٰهُكُمُ اللّٰهُ الَّذِي لَآ إِلٰهَ إِلَّا هُوَ ۚ وَسِعَ كُلَّ شَيْءٍ عِلْمًا ﴿٩٨﴾

98	इल्म	हर शै	वसीअ (मुहीत है)	उस के सिवा	कोई माबूद	नहीं	वह जो	अल्लाह	तुम्हारा माबूद	इस के सिवा नहीं

كَذٰلِكَ نَقُصُّ عَلَيْكَ مِنْ أَنْبَآءِ مَا قَدْ سَبَقَ ۚ وَقَدْ اٰتَيْنٰكَ مِنْ لَّدُنَّا

अपने पास से	और तहक़ीक़ हम ने तुम्हें दिया	गुज़र चुका	जो	ख़बरें अहवाल	से	तुझ पर- से	हम बयान करते हैं	इसी तरह

ذِكْرًا ﴿٩٩﴾ مَّنْ أَعْرَضَ عَنْهُ فَإِنَّهُ يَحْمِلُ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ وِزْرًا ﴿١٠٠﴾ خٰلِدِينَ

वह हमेशा रहेंगे	100	(भारी) बोझ	क़ियामत के दिन	लादेगा	तो बेशक वह	उस से	मुंह फेरा	जिस	99	(किताबे) नसीहत

فِيهِ ۚ وَسَآءَ لَهُمْ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ حِمْلًا ﴿١٠١﴾ يَّوْمَ يُنْفَخُ فِي الصُّورِ وَنَحْشُرُ

और हम इकटठा करेंगे	सूर में	फूंक मारी जाएगी	जिस दिन	101	बोझ	क़ियामत के दिन	उन के लिए	और बुरा है	उस में

الْمُجْرِمِينَ يَوْمَئِذٍ زُرْقًا ﴿١٠٢﴾ يَّتَخَافَتُونَ بَيْنَهُمْ إِنْ لَّبِثْتُمْ إِلَّا

मगर (सिर्फ़)	तुम रहे	नहीं	आपस में	आहिस्ता आहिस्ता कहेंगे	102	नीली आँखें	उस दिन	मुज्रीमों को

عَشْرًا ﴿١٠٣﴾ نَحْنُ أَعْلَمُ بِمَا يَقُولُونَ إِذْ يَقُولُ أَمْثَلُهُمْ طَرِيقَةً إِنْ

नहीं	राह	सब से अच्छी	जब कहेगा	वह कहते हैं	वह जो	खूब जानते हैं	हम	103	दस दिन

لَّبِثْتُمْ إِلَّا يَوْمًا ﴿١٠٤﴾ وَيَسْـَٔلُونَكَ عَنِ الْجِبَالِ فَقُلْ يَنْسِفُهَا رَبِّي نَسْفًا ﴿١٠٥﴾ ع ١٥ ١٤

105	उड़ा कर	मेरा रब	उन्हें बिखेर देगा	तो कह दें	पहाड़ के बारे में	और वह आप से दर्याफ़्त करेंगे	104	एक दिन	मगर	रहे तुम

فَيَذَرُهَا قَاعًا صَفْصَفًا ﴿١٠٦﴾ لَّا تَرٰى فِيهَا عِوَجًا وَّلَآ أَمْتًا ﴿١٠٧﴾ يَوْمَئِذٍ

उस दिन	107	कोई बुलन्दी	और न	कोई कजी	उस में	न देखेगा तू	106	एक हमवार	मैदान	फिर उसे छोड़ देगा

يَتَّبِعُونَ الدَّاعِيَ لَا عِوَجَ لَهُ ۚ وَخَشَعَتِ الْأَصْوَاتُ لِلرَّحْمٰنِ

रहमान के लिए (सामने)	आवाज़े	और पस्त होजाएंगी	उस के लिए	नहीं कोई कजी	एक पुकारने वाला	वह सब पीछे चलेंगे

فَلَا تَسْمَعُ إِلَّا هَمْسًا ﴿١٠٨﴾ يَوْمَئِذٍ لَّا تَنْفَعُ الشَّفَاعَةُ إِلَّا مَنْ أَذِنَ لَهُ

इजाज़त दे उस को	जिस	मगर	कोई शफ़ाअत	न नफ़ा देगी	उस दिन	108	आहिस्ता आवाज़	मगर (सिर्फ़)	बस तू न सुनेगा

الرَّحْمٰنُ وَرَضِيَ لَهُ قَوْلًا ﴿١٠٩﴾ يَعْلَمُ مَا بَيْنَ أَيْدِيهِمْ وَمَا خَلْفَهُمْ

उन के पीछे	और जो	उन के हाथों के दरमियान (आगे)	जो	वह जानता है	109	बात	उस की	और पसन्द करे	रहमान

وَلَا يُحِيطُونَ بِهِ عِلْمًا ﴿١١٠﴾ وَعَنَتِ الْوُجُوهُ لِلْحَيِّ الْقَيُّومِ ۖ

"क़य्यूम"	सामने "हैय"	चेहरे	झुक जाएंगे	110	इल्म के अन्दर	उस का	और वह अहाता नहीं कर सकते

وَقَدْ خَابَ مَنْ حَمَلَ ظُلْمًا ﴿١١١﴾ وَمَنْ يَّعْمَلْ مِنَ الصّٰلِحٰتِ وَهُوَ مُؤْمِنٌ

मोमिन	और वह	नेकी	से- कोई	करे	और जो	111	ज़ुल्म	बोझ उठाया	जो- जिस	और नामुराद हुआ

فَلَا يَخٰفُ ظُلْمًا وَّلَا هَضْمًا ﴿١١٢﴾ وَكَذٰلِكَ أَنْزَلْنٰهُ قُرْاٰنًا عَرَبِيًّا

अरबी	कुरआन	हम ने उस पर नाज़िल किया	और उसी तरह	112	और न किसी नुक़्सान का	किसी ज़ुल्म का	तो न उसे ख़ौफ़ होगा

وَّصَرَّفْنَا فِيهِ مِنَ الْوَعِيدِ لَعَلَّهُمْ يَتَّقُونَ أَوْ يُحْدِثُ لَهُمْ ذِكْرًا ﴿١١٣﴾

113	कोई नसीहत	उन के लिए	या वह पैदा करदे	परहेज़गार हो जाएं	ताकि वह	डरावे	से	और हम ने तरह तरह से बयान किए उस में

ع ٦ ١٥ ٢١

فَتَعٰلَى اللّٰهُ الْمَلِكُ الْحَقُّ ۚ وَلَا تَعْجَلْ بِالْقُرْاٰنِ مِنْ قَبْلِ اَنْ

कि	इस से क़ब्ल	क़ुरआन में	जल्दी करो	और न	सच्चा	बादशाह	सो बुलन्द ओ बरतर है अल्लाह

يُّقْضٰۤى اِلَيْكَ وَحْيُهٗ ۫ وَقُلْ رَّبِّ زِدْنِىْ عِلْمًا ﴿١١٤﴾ وَلَقَدْ عَهِدْنَاۤ

और हम ने हुक्म भेजा	114	इल्म	ज़ियादा दे मुझे	ऐ मेरे रब	और कहिए	उस की वहि	तुम्हारी तरफ़	पूरी की जाए

اِلٰۤى اٰدَمَ مِنْ قَبْلُ فَنَسِىَ وَلَمْ نَجِدْ لَهٗ عَزْمًا ﴿١١٥﴾ ع وَاِذْ قُلْنَا لِلْمَلٰۤئِكَةِ

फ़रिश्तों को	और (याद करो) जब हम ने कहा	115	पुख़्ता इरादा	उस में	और हम ने न पाया	तो वह भूल गया	उस से क़ब्ल	आदम की तरफ़

اسْجُدُوْا لِاٰدَمَ فَسَجَدُوْۤا اِلَّاۤ اِبْلِيْسَ ؕ اَبٰى ﴿١١٦﴾ فَقُلْنَا يٰۤاٰدَمُ اِنَّ هٰذَا

बेशक यह	ऐ आदम (अ)	पस हम ने कहा	116	उस ने इन्कार किया	इब्लीस	सिवाए	तो सब ने सिज्दा किया	आदम को	तुम सिज्दा करो

عَدُوٌّ لَّكَ وَلِزَوْجِكَ فَلَا يُخْرِجَنَّكُمَا مِنَ الْجَنَّةِ فَتَشْقٰى ﴿١١٧﴾ اِنَّ

बेशक	117	फिर तुम मुसीबत में पड़ जाओ	जन्नत से	न निकलवा दे	सो तुम्हें	और तुम्हारी बीवी का	तुम्हारा	दुश्मन

لَكَ اَلَّا تَجُوْعَ فِيْهَا وَلَا تَعْرٰى ﴿١١٨﴾ لا وَاَنَّكَ لَا تَظْمَؤُا فِيْهَا وَلَا تَضْحٰى ﴿١١٩﴾

119	और न धूप में रहोगे	इस में	प्यासे रहोगे	न	और यह कि तुम	118	नंगे	और न	इस में	यह कि न भूके रहो	तुम्हारे लिए

فَوَسْوَسَ اِلَيْهِ الشَّيْطٰنُ قَالَ يٰۤاٰدَمُ هَلْ اَدُلُّكَ عَلٰى شَجَرَةِ

दरख़्त	पर	मैं तेरी रहनुमाई करूं	क्या	ऐ आदम (अ)	उस ने कहा	शैतान	उस की तरफ़ (दिल में)	फिर वस्वसा डाला

الْخُلْدِ وَمُلْكٍ لَّا يَبْلٰى ﴿١٢٠﴾ فَاَكَلَا مِنْهَا فَبَدَتْ لَهُمَا سَوْاٰتُهُمَا

उन की शर्मगाहें	उन पर	तो ज़ाहिर होगईं	उस से	पस दोनों ने खाया	120	न पुरानी हो (ज़वाल पज़ीर न हो)	और बादशाहत	हमेशगी

وَطَفِقَا يَخْصِفٰنِ عَلَيْهِمَا مِنْ وَّرَقِ الْجَنَّةِ ۫ وَعَصٰۤى اٰدَمُ رَبَّهٗ

अपना रब	आदम (अ)	और नाफ़रमानी की	जन्नत के पत्ते	से	अपने ऊपर	और वह दोनों लगे जोड़ने (ढांपने)

فَغَوٰى ﴿١٢١﴾ صلے ثُمَّ اجْتَبٰهُ رَبُّهٗ فَتَابَ عَلَيْهِ وَهَدٰى ﴿١٢٢﴾ قَالَ اهْبِطَا

तुम दोनों उतर जाओ	फ़रमाया	122	और उसे राह दिखाई	उस पर	तवज्जुह फ़रमाई	उस का रब	उस को चुन लिया	फिर	121	तो वह बहक गया

مِنْهَا جَمِيْعًا ۢ بَعْضُكُمْ لِبَعْضٍ عَدُوٌّ ۚ فَاِمَّا يَاْتِيَنَّكُمْ مِّنِّىْ هُدًى ۬ لا

हिदायत	मेरी तरफ़ से	तुम्हारे पास आए	पस अगर	दुश्मन	बाज़ के	तुम में से बाज़	सब	यहां से

فَمَنِ اتَّبَعَ هُدَاىَ فَلَا يَضِلُّ وَلَا يَشْقٰى ﴿١٢٣﴾ وَمَنْ اَعْرَضَ

मुँह मोड़ा	और जिस	123	बदबख़्त होगा	और न	तो न वह गुमराह होगा	मेरी हिदायत	पैरवी की	तो जिस ने

عَنْ ذِكْرِىْ فَاِنَّ لَهٗ مَعِيْشَةً ضَنْكًا وَّنَحْشُرُهٗ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ

क़ियामत के दिन	और हम उसे उठाएंगे	तंग	गुज़रान	उस के लिए	तो बेशक	मेरे ज़िक्र-नसीहत	से

اَعْمٰى ﴿١٢٤﴾ قَالَ رَبِّ لِمَ حَشَرْتَنِىْۤ اَعْمٰى وَقَدْ كُنْتُ بَصِيْرًا ﴿١٢٥﴾

125	बीना-देखता	और मैं तो था	अन्धा	तू ने मुझे क्यों उठाया	ऐ मेरे रब	वह कहेगा	124	अन्धा

قَالَ كَذٰلِكَ اَتَتْكَ اٰيٰتُنَا فَنَسِيْتَهَا ۚ وَكَذٰلِكَ الْيَوْمَ تُنْسٰى ﴿١٢٦﴾

126	हम तुझे भुला देंगे	आज	और इसी तरह	तो तू ने उन्हें भुला दिया	हमारी आयात	तेरे पास आईं	इसी तरह	वह फ़रमाएगा

सो अल्लाह बुलन्द ओ बरतर है सच्चा बादशाह, और तुम क़ुरआन (पढ़ने) में जल्दी न करो, इस से क़ब्ल के तुम्हारी तरफ़ पूरी की जाए उस की वहि, और कहिए ऐ मेरे रब! मुझे और ज़ियादा इल्म दे। (114)

और हम ने उस से क़ब्ल आदम (अ) की तरफ़ हुक्म भेजा तो वह भूल गया और हम ने उस में पुख़्ता इरादा न पाया। (115)

और याद करो जब हम ने फ़रिश्तों से कहा तुम आदम (अ) को सिज्दा करो तो सब ने सिज्दा किया सिवाए इब्लीस के, उस ने इन्कार किया। (116)

पस हम ने कहा ऐ आदम (अ)! बेशक यह तुम्हारा और तुम्हारी बीवी का दुश्मन है। सो तुम्हें निकलवा न दे जन्नत से, फिर तुम तक्लीफ़ में पड़ जाओ। (117)

बेशक तुम्हारे लिए (जन्नत में) यह है कि इस में न भूके रहो, न नंगे। (118)

और यह कि तुम न प्यासे रहोगे और न धूप में तपोगे। (119)

फिर शैतान ने उस के दिल में वस्वसा डाला, उस ने कहा ऐ आदम (अ)! क्या मैं तेरी रहनुमाई करूं हमेशगी के दरख़्त पर? और वह बादशाहत जो ज़वाल पज़ीर न हो? (120)

पस उन दोनों ने उसे खा लिया तो उन पर उन की शर्मगाहें ज़ाहिर हो गईं, और अपने (जिस्म के) ऊपर जन्नत के पत्तों से ढांपने लगे, और आदम (अ) ने अपने रब की नाफ़रमानी की तो वह बहक गया। (121)

फिर उस को चुन लिया उस के रब ने, फिर उस पर (रहमत से) तवज्जुह फ़रमाई (तौबा क़ुबूल की) और उसे राह दिखाई। (122)

फ़रमाया तुम दोनों यहां से उतर जाओ, तुम्हारी (औलाद में से) बाज़ बाज़ के दुश्मन होंगे, पस अगर (जब भी) मेरी तरफ़ से तुम्हारे पास मेरी हिदायत आए तो जिस ने मेरी हिदायत की पैरवी की वह न गुमराह होगा और न बदबख़्त होगा। (123)

और जिस ने मेरे ज़िक्र (नसीहत) से मुँह मोड़ा तो बेशक उस की मईशत (गुज़रान) तंग होगी और हम उसे उठाएंगे क़ियामत के दिन अन्धा। (124)

वह कहेगा, ऐ मेरे रब! तू ने मुझे अन्धा क्यों उठाया? मैं तो (दुनिया में) बीना (देखता) था। (125)

वह फ़रमाएगा इसी तरह तेरे पास हमारी आयात आईं तो तू ने उन्हें भुलाया, और इसी तरह आज हम तुझे भुला देंगे। (126)

وَكَذٰلِكَ نَجْزِىْ مَنْ اَسْرَفَ وَلَمْ يُؤْمِنْۢ بِاٰيٰتِ رَبِّهٖ ؕ وَلَعَذَابُ

और अलबत्ता अ़ज़ाब	अपना रब	आयतों पर	और न ईमान लाए	हद से निकल जाए	जो	हम बदला देते हैं	और इसी तरह

الْاٰخِرَةِ اَشَدُّ وَاَبْقٰى ﴿١٢٧﴾ اَفَلَمْ يَهْدِ لَهُمْ كَمْ اَهْلَكْنَا قَبْلَهُمْ

उन से क़ब्ल	हम ने हलाक कर दीं	कितनी ही	उन्हें	क्या हिदायत न दी	127	और ज़ियादा देर तक रहने वाला है	शदीद तरीन	आख़िरत

مِّنَ الْقُرُوْنِ يَمْشُوْنَ فِىْ مَسٰكِنِهِمْ ؕ اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّاُولِى النُّهٰى ﴿١٢٨﴾ ع ١٣ ١٦

128	अ़क़्ल वालों के लिए	अलबत्ता निशानियां हैं	उस	में	बेशक	उन के मसाकिन में	वह चलते फिरते हैं	क़ौमें-जमाअ़तें

وَلَوْلَا كَلِمَةٌ سَبَقَتْ مِنْ رَّبِّكَ لَكَانَ لِزَامًا وَّاَجَلٌ مُّسَمًّى ﴿١٢٩﴾

129	मुक़र्रर	और मीआ़द	अ़ज़ाब	तो ज़रूर आजाता	तुम्हारा रब	से	हो चुकी	एक बात	और अगर न

فَاصْبِرْ عَلٰى مَا يَقُوْلُوْنَ وَسَبِّحْ بِحَمْدِ رَبِّكَ قَبْلَ طُلُوْعِ الشَّمْسِ

तुलूअ़े आफ़्ताब	पहले	अपना रब	तारीफ़ के साथ	और तस्बीह करें	जो वह कहते हैं	पर	पस सब्र करें

وَقَبْلَ غُرُوْبِهَا ۚ وَمِنْ اٰنَآئِ الَّيْلِ فَسَبِّحْ وَاَطْرَافَ النَّهَارِ

दिन	और किनारे	पस तस्बीह करें	रात की घड़ियां	और कुछ	उस के गुरूब	और पहले

لَعَلَّكَ تَرْضٰى ﴿١٣٠﴾ وَلَا تَمُدَّنَّ عَيْنَيْكَ اِلٰى مَا مَتَّعْنَا بِهٖۤ اَزْوَاجًا

जोड़े	उस से	जो हम ने बरतने को दिया	तरफ़	अपनी आँखें	और न फैलाना	130	खुश हो जाओ	ताकि तुम

مِّنْهُمْ زَهْرَةَ الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا ۙ لِنَفْتِنَهُمْ فِيْهِ ؕ وَرِزْقُ رَبِّكَ

तेरा रब	और अ़तिया	उस में	ताकि हम उन्हें आज़माएं	दुनिया की ज़िन्दगी	आराइश	उन से-के

خَيْرٌ وَّاَبْقٰى ﴿١٣١﴾ وَاْمُرْ اَهْلَكَ بِالصَّلٰوةِ وَاصْطَبِرْ عَلَيْهَا ؕ

उस पर	और क़ाइम रहो	नमाज़ का	अपने घर वाले	और हुक्म दो तुम	131	और तादेर रहने वाला	बेहतर

لَا نَسْـَٔلُكَ رِزْقًا ؕ نَحْنُ نَرْزُقُكَ ؕ وَالْعَاقِبَةُ لِلتَّقْوٰى ﴿١٣٢﴾ وَقَالُوْا

और वह कहते हैं	132	अहले तक़्वा के लिए	और अन्जाम	तुझे रिज़्क़ देते हैं	हम	रिज़्क़	हम तुझ से नहीं मांगते

لَوْلَا يَاْتِيْنَا بِاٰيَةٍ مِّنْ رَّبِّهٖ ؕ اَوَلَمْ تَاْتِهِمْ بَيِّنَةُ مَا فِى الصُّحُفِ

सहीफ़े	में	जो	वाज़ेह निशानी	उन के पास नहीं आई	क्या	अपना रब	से	कोई निशानी	क्यों नहीं लाते

الْاُوْلٰى ﴿١٣٣﴾ وَلَوْ اَنَّاۤ اَهْلَكْنٰهُمْ بِعَذَابٍ مِّنْ قَبْلِهٖ لَقَالُوْا

तो वह कहते	इस से क़ब्ल	किसी अ़ज़ाब से	उन्हें हलाक कर देते	हम	और अगर	133	पहले

رَبَّنَا لَوْلَاۤ اَرْسَلْتَ اِلَيْنَا رَسُوْلًا فَنَتَّبِعَ اٰيٰتِكَ مِنْ قَبْلِ

इस से क़ब्ल	तेरे अहकाम	तो हम पैरवी करते	कोई रसूल	हमारी तरफ़	क्यों तू ने न भेजा	ऐ हमारे रब

اَنْ نَّذِلَّ وَنَخْزٰى ﴿١٣٤﴾ قُلْ كُلٌّ مُّتَرَبِّصٌ فَتَرَبَّصُوْا ۚ

पस तुम इन्तिज़ार करो	मुन्तज़िर हैं	सब	कह दें	134	और हम रुस्वा हों	कि हम ज़लील हों

فَسَتَعْلَمُوْنَ مَنْ اَصْحٰبُ الصِّرَاطِ السَّوِيِّ وَمَنِ اهْتَدٰى ﴿١٣٥﴾ ع ٨ ١٧

135	उस ने हिदायत पाई	और कौन	सीधा	रास्ता	वाले	कौन	सो अ़नक़रीब तुम जान लोगे

और इसी तरह हम (उस को) बदला देते हैं जो हद से निकल जाए और अपने रब की आयतों पर ईमान न लाए, और अलबत्ता आख़िरत का अ़ज़ाब शदीद तरीन है और ज़ियादा देर तक रहने वाला है। (127)

क्या (उस हक़ीक़त ने भी) उन्हें हिदायत न दी कि उन से क़ब्ल हम ने कितनी ही जमाअ़तें हलाक कर दीं, वह चलते फिरते हैं उन के मसाकिन में, अलबत्ता बेशक उस में अ़क़्ल वालों के लिए निशानियां हैं। (128)

और अगर तुम्हारे रब की (तरफ़) से एक बात (तै) न हो चुकी होती और मीआ़द मुक़र्रर (न होती) तो अ़ज़ाब ज़रूर (नाज़िल) हो जाता। (129)

पस वह जो कहते हैं उस पर सब्र करें, तारीफ़ के साथ अपने रब की तस्बीह करें, (पाकीज़गी) बयान करें तुलूअ़-ए-आफ़ताब से पहले, और गुरूबे आफ़्ताब से पहले, और कुछ रात की घड़ियों में, पस उस की तस्बीह करें, और किनारे दिन के (दोपहर ज़ुहर के वक़्त) ताकि तुम खुश हो जाओ। (130)

और अपनी आँखें (उन चीज़ों की) तरफ़ न फैलाना जो हम ने बरतने को दी हैं उन के जोड़ों को, दुनिया की ज़िन्दगी की आराइश ओ ज़ेबाइश (बना कर) ताकि हम उस में उन्हें आज़माएं, और तेरे रब का अ़तिया बेहतर है और सब से ज़ियादा तादेर रहने वाला है। (131)

और तुम अपने घर वालों को नमाज़ का हुक्म दो, और उस पर क़ाइम रहो, हम तुझ से नहीं मांगते रिज़्क़ (बल्कि) हम तुझे रिज़्क़ देते हैं और अन्जाम (बख़ैर) अहले तक़्वा के लिए है। (132)

और वह कहते हैं हमारे पास कोई निशानी क्यों नहीं लाए अपने रब की तरफ़ से, क्या उन के पास (वह) वाज़ेह निशानी नहीं आई जो पहले सहीफ़ों में है। (133)

और अगर हम उन्हें हलाक कर देते (रसूलों के) आने से क़ब्ल किसी अ़ज़ाब से तो वह कहते ऐ हमारे रब! तू ने हमारी तरफ़ कोई रसूल क्यों न भेजा? तो हम इस से क़ब्ल कि ज़लील और रुस्वा हों हम तेरे अहकाम की पैरवी करते। (134)

आप (स) कह दें, सब मुन्तज़िर हैं, पस तुम (अभी) इन्तिज़ार करो, सो अ़नक़रीब तुम जान लोगे, कौन हैं सीधे रास्ते वाले और कौन है जिस ने हिदायत पाई। (135)

الجزء ١٧

آيَاتُهَا ١١٢ ❀ (٢١) سُوْرَةُ الْاَنْبِيَآءِ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٧

आयात 112 — (21) सूरतुल अम्बिया / रसूल (जमा) — रुकूआत 7

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रह्म करने वाला है

اِقْتَرَبَ لِلنَّاسِ حِسَابُهُمْ وَهُمْ فِىْ غَفْلَةٍ

ग़फ़्लत में	और वह	उन का हिसाब	लोगों के लिए	क़रीब आ गया

مُّعْرِضُوْنَ ۚ ﴿١﴾ مَا يَاْتِيْهِمْ مِّنْ ذِكْرٍ مِّنْ رَّبِّهِمْ مُّحْدَثٍ اِلَّا اسْتَمَعُوْهُ

वह उसे सुनते हैं	मगर	नई	उन के रब से	कोई नसीहत	उन के पास नहीं आती	1	मुँह फेर रहे हैं

وَهُمْ يَلْعَبُوْنَ ﴿٢﴾ لَاهِيَةً قُلُوْبُهُمْ ۗ وَاَسَرُّوا النَّجْوَى ۖ الَّذِيْنَ ظَلَمُوْا ۖ

और वह लोग जिन्हों ने ज़ुल्म किया (ज़ालिम)	सरगोशी	और चुपके चुपके बात की	उन के दिल	ग़फ़्लत में हैं	2	खेलते हैं (खेलते हुए)	और वह

هَلْ هٰذَآ اِلَّا بَشَرٌ مِّثْلُكُمْ ۚ اَفَتَاْتُوْنَ السِّحْرَ وَاَنْتُمْ تُبْصِرُوْنَ ﴿٣﴾

3	देखते हो	और (जबकि) तुम	जादू	क्या पस तुम आओगे	तुम ही जैसा	एक बशर	मगर	यह	क्या

فَاَخْرَجْنٰهُمْ مِّنْ جَنّٰتٍ وَّعُيُوْنٍ ﴿٥٧﴾ وَّكُنُوْزٍ وَّمَقَامٍ كَرِيْمٍ ﴿٥٨﴾ كَذٰلِكَ

उसी तरह	58	उम्दा	और ठिकाने	और ख़ज़ाने	57	और चश्मे	बाग़ात	से	पस हम ने उन्हें निकाला

وَاَوْرَثْنٰهَا بَنِىْٓ اِسْرَآءِيْلَ ﴿٥٩﴾ فَاَتْبَعُوْهُمْ مُّشْرِقِيْنَ ﴿٦٠﴾ فَلَمَّا تَرَآءَ

देखा एक दूसरे को	पस जब	60	सूरज निकलते	पस उन्हों ने पीछा किया उन का	59	बनी इस्राईल	और हम ने वारिस बनाया उन का

الْجَمْعٰنِ قَالَ اَصْحٰبُ مُوْسٰٓى اِنَّا لَمُدْرَكُوْنَ ﴿٦١﴾ قَالَ كَلَّا ۚ اِنَّ مَعِىَ

मेरे साथ	बेशक	उस ने कहा हरगिज़ नहीं	61	पकड़ लिए गए	यक़ीनन हम	मूसा (अ) के साथी	कहा (कहने लगे)	दोनों जमाअ़तें

رَبِّىْ سَيَهْدِيْنِ ﴿٦٢﴾ فَاَوْحَيْنَآ اِلٰى مُوْسٰٓى اَنِ اضْرِبْ بِّعَصَاكَ الْبَحْرَ ؕ

दर्या	अपना असा	तू मार	कि	मूसा (अ)	तरफ़	पस हम ने वहि भेजी	62	वह जल्द मुझे राह दिखाएगा	मेरा रब

فَانْفَلَقَ فَكَانَ كُلُّ فِرْقٍ كَالطَّوْدِ الْعَظِيْمِ ﴿٦٣﴾ وَاَزْلَفْنَا ثَمَّ الْاٰخَرِيْنَ ﴿٦٤﴾

64	दूसरों को	उस जगह	फिर हम ने क़रीब कर दिया	63	बड़े	पहाड़ की तरह	हर हिस्सा	पस हो गया	तो वह फट गया

पस उन्हों ने अपनी रस्सियां और लाठियां डालीं, और वह बोले कि बेशक फ़िरऔन के इक़्बाल से हम ही ग़ालिब आने वाले हैं। **(44)**
पस मूसा (अ) ने अपना असा डाला तो वह नागाह निगलने लगा जो उन्हों ने ढकोसला बनाया था। **(45)**
पस जादूगर सिज्दा करते हुए गिर पड़े। **(46)**
वह बोले कि हम ईमान लाए सारे जहानों के रब पर। **(47)**
(जो) रब है मूसा (अ) का और हारून (अ) का। **(48)**
फ़िरऔन ने कहा तुम उस पर (इस से) पहले ईमान ले आए कि मैं तुम्हें इजाज़त दूँ, बेशक वह अलबत्ता तुम्हारा बड़ा है जिस ने तुम्हें जादू सिखाया, पस तुम जल्द जान लोगे, मैं ज़रूर तुम्हारे हाथ पाऊँ काट डालूँगा, दूसरी तरफ़ के (एक तरफ़ का हाथ दूसरी तरफ़ का पाऊँ) और मैं ज़रूर तुम सब को सूली दूँगा। **(49)**
वह बोले कुछ हर्ज नहीं बेशक हम अपने रब की तरफ़ लौट कर जाने वाले हैं। **(50)**
हम उम्मीद रखते हैं कि हमारा रब हमारी ख़ताएं बख़्शदेगा, कि हम पहले ईमान लाने वाले हैं। **(51)**
और हम ने मूसा (अ) की तरफ़ वहि की कि रातों रात मेरे बन्दों को ले कर निकल, बेशक तुम पीछा किए जाओगे (तुम्हारा तआ़क़ुब होगा)। **(52)**
पस भेजा फ़िरऔन ने शहरों में नक़ीब। **(53)**
बेशक यह लोग एक थोड़ी (छोटी सी) जमाअ़त हैं। **(54)**
और वह बेशक हमें गुस्से में लाने वाले (गुस्सा दिला रहे हैं)। **(55)**
और बेशक हम एक जमाअ़त हैं मुसल्लह, मोहतात। **(56)**
(इरशादे इलाही): पस हम ने उन्हें बाग़ात और चश्मों से निकाला। **(57)**
और ख़ज़ानों और उम्दा ठिकानों से। **(58)**
इसी तरह हम ने उन का वारिस बनाया बनी इस्राईल को। **(59)**
पस उन्हों ने सूरज निकलते (सुबह सवेरे) उन का पीछा किया। **(60)**
पस जब दोनों जमाअ़तों ने एक दूसरे को देखा तो मूसा (अ) के साथी कहने लगे, यक़ीनन हम पकड़ लिए गए। **(61)**
मूसा (अ) ने कहा, हरगिज़ नहीं, बेशक मेरा रब मेरे साथ है, वह मुझे जल्द (बच निकलने की) राह दिखाएगा। **(62)**
पस हम ने मूसा (अ) की तरफ़ वहि भेजी कि तू अपना असा दर्या पर मार (उन्हों ने मारा) तो दर्या फट गया, पस हर हिस्सा बड़े बड़े पहाड़ की तरह हो गया। **(63)**
और हम ने उस जगह दूसरों (फ़िरऔनियों) को क़रीब कर दिया। **(64)**

وَاَنْجَيْنَا مُوْسٰى وَمَنْ مَّعَهٗٓ اَجْمَعِيْنَ ﴿٦٥﴾ ثُمَّ اَغْرَقْنَا الْاٰخَرِيْنَ ﴿٦٦﴾

और हम ने बचा लिया	मूसा (अ)	और जो	उस के साथ	सब	65	फिर	हम ने ग़र्क़ कर दिया	दूसरों को	66

اِنَّ فِیْ ذٰلِكَ لَاٰیَةً ؕ وَمَا كَانَ اَكْثَرُهُمْ مُّؤْمِنِیْنَ ﴿٦٧﴾ وَاِنَّ رَبَّكَ

बेशक	उस में	अलबत्ता निशानी	और न	थे	उन से अक्सर	ईमान लाने वाले	67	और बेशक	तुम्हारा रब

لَهُوَ الْعَزِیْزُ الرَّحِیْمُ ﴿٦٨﴾ وَاتْلُ عَلَیْهِمْ نَبَاَ اِبْرٰهِیْمَ ﴿٦٩﴾ اِذْ قَالَ لِاَبِیْهِ

अलबत्ता वह	ग़ालिब	निहायत मेहरबान	68	और आप पढ़ें	उन पर- उन्हें	ख़बर- वाक़िआ	इब्राहीम (अ)	69	जब	उस ने कहा	अपने बाप को

وَقَوْمِهٖ مَا تَعْبُدُوْنَ ﴿٧٠﴾ قَالُوْا نَعْبُدُ اَصْنَامًا فَنَظَلُّ لَهَا عٰكِفِیْنَ ﴿٧١﴾

और अपनी क़ौम	क्या- किस	तुम परस्तिश करते हो	70	उन्हों ने कहा	हम परस्तिश करते हैं	बुतों की	पस हम बैठे रहते हैं उन के पास	जमे हुए	71

قَالَ هَلْ یَسْمَعُوْنَكُمْ اِذْ تَدْعُوْنَ ﴿٧٢﴾ اَوْ یَنْفَعُوْنَكُمْ اَوْ یَضُرُّوْنَ ﴿٧٣﴾

उस ने कहा	क्या	वह सुनते हैं तुम्हारी	जब	तुम पुकारते हो	72	या वह नफ़ा पहुँचाते हैं तुम्हें	या वह नुक़्सान पहुँचाते हैं	73

قَالُوْا بَلْ وَجَدْنَاۤ اٰبَآءَنَا كَذٰلِكَ یَفْعَلُوْنَ ﴿٧٤﴾ قَالَ اَفَرَءَیْتُمْ مَّا

वह बोले	बल्कि	हम ने पाया	अपने बाप दादा	इसी तरह	वह करते	74	इब्राहीम (अ) ने कहा	क्या पस तुम ने देखा	किस

كُنْتُمْ تَعْبُدُوْنَ ﴿٧٥﴾ اَنْتُمْ وَاٰبَآؤُكُمُ الْاَقْدَمُوْنَ ﴿٧٦﴾ فَاِنَّهُمْ عَدُوٌّ لِّیْۤ

तुम परस्तिश करते हो	75	तुम	और तुम्हारे बाप दादा	पहले	76	तो बेशक वह	मेरे दुश्मन

اِلَّا رَبَّ الْعٰلَمِیْنَ ﴿٧٧﴾ الَّذِیْ خَلَقَنِیْ فَهُوَ یَهْدِیْنِ ﴿٧٨﴾ وَالَّذِیْ هُوَ

मगर	सारे जहानों का रब	77	वह जिस ने	मुझे पैदा किया	पस वह	मुझे राह दिखाता है	78	और वह जो	वह

یُطْعِمُنِیْ وَیَسْقِیْنِ ﴿٧٩﴾ وَاِذَا مَرِضْتُ فَهُوَ یَشْفِیْنِ ﴿٨٠﴾ وَالَّذِیْ

मुझे खिलाता है	और मुझे पिलाता है	79	और जब	मैं बीमार होता हूँ	तो वह	मुझे शिफ़ा देता है	80	और वह जो

یُمِیْتُنِیْ ثُمَّ یُحْیِیْنِ ﴿٨١﴾ وَالَّذِیْۤ اَطْمَعُ اَنْ یَّغْفِرَ لِیْ خَطِیْٓـَٔتِیْ

मौत देगा	फिर	मुझे ज़िन्दा करेगा	81	और वह जिस से	मैं उम्मीद रखता हूँ	कि मुझे बख़्श देगा	मेरी ख़ताएं

یَوْمَ الدِّیْنِ ﴿٨٢﴾ رَبِّ هَبْ لِیْ حُكْمًا وَّاَلْحِقْنِیْ بِالصّٰلِحِیْنَ ﴿٨٣﴾

बदले के दिन	82	ऐ मेरे रब	मुझे अ़ता कर	हुक्म- हिक्मत	और मुझे मिलादे	नेक बन्दों के साथ	83

وَاجْعَلْ لِّیْ لِسَانَ صِدْقٍ فِی الْاٰخِرِیْنَ ﴿٨٤﴾ وَاجْعَلْنِیْ مِنْ وَّرَثَةِ

और कर	मेरे लिए- मेरा ज़िक्र	अच्छा- ख़ैर	बाद में आने वालों में	84	और तू मुझे बना दे	वारिसों में से

جَنَّةِ النَّعِیْمِ ﴿٨٥﴾ وَاغْفِرْ لِاَبِیْۤ اِنَّهٗ كَانَ مِنَ الضَّآلِّیْنَ ﴿٨٦﴾

जन्नत	नेमतों वाली	85	और बख़्शदे	मेरे बाप को	बेशक वह	वह है	से	गुमराह (जमा)	86

وَلَا تُخْزِنِیْ یَوْمَ یُبْعَثُوْنَ ﴿٨٧﴾ یَوْمَ لَا یَنْفَعُ مَالٌ وَّلَا بَنُوْنَ ﴿٨٨﴾

और मुझे रुस्वा न करना	जिस दिन सब उठाए जाएंगे	87	जिस दिन	न काम आएगा	माल	और न	बेटे	88

اِلَّا مَنْ اَتَی اللّٰهَ بِقَلْبٍ سَلِیْمٍ ﴿٨٩﴾ وَاُزْلِفَتِ الْجَنَّةُ لِلْمُتَّقِیْنَ ﴿٩٠﴾

मगर	जो	अल्लाह के पास आया	दिल	पाक	89	और नज़दीक कर दी जाएगी	जन्नत	परहेज़गारों के लिए	90

ع ١٧ ٨ وقف لازم

और हम ने मूसा (अ) को और जो उन के साथ थे सब को बचा लिया। (65)
फिर हम ने दूसरों को ग़र्क़ कर दिया। (66)
बेशक उस में अलबत्ता एक निशानी है, और उन में से अक्सर ईमान लाने वाले न थे। (67)
और बेशक तुम्हारा रब अलबत्ता ग़ालिब, निहायत मेहरबान है। (68)
और आप (स) उन्हें इब्राहीम (अ) का वाक़िआ पढ़ कर (सुनाएं)। (69)
जब उन्हों ने कहा अपने बाप और अपनी क़ौम को, तुम किस की परस्तिश करते हो? (70)
उन्हों ने कहा बुतों की परस्तिश करते हैं, पस हम उन के पास जमे बैठे रहते हैं। (71)
उस ने कहा क्या वह तुम्हारी सुनते हैं जब तुम पुकारते हो? (72)
या वह तुम्हें नफ़ा पहुँचाते हैं? या नुक़्सान पहुँचा सकते हैं? (73)
वह बोले (नहीं तो)। बल्कि हम ने अपने बाप दादा को इसी तरह करते पाया है। (74)
इब्राहीम (अ) ने कहा: पस क्या तुम ने देखा (ग़ौर भी किया) कि तुम किस की परस्तिश करते हो? (75)
और तुम्हारे पहले बाप दादा? (76)
तो बेशक वह मेरे दुश्मन हैं सिवाए सारे जहानों के रब के। (77)
वह जिस ने मुझे पैदा किया, पस वही मुझे राह दिखाता है। (78)
और वही जो मुझे खिलाता है और वही मुझे पिलाता है। (79)
और जब मैं बीमार होता हूँ तो वह मुझे शिफ़ा देता है। (80)
और वह जो मुझे मौत (से हमकिनार) करेगा, फिर मुझे ज़िन्दा करेगा। (81)
और वह जिस से मैं उम्मीद रखता हूँ कि मुझे बदले के दिन मेरी ख़ताएं बख़्श देगा। (82)
ऐ मेरे रब! मुझे हुक्म और हिक्मत अ़ता फ़रमा, और मुझे नेक बन्दों के साथ मिला दे। (83)
और मेरा ज़िक्रे ख़ैर (जारी) रख बाद में आने वालों में। (84)
और मुझे नेमतों वाली जन्नत के वारिसों में से बना दे। (85)
और मेरे बाप को बख़्शदे, बेशक वह गुमराहों में से है। (86)
और मुझे उस दिन रुस्वा न करना जब सब उठाए जाएंगे। (87)
जिस दिन न काम आएगा माल और न बेटे। (88)
मगर जो अल्लाह के पास सलीम (बे ऐब) दिल ले कर आया। (89)
और जन्नत परहेज़गारों के नज़दीक कर दी जाएगी। (90)

और दोज़ख़ ज़ाहिर कर दी जाएगी गुमराहों के लिए। (91)
और उन्हें कहा जाएगा कहां हैं वह जिन की तुम परस्तिश करते थे। (92)
अल्लाह के सिवा क्या वह तुम्हारी मदद कर सकते हैं? या (ख़ुद) बदला ले सकते हैं? (93)
पस वह और गुमराह उस (जहन्नम) में औन्धे मुँह डाले जाएंगे। (94)
और इब्लीस के लशकर सब के सब। (95)
वह कहेंगे जब कि वह जहन्नम में (बाहम) झगड़ते होंगे। (96)
अल्लाह की क़सम! बेशक हम खुली गुमराही में थे। (97)
जब हम तुम्हें सारे जहानों के रब के साथ बराबर ठहराते थे। (98)
और हमें सिर्फ़ मुज्रिमों ने गुमराह किया। (99)
पस हमारा कोई सिफ़ारिश करने वाला नहीं। (100)
और न कोई ग़म ख़ार दोस्त है। (101)
पस काश हमारे लिए दोबारा (दुनिया में) लौटना होता तो हम मोमिनों में से होते। (102)
बेशक उस में अलबत्ता एक निशानी है, और नहीं हैं उन में अक्सर ईमान लाने वाले। (103)
और बेशक तुम्हारा रब ग़ालिब है, निहायत मेहरबान। (104)
नूह (अ) की क़ौम ने झुटलाया रसूलों को। (105)
(याद करो) जब उन के भाई नूह (अ) ने उन से कहा तुम डरते नहीं? (106)
बेशक मैं तुम्हारे लिए रसूल हूँ अमानतदार। (107)
पस अल्लाह से डरो और मेरी इताअ़त करो। (108)
मैं इस पर तुम से नहीं मांगता कोई अजर, मेरा अजर तो सिर्फ़ (अल्लाह) रब्बुल आ़लमीन पर है। (109)
पस अल्लाह से डरो और मेरी इताअ़त करो। (110)
वह बोले क्या हम तुझ पर ईमान ले आएं? जब कि तेरी पैरवी रज़ीलों ने की है। (111)
नूह (अ) ने कहा मुझे क्या इल्म वह क्या (काम काज) करते थे। (112)
उन का हिसाब सिर्फ़ मेरे रब पर है, अगर तुम समझो। (113)
और मैं मोमिनों को (अपने पास से) दूर करने वाला नहीं। (114)
मैं तो सिर्फ़ साफ़ साफ़ तौर पर डराने वाला हूँ। (115)
बोले ऐ नूह (अ)! अगर तुम बाज़ न आए तो ज़रूर संगसार कर दिए जाओगे। (116)
नूह (अ) ने कहा ऐ मेरे रब! बेशक मेरी क़ौम ने मुझे झुटलाया। (117)

وَبُرِّزَتِ الْجَحِيْمُ لِلْغٰوِيْنَ ﴿٩١﴾ وَقِيْلَ لَهُمْ اَيْنَمَا كُنْتُمْ تَعْبُدُوْنَ ﴿٩٢﴾

92	तुम परस्तिश करते थे	कहां हैं वह जो	उन्हें	और कहा जाएगा	91	गुमराहों के लिए	दोज़ख़	और ज़ाहिर कर दी जाएगी

مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ ؕ هَلْ يَنْصُرُوْنَكُمْ اَوْ يَنْتَصِرُوْنَ ﴿٩٣﴾ فَكُبْكِبُوْا فِيْهَا

पस औन्धे मुँह डाले जाएंगे उस में	93	या बदला ले सकते हैं	वह तुम्हारी मदद कर सकते हैं	क्या	अल्लाह के सिवा

هُمْ وَالْغَاوٗنَ ﴿٩٤﴾ وَجُنُوْدُ اِبْلِيْسَ اَجْمَعُوْنَ ﴿٩٥﴾ قَالُوْا وَهُمْ فِيْهَا

उस (जहन्नम) में	और वह	वह कहेंगे	95	सब के सब	इब्लीस	और लशकर (जमा)	94	और गुमराह	वह

يَخْتَصِمُوْنَ ﴿٩٦﴾ تَاللّٰهِ اِنْ كُنَّا لَفِيْ ضَلٰلٍ مُّبِيْنٍ ﴿٩٧﴾ اِذْ نُسَوِّيْكُمْ

हम बराबर ठहराते थे तुम्हें	जब	97	खुली	गुमराही	अलबत्ता में	बेशक हम थे	क़सम अल्लाह की	96	झगड़ते होंगे

بِرَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٩٨﴾ وَمَآ اَضَلَّنَآ اِلَّا الْمُجْرِمُوْنَ ﴿٩٩﴾ فَمَا لَنَا مِنْ شٰفِعِيْنَ ﴿١٠٠﴾

100	सिफ़ारिश करने वाले	कोई	पस नहीं हमारे लिए	99	मुज्रिम (जमा)	मगर (सिर्फ़)	और नहीं गुमराह किया हमें	98	सारे जहानों के रब के साथ

وَلَا صَدِيْقٍ حَمِيْمٍ ﴿١٠١﴾ فَلَوْ اَنَّ لَنَا كَرَّةً فَنَكُوْنَ مِنَ الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿١٠٢﴾

102	मोमिन (जमा)	से	तो हम होते	लौटना	कि हमारे लिए	पस काश	101	ग़म ख़ार	कोई दोस्त	और न

اِنَّ فِيْ ذٰلِكَ لَاٰيَةً ؕ وَمَا كَانَ اَكْثَرُهُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ﴿١٠٣﴾ وَاِنَّ رَبَّكَ

तुम्हारा रब	और बेशक	103	ईमान लाने वाले	उन के अक्सर	और नहीं है	अलबत्ता एक निशानी	उस में	बेशक

لَهُوَ الْعَزِيْزُ الرَّحِيْمُ ﴿١٠٤﴾ كَذَّبَتْ قَوْمُ نُوْحِ ِۨ الْمُرْسَلِيْنَ ﴿١٠٥﴾ اِذْ قَالَ لَهُمْ ع ٥ ٣٦ ٩

उन से	जब कहा	105	रसूलों को	नूह (अ) की क़ौम	झुटलाया	104	निहायत मेहरबान	ग़ालिब	अलबत्ता वह

اَخُوْهُمْ نُوْحٌ اَلَا تَتَّقُوْنَ ﴿١٠٦﴾ اِنِّيْ لَكُمْ رَسُوْلٌ اَمِيْنٌ ﴿١٠٧﴾ فَاتَّقُوا اللّٰهَ

पस डरो अल्लाह से	107	रसूल अमानत दार	तुम्हारे लिए	बेशक मैं	106	तुम डरते	क्या नहीं	नूह (अ)	उन के भाई

وَاَطِيْعُوْنِ ﴿١٠٨﴾ وَمَآ اَسْئَلُكُمْ عَلَيْهِ مِنْ اَجْرٍ ۚ اِنْ اَجْرِيَ اِلَّا عَلٰى

पर	मगर (सिर्फ़)	मेरा अजर	नहीं	अजर	कोई	इस पर	और मैं नहीं मांगता तुम से	108	और मेरी इताअ़त करो

رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿١٠٩﴾ فَاتَّقُوا اللّٰهَ وَاَطِيْعُوْنِ ﴿١١٠﴾ قَالُوْٓا اَنُؤْمِنُ لَكَ وَاتَّبَعَكَ

जब कि तेरी पैरवी की	तुझ पर	क्या हम ईमान ले आएं	वह बोले	110	और मेरी इताअ़त करो	पस डरो अल्लाह से	109	सारे जहां का पालने वाला

الْاَرْذَلُوْنَ ﴿١١١﴾ قَالَ وَمَا عِلْمِيْ بِمَا كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ ﴿١١٢﴾ اِنْ حِسَابُهُمْ

उन का हिसाब	नहीं	112	वह करते थे	उस की जो	और मुझे क्या इल्म	कहा (नूह अ) ने	111	रज़ीलों ने

اِلَّا عَلٰى رَبِّيْ لَوْ تَشْعُرُوْنَ ﴿١١٣﴾ وَمَآ اَنَا بِطَارِدِ الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿١١٤﴾ اِنْ اَنَا

नहीं मैं	114	मोमिन (जमा)	हांकने वाला (दूर करने वाला)	मैं	और नहीं	113	तुम समझो	अगर	मेरे रब पर	मगर (सिर्फ़)

اِلَّا نَذِيْرٌ مُّبِيْنٌ ﴿١١٥﴾ قَالُوْا لَئِنْ لَّمْ تَنْتَهِ يٰنُوْحُ لَتَكُوْنَنَّ

तो ज़रूर होंगे	ऐ नूह (अ)	तुम बाज़ न आए	अगर	बोले वह	115	साफ़ तौर पर	डराने वाला	मगर-सिर्फ़

مِنَ الْمَرْجُوْمِيْنَ ﴿١١٦﴾ قَالَ رَبِّ اِنَّ قَوْمِيْ كَذَّبُوْنِ ﴿١١٧﴾

117	मुझे झुटलाया	मेरी क़ौम	बेशक	ऐ मेरे रब	(नूह अ ने) कहा	116	संगसार किए जाने वाले	से

النصف فَافْتَحْ بَيْنِىْ وَبَيْنَهُمْ فَتْحًا وَّنَجِّنِىْ وَمَنْ مَّعِىَ مِنَ الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿١١٨﴾

118	ईमान वाले	से	मेरे साथी	और जो	और नजात दे मुझे	एक खुला फ़ैसला	और उन के दरमियान	मेरे दरमियान	पस फ़ैसला कर दे

فَاَنْجَيْنٰهُ وَمَنْ مَّعَهٗ فِى الْفُلْكِ الْمَشْحُوْنِ ﴿١١٩﴾ ثُمَّ اَغْرَقْنَا بَعْدُ

उस के बाद	ग़र्क़ कर दिया हम ने	फिर	119	भरी हुई	कश्ती में	उस के साथ	और जो	तो हम ने नजात दी उसे

الْبٰقِيْنَ ﴿١٢٠﴾ اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ لَاٰيَةً ؕ وَمَا كَانَ اَكْثَرُهُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ﴿١٢١﴾

121	ईमान लाने वाले	उन के अक्सर	थे	और न	अलबत्ता निशानी	उस में	बेशक	120	बाक़ियों को

ع ١٨ ٦ ١٠ وَاِنَّ رَبَّكَ لَهُوَ الْعَزِيْزُ الرَّحِيْمُ ﴿١٢٢﴾ كَذَّبَتْ عَادُ ۨ الْمُرْسَلِيْنَ ﴿١٢٣﴾

123	रसूल (जमा)	आद	झुटलाया	122	निहायत मेहरबान	ग़ालिब	अलबत्ता वह	तुम्हारा रब	और बेशक

اِذْ قَالَ لَهُمْ اَخُوْهُمْ هُوْدٌ اَلَا تَتَّقُوْنَ ﴿١٢٤﴾ اِنِّىْ لَكُمْ رَسُوْلٌ اَمِيْنٌ ﴿١٢٥﴾

125	रसूल अमानतदार	तुम्हारे लिए	बेशक मैं	124	क्या तुम डरते नहीं	हूद (अ)	उन के भाई	उन से	जब कहा

فَاتَّقُوا اللّٰهَ وَاَطِيْعُوْنِ ﴿١٢٦﴾ وَمَاۤ اَسْئَلُكُمْ عَلَيْهِ مِنْ اَجْرٍ ۚ اِنْ اَجْرِىَ

मेरा अजर	नहीं	कोई अजर	उस पर	और मैं नहीं मांगता तुम से	126	और मेरी इताअ़त करो	सो तुम डरो अल्लाह से

اِلَّا عَلٰى رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿١٢٧﴾ اَتَبْنُوْنَ بِكُلِّ رِيْعٍ اٰيَةً تَعْبَثُوْنَ ﴿١٢٨﴾

128	खेलने को (बिला ज़रूरत)	एक निशानी	हर बुलन्दी पर	क्या तुम तामीर करते हो	127	सारे जहां का पालने वाला	पर	मगर (सिर्फ़)

وَتَتَّخِذُوْنَ مَصَانِعَ لَعَلَّكُمْ تَخْلُدُوْنَ ﴿١٢٩﴾ وَاِذَا بَطَشْتُمْ بَطَشْتُمْ

गिरिफ़्त करते हो तुम	तुम गिरिफ़्त करते हो	और जब	129	तुम हमेशा रहोगे	शायद तुम	मज़बूत शानदार महल	और तुम बनाते हो

جَبَّارِيْنَ ﴿١٣٠﴾ فَاتَّقُوا اللّٰهَ وَاَطِيْعُوْنِ ﴿١٣١﴾ وَاتَّقُوا الَّذِىْۤ اَمَدَّكُمْ

मदद की तुम्हारी	वह जिस ने	और डरो	131	और मेरी इताअ़त करो	पस डरो अल्लाह से	130	जाबिर बन कर

بِمَا تَعْلَمُوْنَ ﴿١٣٢﴾ اَمَدَّكُمْ بِاَنْعَامٍ وَّبَنِيْنَ ﴿١٣٣﴾ وَجَنّٰتٍ وَّعُيُوْنٍ ﴿١٣٤﴾

134	और चश्मे	और बाग़ात	133	और बेटों	मवेशियों से	तुम्हारी मदद की	132	उस से जो तुम जानते हो

اِنِّىْۤ اَخَافُ عَلَيْكُمْ عَذَابَ يَوْمٍ عَظِيْمٍ ﴿١٣٥﴾ قَالُوْا سَوَآءٌ عَلَيْنَاۤ اَوَعَظْتَ

ख़ाह तुम नसीहत करो	हम पर	बराबर	वह बोले	135	एक बड़ा दिन	अ़ज़ाब	तुम पर	बेशक मैं डरता हूँ

اَمْ لَمْ تَكُنْ مِّنَ الْوٰعِظِيْنَ ﴿١٣٦﴾ اِنْ هٰذَاۤ اِلَّا خُلُقُ الْاَوَّلِيْنَ ﴿١٣٧﴾ وَمَا

और नहीं	137	अगले लोग	आदत	मगर	नहीं है	136	नसीहत करने वाले	से	या न हो तुम

نَحْنُ بِمُعَذَّبِيْنَ ﴿١٣٨﴾ فَكَذَّبُوْهُ فَاَهْلَكْنٰهُمْ ؕ اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ لَاٰيَةً ؕ

अलबत्ता निशानी	उस में	बेशक	तो हम ने हलाक कर दिया उन्हें	पस उन्हों ने झुटलाया उसे	138	अ़ज़ाब दिए जाने वालों में से	हम

ع ١٨ ٧ ١١ وَمَا كَانَ اَكْثَرُهُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ﴿١٣٩﴾ وَاِنَّ رَبَّكَ لَهُوَ الْعَزِيْزُ الرَّحِيْمُ ﴿١٤٠﴾

140	निहायत मेहरबान	ग़ालिब	अलबत्ता वह	तुम्हारा रब	और बेशक	139	ईमान लाने वाले	उन के अक्सर	और नहीं थे

كَذَّبَتْ ثَمُوْدُ الْمُرْسَلِيْنَ ﴿١٤١﴾ اِذْ قَالَ لَهُمْ اَخُوْهُمْ صٰلِحٌ اَلَا تَتَّقُوْنَ ﴿١٤٢﴾

142	क्या तुम डरते नहीं	सालेह (अ)	उन के भाई	उन से	कहा	जब	141	रसूल (जमा)	समूद	झुटलाया

पस मेरे और उन के दरमियान एक खुला फ़ैसला फ़रमा दे, और मुझे नजात दे, और (उन्हें) जो मेरे साथी ईमान वाले हैं। (118)
तो हम ने उसे और जो उस के साथ भरी हुई कश्ती में सवार थे (उन्हें) नजात दी। (119)
फिर उस के बाद हम ने बाक़ियों को ग़र्क़ कर दिया। (120)
बेशक उस में एक निशानी है, और उन के अक्सर न थे ईमान लाने वाले। (121)
और बेशक तुम्हारा रब ग़ालिब है, निहायत मेहरबान। (122)
(क़ौमे) आद ने रसूलों को झुटलाया। (123)
जब उन से उन के भाई हूद (अ) ने कहा क्या तुम डरते नहीं? (124)
बेशक मैं तुम्हारे लिए अमानतदार रसूल हूँ। (125)
सो तुम अल्लाह से डरो, और मेरी इताअ़त करो। (126)
और मैं तुम से कोई अजर नहीं मांगता, मेरा अजर तो सिर्फ़ अल्लाह रब्बुल आलमीन पर है। (127)
क्या तुम हर बुलन्दी पर बिला ज़रूरत एक निशानी तामीर करते हो? (128)
और तुम बनाते हो मज़बूत, शानदार महल कि शायद तुम हमेशा रहोगे। (129)
और जब तुम (किसी पर) गिरिफ़्त करते हो तो जाबिर (ज़ालिम) बन कर गिरिफ़्त करते हो। (130)
पस अल्लाह से डरो और मेरी इताअ़त करो। (131)
और उस से डरो जिस ने उस से तुम्हारी मदद की जो तुम जानते हो। (132)
(यानी) मवेशियों और बेटों से तुम्हारी मदद की। (133)
और बाग़ात और चश्मों से। (134)
बेशक मैं तुम पर एक बड़े दिन के अ़ज़ाब से डराता हूँ। (135)
वह बोले, बराबर है हम पर ख़ाह तुम नसीहत करो या नसीहत करने वालों में से न हो। (136)
(कुछ भी) नहीं है, मगर आदत है अगले लोगों की। (137)
और हम अ़ज़ाब दिए जाने वालों में से नहीं। (138)
फिर उन्हों ने उसे झुटलाया और हम ने उन्हें हलाक कर दिया, बेशक उस में निशानी है और न थे उन के अक्सर ईमान लाने वाले। (139)
और बेशक तुम्हारा रब ग़ालिब निहायत मेहरबान है। (140)
(क़ौमे) समूद ने रसूलों को झुटलाया। (141)
जब उन में से उन के भाई सालेह (अ) ने कहा क्या तुम डरते नहीं? (142)

बेशक मैं तुम्हारे लिए अमानतदार रसूल हूँ। (143)
सो तुम अल्लाह से डरो, और मेरी इताअ़त करो। (144)
और मैं तुम से इस पर कोई अजर नहीं मांगता, मेरा अजर तो सिर्फ़ अल्लाह रब्बुल आ़लमीन पर है। (145)
क्या तुम यहां की चीज़ों (नेमतों) में बेफ़िक्र छोड़ दिए जाओगे? (146)
बाग़ात और चश्मों में। (147)
और खेतियों और नख़्लिस्तानों में जिन के ख़ोशे रस भरे हैं। (148)
और तुम ख़ुश हो कर पहाड़ों से घर तराशते हो। (149)
सो अल्लाह से डरो और मेरी इताअ़त करो। (150)
और तुम हद से बढ़ जाने वालों का कहा न मानो। (151)
वह जो फ़साद करते हैं ज़मीन में, और इस्लाह नहीं करते। (152)
उन्हों ने कहा इस के सिवा नहीं कि तुम सिहरज़दा लोगों में से हो। (153)
तुम नहीं मगर (सिर्फ़) हम जैसे एक बशर हो, पस अगर तुम सच्चे लोगों में से हो (सच्चे हो) तो कोई निशानी ले आओ। (154)
सालेह (अ) ने फ़रमाया यह ऊँटनी है, एक मुअ़य्यन दिन उस के पानी पीने की बारी है और (एक दिन) तुम्हारे लिए पानी पीने की बारी है। (155)
और उसे बुराई से हाथ न लगाना वरना तुम्हें आ पकड़ेगा एक बड़े दिन का अ़ज़ाब। (156)
फिर उन्हों ने उस की कूचें काट दीं पस पशेमान रह गए। (157)
फिर उन्हें अ़ज़ाब ने आ पकड़ा, बेशक उस (वाक़े) में अलबत्ता निशानी (बड़ी इब्रत) है और उन के अक्सर ईमान लाने वाले नहीं। (158)
और बेशक तुम्हारा रब अलबत्ता ग़ालिब निहायत मेहरबान है। (159)
क़ौमे लूत (अ) ने रसूलों को झुटलाया। (160)
(याद करो) जब उन के भाई लूत (अ) ने उन से कहा क्या तुम डरते नहीं? (161)
बेशक मैं तुम्हारे लिए अमानतदार रसूल हूँ। (162)
पस तुम अल्लाह से डरो, और मेरी इताअ़त करो। (163)
और मैं तुम से नहीं मांगता इस पर कोई अजर, मेरा अजर तो सिर्फ़ (अल्लाह) रब्बुल आ़लमीन पर है। (164)
क्या तुम मर्दों के पास (बद फ़ेली) के लिए आते हो? दुनिया जहानों में से। (165)
और तुम छोड़ देते हो (उन्हें) जो तुम्हारे रब ने तुम्हारे लिए तुम्हारी बीवियां पैदा की हैं, (नहीं) बल्कि तुम हद से बढ़ने वाले लोग हो। (166)

اِنِّیْ لَكُمْ رَسُوْلٌ اَمِیْنٌ ۙ﴿۱۴۳﴾ فَاتَّقُوا اللّٰهَ وَاَطِیْعُوْنِ ۚ﴿۱۴۴﴾ وَمَاۤ اَسْـَٔلُكُمْ عَلَیْهِ

इस पर	और मैं नहीं मांगता तुम से	144	और मेरी इताअ़त करो	सो तुम डरो अल्लाह से	143	रसूल अमानतदार	तुम्हारे लिए	बेशक मैं

مِنْ اَجْرٍ ۚ اِنْ اَجْرِیَ اِلَّا عَلٰی رَبِّ الْعٰلَمِیْنَ ۭ﴿۱۴۵﴾ اَتُتْرَكُوْنَ فِیْ مَا هٰهُنَاۤ

जो यहां है	में	क्या छोड़ दिए जाओगे तुम?	145	सारे जहां का पालने वाला	पर	मगर	मेरा अजर	नहीं	कोई अजर

اٰمِنِیْنَ ۙ﴿۱۴۶﴾ فِیْ جَنّٰتٍ وَّعُیُوْنٍ ۙ﴿۱۴۷﴾ وَّزُرُوْعٍ وَّنَخْلٍ طَلْعُهَا هَضِیْمٌ ۚ﴿۱۴۸﴾

148	नर्म ओ नाज़ुक	उन के ख़ोशे	और खजूरें	और खेतियां	147	और चश्मे	बाग़ात में	146	बेफ़िक्र

وَتَنْحِتُوْنَ مِنَ الْجِبَالِ بُیُوْتًا فٰرِهِیْنَ ۚ﴿۱۴۹﴾ فَاتَّقُوا اللّٰهَ وَاَطِیْعُوْنِ ۚ﴿۱۵۰﴾

150	और मेरी इताअ़त करो	सो डरो अल्लाह से	149	ख़ुश हो कर	घर	पहाड़ों से	और तुम तराशते हो

وَلَا تُطِیْعُوْۤا اَمْرَ الْمُسْرِفِیْنَ ۙ﴿۱۵۱﴾ الَّذِیْنَ یُفْسِدُوْنَ فِی الْاَرْضِ

ज़मीन	में	फ़साद करते हैं	जो लोग	151	हद से बढ़ जाने वाले	हुक्म	और न कहा मानो

وَلَا یُصْلِحُوْنَ ﴿۱۵۲﴾ قَالُوْۤا اِنَّمَاۤ اَنْتَ مِنَ الْمُسَحَّرِیْنَ ۚ﴿۱۵۳﴾ مَاۤ اَنْتَ اِلَّا بَشَرٌ

मगर (सिर्फ़) एक बशर	तुम नहीं	153	सिहरज़दा लोग	से	तुम	इस के सिवा नहीं	उन्हों ने कहा	152	और इस्लाह नहीं करते

مِّثْلُنَا ۚۖ فَاْتِ بِاٰیَةٍ اِنْ كُنْتَ مِنَ الصّٰدِقِیْنَ ﴿۱۵۴﴾ قَالَ هٰذِهٖ نَاقَةٌ لَّهَا

उस के लिए	ऊँटनी	यह	उस ने कहा	154	सच्चे लोग से	तू	अगर	कोई निशानी	पस लाओ	हम जैसा

شِرْبٌ وَّلَكُمْ شِرْبُ یَوْمٍ مَّعْلُوْمٍ ۚ﴿۱۵۵﴾ وَلَا تَمَسُّوْهَا بِسُوْٓءٍ فَیَاْخُذَكُمْ

सो (वरना) तुम्हें आ पकड़ेगा	बुराई से	और उसे हाथ न लगाना	155	दिन मालूम	एक बारी पानी पीने की	और तुम्हारे लिए	पानी पीने की बारी

عَذَابُ یَوْمٍ عَظِیْمٍ ﴿۱۵۶﴾ فَعَقَرُوْهَا فَاَصْبَحُوْا نٰدِمِیْنَ ۙ﴿۱۵۷﴾ فَاَخَذَهُمُ

फिर उन्हें आ पकड़ा	157	पशेमान	पस रह गए	फिर उन्हों ने कूचें काट दीं उस की	156	एक बड़ा दिन	अ़ज़ाब

الْعَذَابُ ؕ اِنَّ فِیْ ذٰلِكَ لَاٰیَةً ؕ وَمَا كَانَ اَكْثَرُهُمْ مُّؤْمِنِیْنَ ﴿۱۵۸﴾

158	ईमान लाने वाले	उन के अक्सर	है	और नहीं	अलबत्ता निशानी	उस में	बेशक	अ़ज़ाब

وَاِنَّ رَبَّكَ لَهُوَ الْعَزِیْزُ الرَّحِیْمُ ﴿۱۵۹﴾ كَذَّبَتْ قَوْمُ لُوْطِ ِۨالْمُرْسَلِیْنَ ۚۖ﴿۱۶۰﴾ ع ١٩ ١٢ ٨

160	रसूलों को	क़ौमे लूत (अ)	झुटलाया	159	निहायत मेहरबान	ग़ालिब	अलबत्ता वह	तुम्हारा रब	और बेशक

اِذْ قَالَ لَهُمْ اَخُوْهُمْ لُوْطٌ اَلَا تَتَّقُوْنَ ۚ﴿۱۶۱﴾ اِنِّیْ لَكُمْ رَسُوْلٌ اَمِیْنٌ ۙ﴿۱۶۲﴾

162	रसूल अमानतदार	तुम्हारे लिए	बेशक मैं	161	क्या तुम डरते नहीं	लूत (अ)	उन के भाई	उन से	कहा	जब

فَاتَّقُوا اللّٰهَ وَاَطِیْعُوْنِ ﴿۱۶۳﴾ وَمَاۤ اَسْـَٔلُكُمْ عَلَیْهِ مِنْ اَجْرٍ ۚ اِنْ اَجْرِیَ

मेरा अजर	नहीं	कोई अजर	इस पर	और मैं नहीं मांगता तुम से	163	और मेरी इताअ़त करो	पस तुम डरो अल्लाह से

اِلَّا عَلٰی رَبِّ الْعٰلَمِیْنَ ؕ﴿۱۶۴﴾ اَتَاْتُوْنَ الذُّكْرَانَ مِنَ الْعٰلَمِیْنَ ۙ﴿۱۶۵﴾

165	तमाम जहानों	से	मर्दों के पास	क्या तुम आते हो	164	सारे जहां का पालने वाला	पर	मगर-सिर्फ़

وَتَذَرُوْنَ مَا خَلَقَ لَكُمْ رَبُّكُمْ مِّنْ اَزْوَاجِكُمْ ؕ بَلْ اَنْتُمْ قَوْمٌ عٰدُوْنَ ﴿۱۶۶﴾

166	हद से बढ़ने वाले	लोग	तुम	बल्कि	तुम्हारी बीवियां	से	तुम्हारा रब	तुम्हारे लिए	जो उस ने पैदा किया	और तुम छोड़ते हो

قَالُوْا لَئِنْ لَّمْ تَنْتَهِ يٰلُوْطُ لَتَكُوْنَنَّ مِنَ الْمُخْرَجِيْنَ ﴿١٦٧﴾ قَالَ اِنِّىْ

बेशक मैं	उस ने कहा	167	मुख़्रिज (बाहर निकाले जाने वाले)	से	अलबत्ता तुम ज़रूर होगे	ऐ लूत (अ)	तुम बाज़ न आए	अगर	बोले वह

لِعَمَلِكُمْ مِّنَ الْقَالِيْنَ ﴿١٦٨﴾ رَبِّ نَجِّنِىْ وَاَهْلِىْ مِمَّا يَعْمَلُوْنَ ﴿١٦٩﴾ فَنَجَّيْنٰهُ

तो हम ने नजात दी उसे	169	वह करते हैं	उस से जो	और मेरे घर वालों	मुझे नजात दे	ऐ मेरे रब	168	नफ़्रत करने वाले	से	तुम्हारे अ़मल से

وَاَهْلَهٗۤ اَجْمَعِيْنَ ﴿١٧٠﴾ اِلَّا عَجُوْزًا فِى الْغٰبِرِيْنَ ﴿١٧١﴾ ثُمَّ دَمَّرْنَا الْاٰخَرِيْنَ ﴿١٧٢﴾

172	दूसरे	फिर हम ने हलाक कर दिया	171	पीछे रह जाने वालों में	एक बुढ़िया	सिवाए	170	सब	और उस के घर वाले

وَاَمْطَرْنَا عَلَيْهِمْ مَّطَرًا ۚ فَسَآءَ مَطَرُ الْمُنْذَرِيْنَ ﴿١٧٣﴾ اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ لَاٰيَةً ؕ

अलबत्ता एक निशानी	उस में	बेशक	173	डराए गए	बारिश	पस बुरी	एक बारिश	उन पर	और हम ने बारिश बरसाई

ع ٩ ١٦ ١٣ وَمَا كَانَ اَكْثَرُهُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ﴿١٧٤﴾ وَاِنَّ رَبَّكَ لَهُوَ الْعَزِيْزُ الرَّحِيْمُ ﴿١٧٥﴾

175	निहायत मेह्रबान	ग़ालिब	अलबत्ता वह	तुम्हारा रब	और बेशक	174	ईमान लाने वाले	उन के अक्सर	थे	और न

كَذَّبَ اَصْحٰبُ لْئَيْكَةِ الْمُرْسَلِيْنَ ﴿١٧٦﴾ اِذْ قَالَ لَهُمْ شُعَيْبٌ

शुऐब (अ)	उन्हें	जब कहा	176	रसूल (जमा)	एयका (बन) वाले	झुटलाया

اَلَا تَتَّقُوْنَ ﴿١٧٧﴾ اِنِّىْ لَكُمْ رَسُوْلٌ اَمِيْنٌ ﴿١٧٨﴾ فَاتَّقُوا اللّٰهَ وَاَطِيْعُوْنِ ﴿١٧٩﴾

179	और मेरी इताअ़त करो	सो डरो तुम अल्लाह से	178	रसूल अमानतदार	तुम्हारे लिए	बेशक मैं	177	क्या तुम डरते नहीं

وَمَاۤ اَسْـَٔلُكُمْ عَلَيْهِ مِنْ اَجْرٍ ۚ اِنْ اَجْرِىَ اِلَّا عَلٰى رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿١٨٠﴾

180	सारे जहां का पालने वाला	पर	मगर-सिर्फ़	मेरा अजर	नहीं	कोई अजर	इस पर	और मैं नहीं मांगता तुम से

اَوْفُوا الْكَيْلَ وَلَا تَكُوْنُوْا مِنَ الْمُخْسِرِيْنَ ﴿١٨١﴾ وَزِنُوْا بِالْقِسْطَاسِ

तराज़ू से	और वज़्न करो	181	नुक़्सान देने वाले	से	और न हो तुम	माप	तुम पूरा करो

الْمُسْتَقِيْمِ ﴿١٨٢﴾ وَلَا تَبْخَسُوا النَّاسَ اَشْيَآءَهُمْ وَلَا تَعْثَوْا فِى الْاَرْضِ

ज़मीन में	और न फिरो	उन की चीज़ें	लोग	और न घटाओ	182	ठीक सीधी

مُفْسِدِيْنَ ﴿١٨٣﴾ وَاتَّقُوا الَّذِىْ خَلَقَكُمْ وَالْجِبِلَّةَ الْاَوَّلِيْنَ ﴿١٨٤﴾

184	पहली	और मख़्लूक़	पैदा किया तुम्हें	वह जिस ने	और डरो	183	फ़साद मचाते हुए

قَالُوْۤا اِنَّمَاۤ اَنْتَ مِنَ الْمُسَحَّرِيْنَ ﴿١٨٥﴾ وَمَاۤ اَنْتَ اِلَّا بَشَرٌ مِّثْلُنَا

हम जैसा	एक बशर	मगर-सिर्फ़	और नहीं तू	185	सिह्रज़दा (जमा)	से	तू	इस के सिवा नहीं	वह बोले (कहने लगे)

وَاِنْ نَّظُنُّكَ لَمِنَ الْكٰذِبِيْنَ ﴿١٨٦﴾ فَاَسْقِطْ عَلَيْنَا كِسَفًا مِّنَ السَّمَآءِ

आस्मान	से-का	एक टुकड़ा	हम पर	सो तू गिरा	186	झूटे	अलबत्ता-से	और अलबत्ता हम गुमान करते हैं तुझे

اِنْ كُنْتَ مِنَ الصّٰدِقِيْنَ ﴿١٨٧﴾ قَالَ رَبِّىْۤ اَعْلَمُ بِمَا تَعْمَلُوْنَ ﴿١٨٨﴾ فَكَذَّبُوْهُ

तो उन्हों ने झुटलाया उसे	188	तुम करते हो	जो कुछ	ख़ूब जानता है	मेरा रब	कहा	187	सच्चे	से	अगर तू है

فَاَخَذَهُمْ عَذَابُ يَوْمِ الظُّلَّةِ ؕ اِنَّهٗ كَانَ عَذَابَ يَوْمٍ عَظِيْمٍ ﴿١٨٩﴾

189	बड़ा (सख़्त) दिन	अ़ज़ाब	था	बेशक वह	साइबान वाला दिन	अ़ज़ाब	पस पकड़ा उन्हें

वह बोले ऐ लूत (अ)! अगर तुम बाज़ न आए तो ज़रूर (बस्ती से) निकाल दिए जाओगे। (167)
उस ने कहा बेशक मैं तुम्हारे फ़ेले (बद) से नफ़्रत करने वालों में से हूँ। (168)
ऐ मेरे रब! मुझे और मेरे घर वालों को उस (के वबाल) से नजात दे जो वह करते हैं। (169)
तो हम ने उसे नजात दी और उस के सब घर वालों को। (170)
सिवाए एक बुढ़िया जो रह गई पीछे रह जाने वालों में। (171)
फिर हम ने दूसरों को हलाक कर दिया। (172)
और हम ने उन पर (पत्थरों की) बारिश बरसाई। पस किया ही बुरी बारिश (उन पर जिन्हें अ़ज़ाब से) डराया गया। (173)
बेशक उस में एक निशानी है और न उन के अक्सर ईमान लाने वाले थे। (174)
और बेशक तुम्हारा रब अलबत्ता ग़ालिब, निहायत मेह्रबान है। (175)
झुटलाया एयका (बन) वालों ने रसूलों को। (176)
(याद करो) जब शुऐब (अ) ने उन से कहा क्या तुम डरते नहीं? (177)
बेशक मैं तुम्हारे लिए रसूल हूँ अमानतदार। (178)
सो अल्लाह से डरो और मेरी इताअ़त करो। (179)
और मैं तुम से इस पर कोई अजर नहीं मांगता, मेरा अजर तो सिर्फ़ (अल्लाह) रब्बुल आ़लमीन पर है। (180)
तुम माप पूरा करो, और नुक़्सान देने वालों में से न हो। (181)
और वज़्न करो ठीक सीधी तराज़ू से। (182)
और लोगों को उन की चीज़े घटा कर न दो, और ज़मीन में न फिरो फ़साद मचाते हुए। (183)
और डरो उस (ज़ाते पाक) से जिस ने तुम्हें पैदा किया और पहली मख़्लूक़ को। (184)
कहने लगे इस के सिवा नहीं कि तू सिह्रज़दा लोगों में से है। (185)
और तू सिर्फ़ हम जैसा एक बशर है, और अलबत्ता हम तुझे झूटों में से गुमान करते हैं। (186)
सो तू हम पर आस्मान का एक टुकड़ा गिरा दे अगर तू सच्चों में से है (सच्चा है)। (187)
शुऐब (अ) ने फ़रमाया, मेरा रब ख़ूब जानता है जो कुछ तुम करते हो। (188)
तो उन्हों ने उसे झुटलाया, पस उन्हें (आग के) साइबान वाले दिन अ़ज़ाब ने आ पकड़ा। बेशक वह बडे सख़्त दिन का अ़ज़ाब था। (189)

बेशक उस में निशानी है, और उन के अक्सर ईमान लाने वाले न थे। (190) और बेशक तेरा रब ग़ालिब है, निहायत मेह्रबान। (191) और बेशक यह (क़ुरआन) सारे जहानों के रब का उतारा हुआ है। (192) उस को ले कर उतरा है जिब्रील अमीन (अ)। (193) तुम्हारे दिल पर, ताकि तुम डर सुनाने वालों में से हो। (194) रोशन वाज़ेह अ़रबी ज़बान में। (195) और बेशक यह (इस का ज़िक्र) पहले पैग़म्बरों के सहीफ़ों में है। (196) क्या यह उन के लिए एक निशानी नहीं? कि इसे जानते हैं उल्माए बनी इस्राईल। (197) और अगर हम इसे किसी ग़ैर अ़रबी (ज़बान दान) पर नाज़िल करते। (198) फिर वह इसे उन के सामने पढ़ता (फिर भी) वह इस पर ईमान लाने वाले न होते (ईमान न लाते)। (199) इसी तरह हम ने मुज्रिमों के दिलों में इन्कार दाख़िल कर दिया है। (200) वह उस पर ईमान न लाएंगे यहां तक कि वह दर्दनाक अ़ज़ाब (न) देख लें। (201) तो वह उन पर अचानक आजाएगा और उन्हें ख़बर भी न होगी। (202) फिर वह कहेंगे क्या हमें मोहलत दी जाएगी। (203) पस क्या वह हमारे अ़ज़ाब को जल्दी चाहते हैं? (204) क्या तुम ने देखा (ज़रा देखो)? अगर हम उन्हें बरसों फ़ाइदा पहुँचाएं। (205) फिर उन पर पहुँचे जिस की उन्हें वईद की जाती थी। (206) जिस से वह फ़ाइदा उठाते थे उन के क्या काम आएगा? (207) और हम ने किसी बस्ती को हलाक नहीं किया, मगर उस के लिए डराने वाले। (208) नसीहत के लिए (पहले भेजे) और हम ज़ुल्म करने वाले न थे। (209) और इस (क़ुरआन) को शैतान ले कर नहीं उतरे। (210) और उन को सज़ावार नहीं (वह उस के क़ाबिल नहीं) और न वह (ऐसा) कर सकते हैं। (211) बेशक वह सुनने (के मुक़ाम) से दूर कर दिए गए हैं। (212) पस अल्लाह के साथ किसी और को माबूद न पुकारो कि मुबतिलाए अ़ज़ाब लोगों में से हो जाओ। (213) और तुम अपने क़रीब तरीन रिश्तेदारों को डराओ। (214) और उस के लिए अपने बाज़ू झुकाओ जिस ने तुम्हारी पैरवी की मोमिनों में से। (215)

اِنَّ فِيْ ذٰلِكَ لَاٰيَةً ؕ وَمَا كَانَ اَكْثَرُهُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ﴿١٩٠﴾ وَاِنَّ رَبَّكَ

तेरा रब	और बेशक	190	ईमान लाने वाले	उन के अक्सर	और न थे	अलबत्ता निशानी	उस में	बेशक

لَهُوَ الْعَزِيْزُ الرَّحِيْمُ ﴿١٩١﴾ وَاِنَّهٗ لَتَنْزِيْلُ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿١٩٢﴾ نَزَلَ بِهِ ع ١٠ / ١٦ / ١٤

इस के साथ (ले कर) उतरा	192	सारे जहानों का रब	अलबत्ता उतारा हुआ	और बेशक यह	191	निहायत मेह्रबान	ग़ालिब	वह

الرُّوْحُ الْاَمِيْنُ ﴿١٩٣﴾ عَلٰى قَلْبِكَ لِتَكُوْنَ مِنَ الْمُنْذِرِيْنَ ﴿١٩٤﴾ بِلِسَانٍ

ज़बान में	194	डर सुनाने वालों में से	ताकि तुम हो	तुम्हारे दिल	पर	193	जिब्रील अमीन (अ)

عَرَبِيٍّ مُّبِيْنٍ ﴿١٩٥﴾ وَاِنَّهٗ لَفِيْ زُبُرِ الْاَوَّلِيْنَ ﴿١٩٦﴾ اَوَلَمْ يَكُنْ لَّهُمْ اٰيَةً

एक निशानी	उन के लिए	क्या नहीं है	196	पहले (पैग़म्बर)	सहीफ़े	में	और बेशक यह	195	रोशन (वाज़ेह)	अ़रबी

اَنْ يَّعْلَمَهٗ عُلَمٰٓؤُا بَنِيْٓ اِسْرَآءِيْلَ ﴿١٩٧﴾ وَلَوْ نَزَّلْنٰهُ عَلٰى بَعْضِ الْاَعْجَمِيْنَ ﴿١٩٨﴾

198	अ़जमी (ग़ैर अ़रबी)	किसी पर	हम नाज़िल करते इसे	और अगर	197	बनी इस्राईल	उल्मा	कि जानते हैं इस को

فَقَرَاَهٗ عَلَيْهِمْ مَّا كَانُوْا بِهٖ مُؤْمِنِيْنَ ﴿١٩٩﴾ كَذٰلِكَ سَلَكْنٰهُ فِيْ قُلُوْبِ

यह चलाया है (इन्कार दाख़िल कर दिया है) दिलों में	इसी तरह	199	ईमान लाने वाले	इस पर	वह होते	न	उन के सामने	फिर वह पढ़ता इसे

الْمُجْرِمِيْنَ ﴿٢٠٠﴾ لَا يُؤْمِنُوْنَ بِهٖ حَتّٰى يَرَوُا الْعَذَابَ الْاَلِيْمَ ﴿٢٠١﴾ فَيَاْتِيَهُمْ

तो वह आजाएगा उन पर	201	दर्दनाक अ़ज़ाब	वह देख लेंगे	यहां तक कि	इस पर	वह ईमान न लाएंगे	200	मुज्रिमीन

بَغْتَةً وَّهُمْ لَا يَشْعُرُوْنَ ﴿٢٠٢﴾ فَيَقُوْلُوْا هَلْ نَحْنُ مُنْظَرُوْنَ ﴿٢٠٣﴾

203	मोहलत दी जाएगी	हम - हमें	क्या	फिर वह कहेंगे	202	ख़बर (भी) न होगी	और उन्हें	अचानक

اَفَبِعَذَابِنَا يَسْتَعْجِلُوْنَ ﴿٢٠٤﴾ اَفَرَءَيْتَ اِنْ مَّتَّعْنٰهُمْ سِنِيْنَ ﴿٢٠٥﴾ ثُمَّ

फिर	205	कई बरसों	हम उन्हें फ़ाइदा पहुँचाएं	अगर	क्या तुम ने देखा?	204	वह जल्दी चाहते हैं	क्या पस हमारे अ़ज़ाब को

جَآءَهُمْ مَّا كَانُوْا يُوْعَدُوْنَ ﴿٢٠٦﴾ مَآ اَغْنٰى عَنْهُمْ مَّا كَانُوْا يُمَتَّعُوْنَ ﴿٢٠٧﴾

207	वह फ़ाइदा उठाते थे	जो (जिस से)	उन के	क्या काम आएगा?	206	उन्हें वईद की जाती थी	जो	पहुँचे उन पर

وَمَآ اَهْلَكْنَا مِنْ قَرْيَةٍ اِلَّا لَهَا مُنْذِرُوْنَ ﴿٢٠٨﴾ ذِكْرٰى ۛ وَمَا كُنَّا عدد المتقدمین ٩ / ١٢

और न थे हम	नसीहत के लिए	208	डराने वाले	उस के लिए	मगर	किसी बस्ती को	और नहीं हलाक किया हम ने

ظٰلِمِيْنَ ﴿٢٠٩﴾ وَمَا تَنَزَّلَتْ بِهِ الشَّيٰطِيْنُ ﴿٢١٠﴾ وَمَا يَنْۢبَغِيْ لَهُمْ

उन को	और सज़ा वार नहीं	210	शैतान (जमा)	इसे ले कर	और नहीं उतरे	209	ज़ुल्म करने वाले

وَمَا يَسْتَطِيْعُوْنَ ﴿٢١١﴾ اِنَّهُمْ عَنِ السَّمْعِ لَمَعْزُوْلُوْنَ ﴿٢١٢﴾ فَلَا تَدْعُ

पस न पुकारो	212	दूर कर दिए गए हैं	सुनना	से	बेशक वह	211	और न वह कर सकते हैं

مَعَ اللّٰهِ اِلٰهًا اٰخَرَ فَتَكُوْنَ مِنَ الْمُعَذَّبِيْنَ ﴿٢١٣﴾ وَاَنْذِرْ عَشِيْرَتَكَ

अपने रिश्तेदार	और तुम डराओ	213	मुबतिलाए अ़ज़ाब	से	कि हो जाओ	कोई दूसरा माबूद	अल्लाह के साथ

الْاَقْرَبِيْنَ ﴿٢١٤﴾ وَاخْفِضْ جَنَاحَكَ لِمَنِ اتَّبَعَكَ مِنَ الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿٢١٥﴾

215	मोमिनीन	से	तुम्हारी पैरवी की	उस के लिए जिस ने	अपना बाज़ू	और झुकाओ	214	क़रीब तरीन

فَاِنْ عَصَوْكَ فَقُلْ اِنِّىْ بَرِىْٓءٌ مِّمَّا تَعْمَلُوْنَ ﴿٢١٦﴾ وَتَوَكَّلْ عَلَى الْعَزِيْزِ

ग़ालिब	पर	और भरोसा करो	216	तुम करते हो	उस से जो	बेशक मैं बेज़ार हूँ	तो कह दें	वह तुम्हारी नाफ़रमानी करें	फिर अगर

الرَّحِيْمِ ﴿٢١٧﴾ الَّذِىْ يَرٰىكَ حِيْنَ تَقُوْمُ ﴿٢١٨﴾ وَتَقَلُّبَكَ فِى السّٰجِدِيْنَ ﴿٢١٩﴾

219	सिजदा करने वाले (नमाज़ी)	में	और तुम्हारा फिरना	218	तुम खड़े होते हो	जब	तुम्हें देखता है	वह जो	217	निहायत मेह्रबान

اِنَّهٗ هُوَ السَّمِيْعُ الْعَلِيْمُ ﴿٢٢٠﴾ هَلْ اُنَبِّئُكُمْ عَلٰى مَنْ تَنَزَّلُ الشَّيٰطِيْنُ ﴿٢٢١﴾

221	शैतान (जमा)	उतरते हैं	किस पर	मैं तुम्हें बताऊँ	क्या	220	जानने वाला	सुनने वाला	वही	बेशक वह

تَنَزَّلُ عَلٰى كُلِّ اَفَّاكٍ اَثِيْمٍ ﴿٢٢٢﴾ يُّلْقُوْنَ السَّمْعَ وَاَكْثَرُهُمْ كٰذِبُوْنَ ﴿٢٢٣﴾

223	झूटे	और उन में अक्सर	सुनी सुनाई बात	डाल दिए हैं	222	गुनाहगार	बुहतान लगाने वाला	हर	पर	वह उतरते हैं

وَالشُّعَرَآءُ يَتَّبِعُهُمُ الْغَاوٗنَ ﴿٢٢٤﴾ اَلَمْ تَرَ اَنَّهُمْ فِىْ كُلِّ وَادٍ

हर वादी में	कि वह	क्या तुम ने नहीं देखा	224	गुमराह लोग	उन की पैरवी करते हैं	और शायर (जमा)

يَّهِيْمُوْنَ ﴿٢٢٥﴾ وَاَنَّهُمْ يَقُوْلُوْنَ مَا لَا يَفْعَلُوْنَ ﴿٢٢٦﴾ اِلَّا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

ईमान लाए	जो लोग	मगर	226	वह करते नहीं	जो	वह कहते हैं	और यह कि वह	225	सरगर्दां फिरते हैं

وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ وَذَكَرُوا اللّٰهَ كَثِيْرًا وَّانْتَصَرُوْا مِنْۢ بَعْدِ

उस के बाद	और उन्हों ने बदला लिया	बकसरत	और अल्लाह को याद किया	अच्छे	और उन्हों ने अ़मल किए

ع ١١ ٣٦ ١٥

مَا ظُلِمُوْا ۭ وَسَيَعْلَمُ الَّذِيْنَ ظَلَمُوْٓا اَىَّ مُنْقَلَبٍ يَّنْقَلِبُوْنَ ﴿٢٢٧﴾

227	वह उलटते हैं (उन्हें लौट कर जाना है)	लौटने की जगह (करवट)	किस	ज़ुल्म किया	वह लोग जिन्हों ने	और अ़नक़रीब जान लेंगे	कि उन पर ज़ुल्म हुआ

آيَاتُهَا ٩٣ ❀ سُوْرَةُ النَّمْلِ (٢٧) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٧

रुकुआत 7 — (27) सूरतुन नमल — चीटीयाँ — आयात 93

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेह्रबान, रह्म करने वाला है

طٰسٓ تِلْكَ اٰيٰتُ الْقُرْاٰنِ وَكِتَابٍ مُّبِيْنٍ ﴿١﴾ هُدًى

हिदायत	1	रोशन, वाज़ेह	और किताब	क़ुरआन	आयतें	यह	ता सीन

وَّبُشْرٰى لِلْمُؤْمِنِيْنَ ﴿٢﴾ الَّذِيْنَ يُقِيْمُوْنَ الصَّلٰوةَ وَيُؤْتُوْنَ الزَّكٰوةَ

ज़कात	और अदा करते हैं	नमाज़	क़ाइम रखते हैं	जो लोग	2	मोमिनों के लिए	और ख़ुशख़बरी

وَهُمْ بِالْاٰخِرَةِ هُمْ يُوْقِنُوْنَ ﴿٣﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ لَا يُؤْمِنُوْنَ بِالْاٰخِرَةِ

आख़िरत पर	ईमान नहीं लाते	जो लोग	बेशक	3	यक़ीन रखते हैं	वह	आख़िरत पर	और वह

زَيَّنَّا لَهُمْ اَعْمَالَهُمْ فَهُمْ يَعْمَهُوْنَ ﴿٤﴾ اُولٰٓئِكَ الَّذِيْنَ

वह लोग जो	यही लोग	4	भटकते फिरते हैं	पस वह	उन के अ़मल	आरास्ता कर दिखाए हम ने उन के लिए

لَهُمْ سُوْٓءُ الْعَذَابِ وَهُمْ فِى الْاٰخِرَةِ هُمُ الْاَخْسَرُوْنَ ﴿٥﴾

5	सब से बढ़ कर ख़सारा उठाने वाले	वह	आख़िरत में	और वह	अ़ज़ाब	बुरा	उन के लिए

फिर अगर तुम्हारी नाफ़रमानी करें तो कह दें जो तुम करते हो बेशक मैं उस से बेज़ार हूँ। (216) और तुम भरोसा करो ग़ालिब, निहायत मेह्रबान पर। (217) जो तुम्हें देखता है जब तुम (नमाज़ में) खड़े होते हो। (218) और नमाज़ियों में तुम्हारा फिरना (भी देखता है)। (219) बेशक वही सुनने वाला जानने वाला है। (220) क्या मैं तुम्हें बताऊँ किस पर शैतान उतरते हैं? (221) वह उतरते हैं बुहतान लगाने वाले, गुनाहगार पर। (222) (शैतान) सुनी सुनाई बात (उन के कान में) डाल देते हैं और उन में अक्सर झूटे हैं। (223) और (रहे) शायर उन की पैरवी गुमराह लोग करते हैं। (224) क्या तुम ने नहीं देखा? कि वह हर वादी में सरगर्दां फिरते हैं। (225) और यह कि वह कहते हैं जो वह करते नहीं। (226) सिवाए उन के जो ईमान लाए, और उन्हों ने अच्छे अ़मल किए, और अल्लाह को याद किया बकसरत, और उन्हों ने उस के बाद बदला लिया कि उन पर ज़ुल्म हुआ, और जिन लोगों ने ज़ुल्म किया वह अ़नक़रीब जान लेंगे कि किस करवट उन्हें लौट कर जाना है। (227)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेह्रबान, रह्म करने वाला है

तासीन - यह आयतें हैं क़ुरआन और रोशन वाज़ेह किताब की। (1) हिदायत और ख़ुशख़बरी मोमिनों के लिए। (2) जो लोग नमाज़ क़ाइम रखते हैं, और ज़कात अदा करते हैं, और आख़िरत पर यक़ीन रखते हैं। (3) बेशक जो लोग आख़िरत पर ईमान नहीं लाते हम ने उन के अ़मल उन के लिए आरास्ता कर दिखाए हैं, पस वह भटकते फिरते हैं। (4) यही हैं वह लोग जिन के लिए बुरा अ़ज़ाब है, और वह आख़िरत में सब से बढ़ कर ख़सारा उठाने वाले हैं। (5)

الثلثة

और बेशक तुम्हें कुरआन हिक्मत वाले इल्म वाले की तरफ़ से दिया जाता है। (6)
(याद करो) जब मूसा (अ) ने अपने घर वालों से कहा बेशक मैं ने देखी है एक आग, मैं अभी तुम्हारे पास उस की कोई ख़बर लाता हूँ या आग का अंगारा तुम्हारे पास लाता हूँ ताकि तुम सेंको। (7)
पस जब वह आग के पास आया (अल्लाह तआ़ला की तरफ़ से) निदा दी गई कि बरकत दिया गया जो आग में (जलवा अफ़रोज़ है) जो उस के आस पास है (मूसा अ) और पाक है अल्लाह सारे जहानों का परवरदिगार। (8)
ऐ मूसा (अ) हक़ीक़त यह है कि मैं ही अल्लाह ग़ालिब हिक्मत वाला हूँ। (9)
और तू अपना असा (नीचे) डाल दे पस जब उस ने उसे लहराता हुआ देखा गोया वह सांप है तो (मूसा अ) पीठ फेर कर लौट गया और उस ने मुड़ कर न देखा, (इरशाद हुआ) ऐ मूसा (अ)! तू ख़ौफ़ न खा, बेशक मेरे पास रसूल ख़ौफ़ नहीं खाते। (10)
मगर जिस ने ज़ुल्म किया, फिर उस ने बुराई के बाद उसे भलाई से बदल डाला तो बेशक मैं बख़्शने वाला, निहायत मेहरबान हूँ। (11)
और अपना हाथ अपने गरेबान में डाल वह किसी ऐब के बग़ैर सफ़ेद रोशन (हो कर) निकलेगा, नौ (9) निशानियों में से (यह दो मोजिज़े ले कर) फ़िरऔन और उस की क़ौम की तरफ़ (जा), बेशक वह नाफ़रमान क़ौम हैं। (12)
फिर जब उन के पास आईं हमारी निशानियां आँखे खोलने वाली, वह बोले यह खुला जादू है। (13)
हालांकि उन के दिलों को उस का यक़ीन था, उन्हों ने उस का इन्कार किया ज़ुल्म और तकब्बुर से। तो देखो! फ़साद करने वालों का कैसा अन्जाम हुआ? (14)
और तहक़ीक़ हम ने दिया दाऊद (अ) और सुलेमान (अ) को इल्म, और उन्हों ने कहा तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए हैं, वह जिस ने हमें फ़ज़ीलत दी अक्सर अपने मोमिन बन्दों पर। (15)
और सुलेमान (अ), दाऊद (अ) का वारिस हुआ, और उस ने कहा ऐ लोगो! मुझे सिखाई गई है परिन्दों की बोली, और हमें हर चीज़ (नेमत) से दी गई है, बेशक यह खुला फ़ज़्ल है। (16)

وَاِنَّكَ لَتُلَقَّى الْقُرْاٰنَ مِنْ لَّدُنْ حَكِيْمٍ عَلِيْمٍ ﴿٦﴾ اِذْ قَالَ مُوْسٰى

मूसा (अ)	कहा	जब	6	इल्म वाला	हिक्मत वाला	नज़्दीक (जानिब) से	कुरआन	दिया जाता है	और बेशक तुम

لِاَهْلِهٖٓ اِنِّيْٓ اٰنَسْتُ نَارًا ۭ سَاٰتِيْكُمْ مِّنْهَا بِخَبَرٍ اَوْ اٰتِيْكُمْ بِشِهَابٍ قَبَسٍ

अंगारा	शोला	या लाता हूँ तुम्हारे पास	कोई ख़बर	उस की	मैं अभी लाता हूँ	एक आग	मैं ने देखी है	बेशक मैं	अपने घर वालों से

لَّعَلَّكُمْ تَصْطَلُوْنَ ﴿٧﴾ فَلَمَّا جَاۗءَهَا نُوْدِيَ اَنْۢ بُوْرِكَ مَنْ فِي النَّارِ

आग में	जो	कि बरकत दिया गया	आवाज़ दी गई	उस (आग) के पास आया	पस जब	7	तुम सेंको	ताकि तुम

وَمَنْ حَوْلَهَا ۭ وَسُبْحٰنَ اللّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٨﴾ يٰمُوْسٰٓى اِنَّهٗٓ اَنَا اللّٰهُ

मैं अल्लाह	हक़ीक़त यह	ऐ मूसा (अ)	8	परवरदिगार सारे जहानों का	और पाक है अल्लाह	उस के आस पास	और जो

الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ﴿٩﴾ وَاَلْقِ عَصَاكَ ۭ فَلَمَّا رَاٰهَا تَهْتَزُّ كَاَنَّهَا جَاۗنٌّ

सांप	गोया कि वह	लहराता हुआ	उसे देखा	पस जब उस ने	अपना असा	और तू डाल	9	हिक्मत वाला	ग़ालिब

وَّلّٰى مُدْبِرًا وَّلَمْ يُعَقِّبْ ۭ يٰمُوْسٰى لَا تَخَفْ ۣ اِنِّىْ لَا يَخَافُ لَدَيَّ

मेरे पास	ख़ौफ़ नहीं खाते	बेशक मैं	तू ख़ौफ़ न खा	ऐ मूसा (अ)	और मुड़ कर न देखा	वह लौट गया पीठ फेर कर

الْمُرْسَلُوْنَ ﴿١٠﴾ اِلَّا مَنْ ظَلَمَ ثُمَّ بَدَّلَ حُسْنًۢا بَعْدَ سُوْۗءٍ فَاِنِّىْ

तो बेशक मैं	बुराई	बाद	भलाई	फिर उस ने बदल डाला	ज़ुल्म किया	जो-जिस	मगर	10	रसूल (जमा)

غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿١١﴾ وَاَدْخِلْ يَدَكَ فِيْ جَيْبِكَ تَخْرُجْ بَيْضَاۗءَ مِنْ

से-के	सफ़ेद-रोशन	वह निकलेगा	अपने गरेबान में	अपना हाथ	और दाख़िल कर (डाल)	11	निहायत मेहरबान	बख़्शने वाला

غَيْرِ سُوْۗءٍ ۣ فِيْ تِسْعِ اٰيٰتٍ اِلٰى فِرْعَوْنَ وَقَوْمِهٖ ۭ اِنَّهُمْ كَانُوْا

हैं	बेशक वह	और उस की क़ौम	फ़िरऔन	तरफ़	नौ (9) निशानियां	में	किसी ऐब के बग़ैर

قَوْمًا فٰسِقِيْنَ ﴿١٢﴾ فَلَمَّا جَاۗءَتْهُمْ اٰيٰتُنَا مُبْصِرَةً قَالُوْا هٰذَا

यह	वह बोले	आँखें खोलने वाली	हमारी निशानियां	आईं उन के पास	फिर जब	12	नाफ़रमान	क़ौम

سِحْرٌ مُّبِيْنٌ ﴿١٣﴾ وَجَحَدُوْا بِهَا وَاسْتَيْقَنَتْهَآ اَنْفُسُهُمْ ظُلْمًا وَّعُلُوًّا ۭ

और तकब्बुर से	ज़ुल्म से	उन के दिल	हालांकि उस का यक़ीन था	उस का	और उन्हों ने इन्कार किया	13	जादू खुला

فَانْظُرْ كَيْفَ كَانَ عَاقِبَةُ الْمُفْسِدِيْنَ ﴿١٤﴾ وَلَقَدْ اٰتَيْنَا دَاوٗدَ ع ١٤ ١٦

दाऊद (अ)	और तहक़ीक़ दिया हम ने	14	फ़साद करने वाले	अन्जाम	हुआ	कैसा	तो देखो

وَسُلَيْمٰنَ عِلْمًا ۚ وَقَالَا الْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِيْ فَضَّلَنَا عَلٰي كَثِيْرٍ مِّنْ عِبَادِهِ

अपने बन्दे	से	अक्सर	पर	फ़ज़ीलत दी हमें	वह जिस ने	तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए	और उन्हों ने कहा	बड़ा इल्म	और सुलेमान (अ)

الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿١٥﴾ وَوَرِثَ سُلَيْمٰنُ دَاوٗدَ وَقَالَ يٰٓاَيُّهَا النَّاسُ عُلِّمْنَا

हमें सिखाई गई	ऐ लोगो	और उस ने कहा	दाऊद (अ)	सुलेमान (अ)	और वारिस हुआ	15	मोमिनीन

مَنْطِقَ الطَّيْرِ وَاُوْتِيْنَا مِنْ كُلِّ شَيْءٍ ۭ اِنَّ هٰذَا لَهُوَ الْفَضْلُ الْمُبِيْنُ ﴿١٦﴾

16	खुला	फ़ज़्ल	अलबत्ता वही	यह	बेशक	हर चीज़ से	से	और हमें दी गई	परिन्दे (जमा)	बोली

وَحُشِرَ لِسُلَيْمٰنَ جُنُوْدُهٗ مِنَ الْجِنِّ وَالْاِنْسِ وَالطَّيْرِ فَهُمْ يُوْزَعُوْنَ ﴿١٧﴾

और जमा किया गया	सुलेमान (अ) के लिए	उस का लशकर	से	जिन्न	और इन्सान	और परिन्दे	पस वह	तरतीब में रखे जाते थे	17

حَتّٰٓى اِذَآ اَتَوْا عَلٰى وَادِ النَّمْلِ ۙ قَالَتْ نَمْلَةٌ يّٰٓاَيُّهَا النَّمْلُ ادْخُلُوْا

यहां तक कि	जब वह	आए	पर	चींटियों का मैदान	कहा	एक चींटी	ऐ चींटियों	तुम दाख़िल हो

مَسٰكِنَكُمْ ۚ لَا يَحْطِمَنَّكُمْ سُلَيْمٰنُ وَجُنُوْدُهٗ ۙ وَهُمْ لَا يَشْعُرُوْنَ ﴿١٨﴾

अपने घरों (बिलों) में	न रौन्द डाले तुम्हें	सुलेमान (अ)	और उस का लशकर	और वह	न जानते हों (उन्हें मालूम न हो)	18

فَتَبَسَّمَ ضَاحِكًا مِّنْ قَوْلِهَا وَقَالَ رَبِّ اَوْزِعْنِيْٓ اَنْ اَشْكُرَ

तो वह मुसकुराया	हँसते हुए	से	उस की बात	और कहा	ऐ मेरे रब	मुझे तौफ़ीक़ दे	कि मैं शुक्र अदा करूँ

نِعْمَتَكَ الَّتِيْٓ اَنْعَمْتَ عَلَيَّ وَعَلٰى وَالِدَيَّ وَاَنْ اَعْمَلَ صَالِحًا

तेरी नेमत	वह जो	तू ने इनआम फ़रमाई	मुझ पर	और पर	मेरे माँ बाप	और यह कि	मैं नेक काम करूँ

تَرْضٰىهُ وَاَدْخِلْنِيْ بِرَحْمَتِكَ فِيْ عِبَادِكَ الصّٰلِحِيْنَ ﴿١٩﴾ وَتَفَقَّدَ

तू वह पसंद करे	और मुझे दाख़िल फ़रमा	अपनी रहमत से	में	अपने बन्दे	नेक (जमा)	19	और उस ने ख़बर ली (जाइज़ा लिया)

الطَّيْرَ فَقَالَ مَا لِيَ لَآ اَرَى الْهُدْهُدَ ۖ اَمْ كَانَ مِنَ الْغَآئِبِيْنَ ﴿٢٠﴾

परिन्दे	तो उस ने कहा	क्या है	मैं नहीं देखता	हुद हुद	क्या वह है	से	ग़ाइब हाने वाले	20

لَاُعَذِّبَنَّهٗ عَذَابًا شَدِيْدًا اَوْ لَاَاذْبَحَنَّهٗٓ اَوْ لَيَاْتِيَنِّيْ بِسُلْطٰنٍ

अलबत्ता मैं ज़रूर उसे सज़ा दूँगा	सज़ा	सख़्त	या उसे ज़ुबह कर डालूँगा	या उसे ज़रूर लानी चाहिए	सनद (कोई वजह)

مُّبِيْنٍ ﴿٢١﴾ فَمَكَثَ غَيْرَ بَعِيْدٍ فَقَالَ اَحَطْتُّ بِمَا لَمْ تُحِطْ بِهٖ

वाज़ेह (माकूल)	21	सो उस ने देर की	थोड़ी सी	फिर कहा	मैं ने मालूम किया है	वह जो	तुम को मालूम नहीं वह

وَجِئْتُكَ مِنْ سَبَاٍ ۢبِنَبَاٍ يَّقِيْنٍ ﴿٢٢﴾ اِنِّيْ وَجَدْتُّ امْرَاَةً تَمْلِكُهُمْ

और मैं तुम्हारे पास लाया हूँ	से	सबा	एक ख़बर	यक़ीनी	22	बेशक मैं ने	पाया (देखा)	एक औरत	वह बादशाहत करती है उन पर

وَاُوْتِيَتْ مِنْ كُلِّ شَيْءٍ وَّلَهَا عَرْشٌ عَظِيْمٌ ﴿٢٣﴾ وَجَدْتُّهَا وَقَوْمَهَا

और दी गई है	हर शै	और उस के लिए	एक तख़्त	बड़ा	23	मैं ने पाया है उसे	और उस की क़ौम

يَسْجُدُوْنَ لِلشَّمْسِ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ وَزَيَّنَ لَهُمُ الشَّيْطٰنُ اَعْمَالَهُمْ

वह सिजदा करते हैं	सूरज को	अल्लाह के सिवा	और आरास्ता कर दिखाए हैं	उन्हें	शैतान	उन के आमाल

فَصَدَّهُمْ عَنِ السَّبِيْلِ فَهُمْ لَا يَهْتَدُوْنَ ﴿٢٤﴾ اَلَّا يَسْجُدُوْا لِلّٰهِ

पस रोक दिया उन्हें	रास्ते से	सो वह	राह नहीं पाते	24	कि नहीं	वह सिजदा करते अल्लाह को

الَّذِيْ يُخْرِجُ الْخَبْءَ فِي السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ وَيَعْلَمُ مَا تُخْفُوْنَ

वह जो	निकालता है	छुपी हुई	आस्मानों में	और ज़मीन	और जानता है	जो तुम छुपाते हो

وَمَا تُعْلِنُوْنَ ﴿٢٥﴾ اَللّٰهُ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ رَبُّ الْعَرْشِ الْعَظِيْمِ ۩ ﴿٢٦﴾

और जो	तुम ज़ाहिर करते हो	25	अल्लाह	नहीं कोई माबूद	उस के सिवा	रब	अर्शे अज़ीम	26

السجدة ٨

और सुलेमान (अ) के लिए उस का लशकर जिन्नों, इन्सानों और परीन्दों का जमा किया गया, पस वह तरतीब में रखे जाते थे। (17)
यहां तक कि वह चींटियों के मैदान में आए, एक चींटी ने कहा, ऐ चींटियों! तुम अपने बिलों में दाख़िल हो जाओ, (कहीं) सुलेमान (अ) और उस का लशकर तुम्हें रौन्द न डाले और उन्हें ख़बर भी न हो। (18)
तो वह हँसते हुए मुसकुराया उस की बात से, और कहा ऐ मेरे रब! मुझे तौफ़ीक़ दे कि मैं तेरी नेमत का शुक्र अदा करूँ जो तू ने मुझ पर इनआम फ़रमाई है, और मेरे माँ बाप पर, और यह कि मैं नेक काम करूँ जो तू पसंद करे और अपनी रहमत से मुझे अपने नेक बन्दों में दाख़िल फ़रमा ले। (19)
और उस ने परिन्दों का जाइज़ा लिया तो कहा क्या (बात) है मैं हुद हुद को नहीं देखता, क्या वह ग़ाइब हो जाने वालों में से है? (20)
अलबत्ता मैं उसे ज़रूर सख़्त सज़ा दूँगा या उसे ज़ुबह कर डालूँगा, या उसे ज़रूर कोई माकूल वजह मेरे पास लानी (पेश करनी) चाहिए। (21)
सो उस (हुद हुद) ने थोड़ी सी देर की, फिर कहा मैं ने मालूम किया है वह जो तुम को मालूम नहीं, और मैं तुम्हारे पास सबा से एक यक़ीनी ख़बर लाया हूँ। (22)
बेशक मैं ने एक औरत को देखा है, वह उन पर बादशाहत करती है, और (उसे) हर शै दी गई है, और उस के लिए एक बड़ा तख़्त है। (23)
मैं ने उसे और उस की क़ौम को अल्लाह के सिवा (अल्लाह को छोड़ कर) सूरज को सिजदा करते पाया है, और शैतान ने उन्हें आरास्ता कर दिखाया है उन के अ़मल, पस उन्हें (सीधे) रास्ते से रोक दिया है सो वह राह नहीं पाते। (24)
और अल्लाह को (क्यों) सिजदा नहीं करते? वह जो आस्मानों में और ज़मीन में छुपी हुई (चीज़ों को) निकालता है, और जानता है जो तुम छुपाते हो और जो तुम ज़ाहिर करते हो। (25)
अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं, वह अर्शे अ़ज़ीम का मालिक है। (26)

सुलेमान (अ) ने कहा, हम अभी देख लेंगे क्या तू ने सच कहा है? या तू झूटों में से है (झूटा है)? (27) मेरा यह ख़त ले जा, पस यह उन की तरफ़ डाल दे, फिर उन से लौट आ, फिर देख वह क्या जवाब देते हैं! (28) वह औरत कहने लगी, ऐ सरदारो! बेशक मेरी तरफ़ एक बा वक़्अत ख़त डाला गया है। (29) बेशक वह सुलेमान (अ) (की तरफ़) से है और बेशक वह (यूँ है) "अल्लाह के नाम से जो रहम करने वाला निहायत मेहरबान है"। (30) यह कि मुझ पर (मेरे मुक़ाबले में) सरकशी न करो, और मेरे पास आओ फ़रमांबरदार हो कर। (31) वह बोली, ऐ सरदारो! मेरे मामले में मुझे राए दो, मैं किसी मामले में फ़ैस्ला करने वाली नहीं (फ़ैस्ला नहीं करती) जब तक तुम मौजूद (न) हो। (32) वह बोले हम कुव्वत वाले, बड़े लड़ने वाले हैं, और फ़ैसला तेरे इख़्तियार में है, तू देख ले तुझे क्या हुक्म करना है। (33) वह बोली, बेशक जब बादशाह किसी बस्ती में दाख़िल होते हैं तो उसे तबाह कर देते हैं, और वहां के मुअ़ज़्ज़िज़ीन को ज़लील कर दिया करते हैं, और वह उड़ी तरह करते हैं। (34) और बेशक मैं उन की तरफ़ एक तोहफ़ा भेजने वाली हूँ, फिर देखती हूँ क्या जवाब ले कर लौटते हैं क़ासिद। (35) पस जब सुलेमान (अ) के पास क़ासिद आया तो उस ने कहा कि तुम माल से मेरी मदद करते हो? पस जो अल्लाह ने मुझे दिया है वह बेहतर है उस से जो उस ने तुम्हें दिया है, बल्कि तुम अपने तोहफ़े से ख़ुश होते हो। (36) तू उन की तरफ़ लौट जा, सो हम उन पर ज़रूर लाएंगे ऐसा लशकर जिस (के मुक़ाबले) की उन्हें ताक़त न होगी, और हम ज़रूर उन्हें वहां से ज़लील कर के निकाल देंगे। और वह ख़ार होंगे। (37) सुलेमान (अ) ने कहा ऐ सरदारो! तुम में कौन उस का तख़्त मेरे पास लाएगा? इस से क़ब्ल कि वह मेरे पास फ़रमांबरदार हो कर आएं। (38) कहा जिन्नात में से एक क़वी हैकल ने, बेशक मैं उस को आप के पास इस से क़ब्ल ले आऊंगा कि आप अपनी जगह से खड़े हों, मैं बेशक उस पर अलबत्ता कुव्वत वाला, अमानतदार हूँ। (39)

قَالَ سَنَنْظُرُ اَصَدَقْتَ اَمْ كُنْتَ مِنَ الْكٰذِبِيْنَ ﴿٢٧﴾ اِذْهَبْ بِّكِتٰبِيْ

मेरा ख़त	ले जा	27	झूटे	से	तू है	या	क्या तू ने सच कहा	उस (सुलेमान अ) ने कहा अभी हम देख लेंगे

هٰذَا فَاَلْقِهْ اِلَيْهِمْ ثُمَّ تَوَلَّ عَنْهُمْ فَانْظُرْ مَاذَا يَرْجِعُوْنَ ﴿٢٨﴾ قَالَتْ

वह कहने लगी	28	वह जवाब देते हैं	क्या	फिर देख	उन से	फिर लौट आ	उन की तरफ़	पस उसे डाल दे	यह

يٰۤاَيُّهَا الْمَلَؤُا اِنِّيْۤ اُلْقِيَ اِلَيَّ كِتٰبٌ كَرِيْمٌ ﴿٢٩﴾ اِنَّهٗ مِنْ سُلَيْمٰنَ وَاِنَّهٗ

और बेशक वह	सुलेमान (अ)	से	बेशक वह	29	बा वक़्अत	ख़त	मेरी तरफ़	डाला गया	बेशक मेरी तरफ़	ऐ सरदारो!

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ﴿٣٠﴾ اَلَّا تَعْلُوْا عَلَيَّ وَاْتُوْنِيْ مُسْلِمِيْنَ ﴿٣١﴾ ع ٢/١٧ ١٧

31	फ़रमांबरदार हो कर	और मेरे पास आओ	मुझ पर	यह कि तुम सरकशी न करो	30	रहम करने वाला	निहायत मेहरबान	नाम से अल्लाह के

قَالَتْ يٰۤاَيُّهَا الْمَلَؤُا اَفْتُوْنِيْ فِيْۤ اَمْرِيْ مَا كُنْتُ قَاطِعَةً اَمْرًا

किसी मामला	फ़ैसला करने वाली	मैं नहीं हूँ	मेरे मामले में	मुझे राए दो	ऐ सरदारो!	वह बोली

حَتّٰى تَشْهَدُوْنِ ﴿٣٢﴾ قَالُوْا نَحْنُ اُولُوْا قُوَّةٍ وَّاُولُوْا بَاْسٍ شَدِيْدٍ

और बड़े लड़ने वाले	कुव्वत वाले	हम	वह बोले	32	तुम मौजूद हो	जब तक

وَّالْاَمْرُ اِلَيْكِ فَانْظُرِيْ مَاذَا تَاْمُرِيْنَ ﴿٣٣﴾ قَالَتْ اِنَّ الْمُلُوْكَ

बादशाह (जमा)	बेशक	वह बोली	33	तुझे हुक्म करना है	क्या	तू देख ले	और फ़ैसला तेरी तरफ़ (तेरे इख़्तियार में)

اِذَا دَخَلُوْا قَرْيَةً اَفْسَدُوْهَا وَجَعَلُوْۤا اَعِزَّةَ اَهْلِهَاۤ اَذِلَّةً

ज़लील	वहां के	मुअ़ज़्ज़िज़ीन	और कर दिया करते हैं	उसे तबाह कर देते हैं	कोई बस्ती	जब दाख़िल होते हैं

وَكَذٰلِكَ يَفْعَلُوْنَ ﴿٣٤﴾ وَاِنِّيْ مُرْسِلَةٌ اِلَيْهِمْ بِهَدِيَّةٍ فَنٰظِرَةٌۢ بِمَ يَرْجِعُ

क्या (जवाब) ले कर लौटते हैं	फिर देखती हूँ	एक तोहफ़ा	उन की तरफ़	भेजने वाली	और बेशक मैं	34	वह करते हैं	और उसी तरह

الْمُرْسَلُوْنَ ﴿٣٥﴾ فَلَمَّا جَآءَ سُلَيْمٰنَ قَالَ اَتُمِدُّوْنَنِ بِمَالٍ فَمَاۤ

पस जो	माल से	क्या तुम मेरी मदद करते हो	उस ने कहा	सुलेमान (अ)	आया	पस जब	35	क़ासिद

اٰتٰىنِۦَ اللّٰهُ خَيْرٌ مِّمَّاۤ اٰتٰىكُمْ بَلْ اَنْتُمْ بِهَدِيَّتِكُمْ تَفْرَحُوْنَ ﴿٣٦﴾ اِرْجِعْ

तू लौट जा	36	ख़ुश होते हो	अपने तोहफ़े से	तुम	बल्कि	उस ने तुम्हें दिया	उस से जो	बेहतर	मुझे दिया अल्लाह ने

اِلَيْهِمْ فَلَنَاْتِيَنَّهُمْ بِجُنُوْدٍ لَّا قِبَلَ لَهُمْ بِهَا وَلَنُخْرِجَنَّهُمْ مِّنْهَاۤ

वहां से	और ज़रूर निकाल देंगे उन्हें	उस की	उन को	न ताक़त होगी	ऐसा लशकर	हम ज़रूर लाएंगे उन पर	उन की तरफ़

اَذِلَّةً وَّهُمْ صٰغِرُوْنَ ﴿٣٧﴾ قَالَ يٰۤاَيُّهَا الْمَلَؤُا اَيُّكُمْ يَاْتِيْنِيْ بِعَرْشِهَا

उस का तख़्त	मेरे पास लाएगा	तुम में से कौन	उस (सुलेमान अ) ने कहा ऐ सरदारो!	37	ख़ार होंगे	और वह	ज़लील कर के

قَبْلَ اَنْ يَّاْتُوْنِيْ مُسْلِمِيْنَ ﴿٣٨﴾ قَالَ عِفْرِيْتٌ مِّنَ الْجِنِّ اَنَا اٰتِيْكَ

मैं आप के पास ले आऊंगा	जिन्नात से	एक क़वी हैकल	कहा	38	फ़रमांबरदार हो कर	वह आए मेरे पास	कि	इस से क़ब्ल

بِهٖ قَبْلَ اَنْ تَقُوْمَ مِنْ مَّقَامِكَ وَاِنِّيْ عَلَيْهِ لَقَوِيٌّ اَمِيْنٌ ﴿٣٩﴾

39	अमानतदार	अलबत्ता क़ुव्वत वाला	उस पर	और बेशक मैं	अपनी जगह से	कि आप खड़े हों	इस से क़ब्ल	उस को

قَالَ الَّذِىْ عِنْدَهٗ عِلْمٌ مِّنَ الْكِتٰبِ اَنَا اٰتِيْكَ بِهٖ قَبْلَ

क़ब्ल	मैं उस को तुम्हारे पास ले आऊंगा	मैं	किताब	से-का	इल्म	उस के पास	उस ने जो	कहा

اَنْ يَّرْتَدَّ اِلَيْكَ طَرْفُكَ ؕ فَلَمَّا رَاٰهُ مُسْتَقِرًّا عِنْدَهٗ قَالَ

उस ने कहा	अपने पास	रखा हुआ	पस जब सुलेमान (अ) ने उसे देखा	तुम्हारी निगाह (पलक झपके)	तुम्हारी तरफ़	कि फिर आए

هٰذَا مِنْ فَضْلِ رَبِّىْ ۖۗ لِيَبْلُوَنِىْٓ ءَاَشْكُرُ اَمْ اَكْفُرُ ؕ وَمَنْ

और जिस	या नाशुक्री करता हूँ	आया मैं शुक्र करता हूँ	ताकि मुझे आज़माए	मेरे रब का फ़ज़्ल	से	यह

شَكَرَ فَاِنَّمَا يَشْكُرُ لِنَفْسِهٖ ۚ وَمَنْ كَفَرَ فَاِنَّ رَبِّىْ غَنِىٌّ

बेनियाज़	मेरा रब	तो बेशक	नाशुक्री की	और जिस	अपनी ज़ात के लिए	शुक्र करता है	तो पस वह	शुक्र किया

كَرِيْمٌ ﴿٤٠﴾ قَالَ نَكِّرُوْا لَهَا عَرْشَهَا نَنْظُرْ اَتَهْتَدِىْٓ اَمْ تَكُوْنُ

या होती है	आया वह राह पाती (समझ जाती) है	हम देखें	उस का तख़्त	उस के लिए	शकल बदल दो	उस ने कहा	40	करम करने वाला

مِنَ الَّذِيْنَ لَا يَهْتَدُوْنَ ﴿٤١﴾ فَلَمَّا جَآءَتْ قِيْلَ اَهٰكَذَا

क्या ऐसा ही है	कहा गया	वह आई	पस जब	41	राह नहीं पाते	जो लोग	से

عَرْشُكِ ؕ قَالَتْ كَاَنَّهٗ هُوَ ۚ وَاُوْتِيْنَا الْعِلْمَ مِنْ قَبْلِهَا

इस से क़ब्ल	इल्म	और हमें दिया गया	वही	गोया कि यह	वह बोली	तेरा तख़्त

وَكُنَّا مُسْلِمِيْنَ ﴿٤٢﴾ وَصَدَّهَا مَا كَانَتْ تَّعْبُدُ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ ؕ

अल्लाह के सिवा	वह परस्तिश करती थी	जो	और उस ने उस को रोका	42	मुसलमान-फ़रमांबरदार	और हम हैं

اِنَّهَا كَانَتْ مِنْ قَوْمٍ كٰفِرِيْنَ ﴿٤٣﴾ قِيْلَ لَهَا ادْخُلِى الصَّرْحَ ۚ

महल	तू दाख़िल हो	उस से	कहा गया	43	काफ़िरों	क़ौम से	थी	बेशक वह

فَلَمَّا رَاَتْهُ حَسِبَتْهُ لُجَّةً وَّكَشَفَتْ عَنْ سَاقَيْهَا ؕ قَالَ اِنَّهٗ

बेशक यह	उस ने कहा	अपनी पिंडलियाँ	से	और खोल दी	गहरा पानी	उसे समझा	उस ने उस को देखा	पस जब

صَرْحٌ مُّمَرَّدٌ مِّنْ قَوَارِيْرَ ؕ۬ قَالَتْ رَبِّ اِنِّىْ ظَلَمْتُ نَفْسِىْ

अपनी जान	बेशक मैं ने ज़ुल्म किया	ऐ मेरे रब	वह बोली	शीशे (जमा)	से	जुड़ा हुआ	महल

٣ ع ١٣ ١٨ وَاَسْلَمْتُ مَعَ سُلَيْمٰنَ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٤٤﴾ وَلَقَدْ اَرْسَلْنَآ اِلٰى

तरफ़	और तहक़ीक़ हम ने भेजा	44	तमाम जहानों का रब	अल्लाह के लिए	सुलेमान (अ)	साथ	और मैं ईमान लाई

ثَمُوْدَ اَخَاهُمْ صٰلِحًا اَنِ اعْبُدُوا اللّٰهَ فَاِذَا هُمْ فَرِيْقٰنِ

दो फ़रीक़ हो गए	वह	पस नागहां	अल्लाह की इबादत करो	कि	सालेह (अ)	उन के भाई	समूद

يَخْتَصِمُوْنَ ﴿٤٥﴾ قَالَ يٰقَوْمِ لِمَ تَسْتَعْجِلُوْنَ بِالسَّيِّئَةِ قَبْلَ

पहले	बुराई के लिए	तुम जल्दी करते हो	क्यों	ऐ मेरी क़ौम	उस ने कहा	45	बाहम झगड़ने लगे

الْحَسَنَةِ ۚ لَوْلَا تَسْتَغْفِرُوْنَ اللّٰهَ لَعَلَّكُمْ تُرْحَمُوْنَ ﴿٤٦﴾

46	तुम पर रहम किया जाए	ताकि तुम	तुम बख़्शिश मांगते अल्लाह से	क्यों नहीं	भलाई

उस शख़्स ने कहा जिस के पास किताब (इलाही) का इल्म था, मैं उस को तुम्हारे पास उस से क़ब्ल ले आऊंगा कि तुम्हारी आँख पलक झपके, पस जब सुलेमान (अ) ने (अचानक) उसे अपने पास रखा हुआ देखा तो उस ने कहा यह मेरे रब के फ़ज़्ल से है, ताकि वह मुझे आज़माए आया मैं शुक्र करता हूँ या नाशुक्री करता हूँ? और जिस ने शुक्र किया तो पस वह अपनी ज़ात के लिए शुक्र करता है, और जिस ने नाशुक्री की तो बेशक मेरा रब बेनियाज़, करम करने वाला है। (40) उस ने कहा उस (मलिका के इम्तिहान के लिए) उस के तख़्त की शकल बदल दो, हम देखें कि आया वह समझ जाती है या उन लोगों में से होती है जो नहीं समझते। (41) पस जब वह आई (उस से) कहा गया क्या तेरा तख़्त ऐसा ही है? वह बोली गोया कि यह वही है और हमें इस से पहले ही इल्म दिया गया (इल्म हो गया था) और हम हैं मुसलमान (फ़रमांबरदार)। (42) और उस को (ईमान लाने से) रोक रखा था उन माबूदों ने जिन की वह अल्लाह के सिवा परस्तिश करती थी, क्योंकि वह काफ़िरों की क़ौम से थी। (43) उस से कहा गया कि महल में दाख़िल हो, जब उस (मलिका) ने उस (के फ़र्श) को देखा तो उसे गहरा पानी समझा और (पाएंचे उठा कर) अपनी पिंडलियाँ खोल दीं, उस (सुलेमान अ) ने कहा बेशक यह शीशों से जुड़ा हुआ महल है, वह बोली ऐ मेरे रब! बेशक मैं ने अपनी जान पर ज़ुल्म किया, और (अब) मैं सुलेमान (अ) के साथ (सुलेमान अ के तरीक़े पर) तमाम जहानों के रब अल्लाह पर ईमान लाई। (44) और तहक़ीक़ हम ने (क़ौम) समूद की तरफ़ उन के भाई सालेह (अ) को भेजा कि अल्लाह की इबादत करो, पस नागहां वह दो फ़रीक़ हो गए बाहम झगड़ने लगे। (45) उस ने कहा, ऐ मेरी क़ौम! तुम भलाई से पहले बुराई के लिए क्यों जल्दी करते हो? क्यों नहीं तुम अल्लाह से बख़्शिश मांगते, ताकि तुम पर रहम किया जाए। (46)

قَالُوا اطَّيَّرْنَا بِكَ وَبِمَنْ مَّعَكَ ؕ قَالَ طٰٓئِرُكُمْ عِنْدَ اللّٰهِ بَلْ

बल्कि	अल्लाह के पास	तुम्हारी बदशगुनी	उस ने कहा	तेरे साथ (साथी)	और वह जो	तुझ से	बुरा शगुन	वह बोले

اَنْتُمْ قَوْمٌ تُفْتَنُوْنَ ﴿٤٧﴾ وَكَانَ فِى الْمَدِيْنَةِ تِسْعَةُ رَهْطٍ يُّفْسِدُوْنَ

वह फ़साद करते थे	शख़्स	नौ (9)	शहर में	और थे	47	आज़माए जाते हो	एक क़ौम	तुम

فِى الْاَرْضِ وَلَا يُصْلِحُوْنَ ﴿٤٨﴾ قَالُوْا تَقَاسَمُوْا بِاللّٰهِ لَنُبَيِّتَنَّهٗ

अलबत्ता हम ज़रूर शबखून मारेंगे उस पर	अल्लाह की	तुम बाहम क़सम खाओ	वह कहने लगे	48	और इस्लाह नहीं करते थे	ज़मीन (मुल्क) में

وَاَهْلَهٗ ثُمَّ لَنَقُوْلَنَّ لِوَلِيِّهٖ مَا شَهِدْنَا مَهْلِكَ اَهْلِهٖ وَاِنَّا لَصٰدِقُوْنَ ﴿٤٩﴾

49	अलबत्ता सच्चे हैं	और बेशक हम	उस के घर वाले	हलाकत के वक़्त	हम मौजूद न थे	उस के वारिसों से	फिर ज़रूर हम कह देंगे	और उस के घर वाले

وَمَكَرُوْا مَكْرًا وَّمَكَرْنَا مَكْرًا وَّهُمْ لَا يَشْعُرُوْنَ ﴿٥٠﴾ فَانْظُرْ كَيْفَ

कैसा	पस देखो	50	न जानते थे	और वह	एक तदबीर	और हम ने खुफ़िया तदबीर की	एक तदबीर	और उन्हों ने मक्र किया

كَانَ عَاقِبَةُ مَكْرِهِمْ ۙ اَنَّا دَمَّرْنٰهُمْ وَقَوْمَهُمْ اَجْمَعِيْنَ ﴿٥١﴾ فَتِلْكَ

अब यह	51	सब को	और उन की क़ौम	हम ने तबाह करदिया उन्हें	कि हम	उन का मक्र	अन्जाम	हुआ

بُيُوْتُهُمْ خَاوِيَةً ۢ بِمَا ظَلَمُوْا ؕ اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ لَاٰيَةً لِّقَوْمٍ يَّعْلَمُوْنَ ﴿٥٢﴾

52	लोगों के लिए जो जानते हैं	अलबत्ता निशानी	उस में	बेशक	उन के ज़ुल्म के सबब	गिरे पड़े	उन के घर

وَاَنْجَيْنَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَكَانُوْا يَتَّقُوْنَ ﴿٥٣﴾ وَلُوْطًا اِذْ قَالَ

जब उस ने कहा	और लूत (अ)	53	और वह परहेज़गारी करते थे	वह ईमान लाए	वह लोग जो	और हम ने नजात दी

لِقَوْمِهٖٓ اَتَاْتُوْنَ الْفَاحِشَةَ وَاَنْتُمْ تُبْصِرُوْنَ ﴿٥٤﴾ اَئِنَّكُمْ

क्या तुम	54	देखते हो	और तुम	बेहयाई	क्या तुम आगए	अपनी क़ौम से

لَتَاْتُوْنَ الرِّجَالَ شَهْوَةً مِّنْ دُوْنِ النِّسَآءِ ؕ بَلْ اَنْتُمْ قَوْمٌ

लोग	तुम	बल्कि	औरतों के सिवा (औरतो को छोड़ कर)	शहवत रानी के लिए?	मर्दों के पास	आते हो

تَجْهَلُوْنَ ﴿٥٥﴾ فَمَا كَانَ جَوَابَ قَوْمِهٖٓ اِلَّآ اَنْ قَالُوْٓا اَخْرِجُوْٓا

निकाल दो	उन्हों ने कहा	मगर-सिर्फ़ यह कि	उस की क़ौम	जवाब	था	पस न	55	जहालत करते हो

اٰلَ لُوْطٍ مِّنْ قَرْيَتِكُمْ ۚ اِنَّهُمْ اُنَاسٌ يَّتَطَهَّرُوْنَ ﴿٥٦﴾ فَاَنْجَيْنٰهُ

सो हम ने उसे बचा लिया	56	पाकीज़गी पसंद करते हैं	लोग	बेशक वह	अपना शहर	से	लूत (अ) के साथी

وَاَهْلَهٗٓ اِلَّا امْرَاَتَهٗ ۡ قَدَّرْنٰهَا مِنَ الْغٰبِرِيْنَ ﴿٥٧﴾ وَاَمْطَرْنَا

और हम ने बरसाई	57	पीछे रह जाने वाले	से	हम ने उसे ठहरा दिया था	उस की बीवी	सिवाए	और उस के घर वाले

عَلَيْهِمْ مَّطَرًا ۚ فَسَآءَ مَطَرُ الْمُنْذَرِيْنَ ﴿٥٨﴾ قُلِ الْحَمْدُ لِلّٰهِ وَسَلٰمٌ ع ۱۴ ۱۹

और सलाम	तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए	फ़रमा दें	58	डराए गए	बारिश	सो क्या ही बुरा	एक बारिश	उन पर

عَلٰى عِبَادِهِ الَّذِيْنَ اصْطَفٰى ؕ ءٰٓاللّٰهُ خَيْرٌ اَمَّا يُشْرِكُوْنَ ﴿٥٩﴾

59	वह शरीक ठहराते हैं	या जो	बेहतर	क्या अल्लाह	चुन लिया	वह जिन्हें	उस के बन्दों पर

वह बोले हम ने तुझ से और तेरे साथियों से बुरा शगुन लिया है, उस ने कहा तुम्हारी बदशगुनी अल्लाह के पास (अल्लाह की तरफ़ से) है बल्कि तुम एक क़ौम हो (जो) आज़माए जाते हो। (47)
और शहर में थे नौ (9) शख़्स वह मुल्क में फ़साद करते थे, और इस्लाह न करते थे। (48)
वह कहने लगे तुम बाहम अल्लाह की क़सम खाओ अलबत्ता हम ज़रूर उस पर और उस के घर वालों पर शबखून मारेंगे और फिर उस के वारिसों को कह देंगे, हम उस के घर वालों की हलाकत के वक़्त मौजूद न थे, और बेशक हम अलबत्ता सच्चे हैं। (49)
और उन्हों ने एक मक्र किया और हम ने (भी) एक खुफ़िया तदबीर की और वह न जानते थे (बेख़बर) थे। (50)
पस देखो उन के मक्र का अन्जाम कैसा हुआ! कि हम ने उन्हें और उन की क़ौम सब को हलाक कर डाला। (51)
अब यह उन के घर हैं, गिरे पड़े, उन के ज़ुल्म के सबब, बेशक उस में उन लोगों के लिए निशानी है जो जानते हैं। (52)
और हम ने उन लोगों को नजात दी जो ईमान लाए और वह परहेज़गारी करते थे। (53)
और (याद करो) जब लूत (अ) ने अपनी क़ौम से कहा क्या तुम बेहयाई पर उतर आए हो? और तुम देखते हो। (54)
क्या तुम औरतों को छोड़ कर मर्दों के पास शहवत रानी के लिए आते हो? बल्कि तुम लोग जहालत करते हो। (55)
पस उस की क़ौम का जवाब सिर्फ़ यह था कि लूत (अ) के साथियों को निकाल दो अपने शहर से, बेशक यह लोग पाकीज़गी पसंद करते हैं। (56)
सो हम ने उसे बचा लिया और उस के घर वालों को सिवाए उस की बीवी के, उसे हम ने पीछे रह जाने वालों में से ठहरा दिया था। (57)
और हम ने उन पर एक बारिश बरसाई, सो क्या ही बुरी बारिश थी डराए गए लोगों पर। (58)
आप (स) फ़रमा दें तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए हैं और उस के बन्दों पर सलाम हो जिन्हें उस ने चुन लिया, क्या अल्लाह बेहतर है या वह जिन्हें वह शरीक ठहराते हैं? (59)

الجزء ٢٠

اَمَّنْ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ وَاَنْزَلَ لَكُمْ مِّنَ

से	तुम्हारे लिए	और उतारा	और ज़मीन	आस्मानों	पैदा किया	भला कौन?

السَّمَآءِ مَآءً ۚ فَاَنْۢبَتْنَا بِهٖ حَدَآئِقَ ذَاتَ بَهْجَةٍ ۚ مَا كَانَ

न था	बा रौनक़	बाग़ात	उस से	पस उगाए हम ने	पानी	आस्मान

لَكُمْ اَنْ تُنْۢبِتُوْا شَجَرَهَا ؕ ءَاِلٰهٌ مَّعَ اللّٰهِ ؕ بَلْ هُمْ قَوْمٌ يَّعْدِلُوْنَ ﴿۶۰﴾

60	कज रवी करते हैं	लोग	वह	बल्कि	अल्लाह के साथ	क्या कोई माबूद	उन के दरख़्त	कि तुम उगाओ	तुम्हारे लिए

اَمَّنْ جَعَلَ الْاَرْضَ قَرَارًا وَّجَعَلَ خِلٰلَهَآ اَنْهٰرًا وَّجَعَلَ

और (पैदा) किए	नदी नाले	उस के दरमियान	और (जारी) किया	क़रारगाह	ज़मीन	बनाया	भला कौन-किस

لَهَا رَوَاسِىَ وَجَعَلَ بَيْنَ الْبَحْرَيْنِ حَاجِزًا ؕ ءَاِلٰهٌ مَّعَ اللّٰهِ ؕ

अल्लाह के साथ	क्या कोई माबूद	आड़ (हदे फ़ासिल)	दो दर्या	दरमियान	और बनाया	पहाड़ (जमा)	उस के लिए

بَلْ اَكْثَرُهُمْ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿۶۱﴾ اَمَّنْ يُّجِيْبُ الْمُضْطَرَّ اِذَا دَعَاهُ

वह उसे पुकारता है	जब	बेक़रार	क़ुबूल करता है	भला कौन	61	नहीं जानते	उन के अक्सर	बल्कि

وَيَكْشِفُ السُّوْٓءَ وَيَجْعَلُكُمْ خُلَفَآءَ الْاَرْضِ ؕ ءَاِلٰهٌ مَّعَ اللّٰهِ ؕ

अल्लाह के साथ	क्या कोई माबूद	ज़मीन	नाइब (जमा)	और तुम्हें बनाता है	बुराई	और दूर करता है

قَلِيْلًا مَّا تَذَكَّرُوْنَ ﴿۶۲﴾ اَمَّنْ يَّهْدِيْكُمْ فِىْ ظُلُمٰتِ الْبَرِّ

ख़ुश्की	अन्धेरों में	तुम्हें राह दिखाता है	भला कौन	62	नसीहत पकड़ते हैं	जो	थोड़े

وَالْبَحْرِ وَمَنْ يُّرْسِلُ الرِّيٰحَ بُشْرًاۢ بَيْنَ يَدَىْ رَحْمَتِهٖ ؕ

उस की रहमत	पहले	ख़ुशख़बरी देने वाली	हवाएं	चलाता है	और कौन	और समुन्दर

ءَاِلٰهٌ مَّعَ اللّٰهِ ؕ تَعٰلَى اللّٰهُ عَمَّا يُشْرِكُوْنَ ﴿۶۳﴾ اَمَّنْ يَّبْدَؤُا الْخَلْقَ

पहली बार पैदा करता है मख़्लूक़	भला कौन	63	यह शरीक ठहराते हैं	उस से जो	बरतर है अल्लाह	अल्लाह के साथ	क्या कोई माबूद

ثُمَّ يُعِيْدُهٗ وَمَنْ يَّرْزُقُكُمْ مِّنَ السَّمَآءِ وَالْاَرْضِ ؕ

और ज़मीन	आस्मान से	तुम्हें रिज़्क़ देता है	और कौन	फिर वह उसे दोबारा (ज़िन्दा) करेगा

ءَاِلٰهٌ مَّعَ اللّٰهِ ؕ قُلْ هَاتُوْا بُرْهَانَكُمْ اِنْ كُنْتُمْ صٰدِقِيْنَ ﴿۶۴﴾

64	सच्चे	तुम हो	अगर	अपनी दलील	ले आओ तुम	फ़रमा दें	अल्लाह के साथ	क्या कोई माबूद

قُلْ لَّا يَعْلَمُ مَنْ فِى السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ الْغَيْبَ

ग़ैब	और ज़मीन	आस्मानों में	जो	नहीं जानता	फ़रमा दें

اِلَّا اللّٰهُ ؕ وَمَا يَشْعُرُوْنَ اَيَّانَ يُبْعَثُوْنَ ﴿۶۵﴾ بَلِ ادّٰرَكَ عِلْمُهُمْ

उन का इल्म	बल्कि थक कर रह गया	65	वह उठाए जाएंगे	कब	और वह नहीं जानते	सिवाए अल्लाह के

ع ٥ ٨ ١ فِى الْاٰخِرَةِ ۫ بَلْ هُمْ فِىْ شَكٍّ مِّنْهَا ۫ بَلْ هُمْ مِّنْهَا عَمُوْنَ ﴿۶۶﴾

66	अन्धे	उस से	वह	बल्कि	उस से	शक में	बल्कि वह	आख़िरत (के बारे) में

भला कौन है? जिस ने आस्मान को और ज़मीन को पैदा किया, और तुम्हारे लिए आस्मान से पानी उतारा, फिर हम ने उस से बा रौनक़ बाग़ उगाए, तुम्हारे लिए (मुमकिन) न था कि तुम उन के दरख़्त उगा सको, क्या अल्लाह के साथ कोई (और) माबूद है? बल्कि वह लोग कज रवी करते हैं। (60)

भला कौन है? जिस ने ज़मीन को क़रारगाह बनाया, और उस के दरमियान नदी नाले (जारी किए) और उस के लिए पहाड़ बनाए, और दो दर्याओं के दरमियान हदे फ़ासिल बनाई, क्या अल्लाह के साथ कोई (और) माबूद है? बल्कि उन के अक्सर नहीं जानते। (61)

भला कौन है? जो बेक़रार (की दुआ) क़ुबूल करता है जब वह उसे पुकारता है, और बुराई दूर करता है, और तुम्हें ज़मीन में नाइब बनाता है, क्या अल्लाह के साथ कोई और माबूद है? थोड़े हैं जो नसीहत पकड़ते हैं। (62)

भला कौन है जो ख़ुश्की (जंगल) और समुन्दर के अन्धेरों में तुम्हें राह दिखाता है? और कौन है जो उस की रहमत (बारिश) से पहले ख़ुशख़बरी देने वाली हवाएं चलाता है? क्या अल्लाह के साथ कोई (और) माबूद है? अल्लाह बरतर है उस से जो यह शरीक ठहराते है? (63)

भला कौन है जो मख़्लूक़ को पहली बार पैदा करता है? फिर वह उसे दोबारा ज़िन्दा करेगा, और कौन है जो तुम्हें रिज़्क़ देता है? आस्मान और ज़मीन से, क्या अल्लाह के साथ कोई (और) माबूद है? आप (स) फ़रमा दें कि ले आओ अपनी दलील अगर तुम सच्चे हो। (64)

आप (स) फ़रमा दें, जो (भी) आस्मानों और ज़मीन में है, अल्लाह के सिवा ग़ैब (की बातें) नहीं जानता, और वह नहीं जानते कि वह कब (जी) उठाए जाएंगे? बल्कि आख़िरत के बारे में उन का इल्म थक कर रह गया है। (65)

(कुछ भी नहीं) बल्कि वह उस से शक में हैं, बल्कि वह उस से अन्धे हैं। (66)

وَقَالَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْٓا ءَاِذَا كُنَّا تُرٰبًا وَّاٰبَآؤُنَآ اَئِنَّا

क्या हम	और हमारे बाप दादा	मिट्टी	हम हो जाएंगे	क्या जब	जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)	और कहा

لَمُخْرَجُوْنَ ﴿٦٧﴾ لَقَدْ وُعِدْنَا هٰذَا نَحْنُ وَاٰبَآؤُنَا

और हमारे बाप दादा	हम	यह-यही	तहक़ीक़ वादा किया गया हम से	67	निकाले जाएंगे अलबत्ता

مِنْ قَبْلُ اِنْ هٰذَآ اِلَّآ اَسَاطِيْرُ الْاَوَّلِيْنَ ﴿٦٨﴾ قُلْ سِيْرُوْا

चलो फिरो तुम	फ़रमा दें	68	अगले	कहानियां	मगर-सिर्फ़	यह	नहीं	इस से क़ब्ल

فِى الْاَرْضِ فَانْظُرُوْا كَيْفَ كَانَ عَاقِبَةُ الْمُجْرِمِيْنَ ﴿٦٩﴾

69	मुज्रिम (जमा)	अन्जाम	हुआ	कैसा	फिर देखो	ज़मीन में

وَلَا تَحْزَنْ عَلَيْهِمْ وَلَا تَكُنْ فِىْ ضَيْقٍ مِّمَّا يَمْكُرُوْنَ ﴿٧٠﴾

70	वह मक्र करते हैं	उस से जो	तंगी में	और आप (स) न हों	उन पर	और तुम ग़म न खाओ

وَيَقُوْلُوْنَ مَتٰى هٰذَا الْوَعْدُ اِنْ كُنْتُمْ صٰدِقِيْنَ ﴿٧١﴾ قُلْ

फ़रमा दें	71	सच्चे	तुम हो	अगर	वादा	यह	कब	और वह कहते हैं

عَسٰٓى اَنْ يَّكُوْنَ رَدِفَ لَكُمْ بَعْضُ الَّذِىْ تَسْتَعْجِلُوْنَ ﴿٧٢﴾

72	तुम जल्दी करते हो	वह जो-जिस	कुछ	तुम्हारे लिए	क़रीब	हो गया हो	कि	शायद

وَاِنَّ رَبَّكَ لَذُوْ فَضْلٍ عَلَى النَّاسِ وَلٰكِنَّ اَكْثَرَهُمْ

उन के अक्सर	और लेकिन	लोगों पर	अलबत्ता फ़ज़्ल वाला	तुम्हारा रब	और बेशक

لَا يَشْكُرُوْنَ ﴿٧٣﴾ وَاِنَّ رَبَّكَ لَيَعْلَمُ مَا تُكِنُّ صُدُوْرُهُمْ وَمَا

और जो	उन के दिल	जो छुपी हुई है	खूब जानता है	तुम्हारा रब	और बेशक	73	शुक्र नहीं करते

يُعْلِنُوْنَ ﴿٧٤﴾ وَمَا مِنْ غَآئِبَةٍ فِى السَّمَآءِ وَالْاَرْضِ اِلَّا فِىْ

में	मगर	और ज़मीन	आस्मानों में	ग़ाइब	कुछ	और नहीं	74	वह ज़ाहिर करते हैं

كِتٰبٍ مُّبِيْنٍ ﴿٧٥﴾ اِنَّ هٰذَا الْقُرْاٰنَ يَقُصُّ عَلٰى بَنِىْٓ اِسْرَآءِيْلَ

बनी इस्राईल पर	बयान करता है	क़ुरआन	यह	बेशक	75	किताबे रोशन

اَكْثَرَ الَّذِىْ هُمْ فِيْهِ يَخْتَلِفُوْنَ ﴿٧٦﴾ وَاِنَّهٗ

और बेशक यह	76	इख़्तिलाफ़ करते हैं	उस में	वह	वह जो	अक्सर

لَهُدًى وَّرَحْمَةٌ لِّلْمُؤْمِنِيْنَ ﴿٧٧﴾ اِنَّ رَبَّكَ

तुम्हारा रब	बेशक	77	ईमान वालों के लिए	और रहमत	अलबत्ता हिदायत

يَقْضِىْ بَيْنَهُمْ بِحُكْمِهٖ ۚ وَهُوَ الْعَزِيْزُ الْعَلِيْمُ ﴿٧٨﴾

78	इल्म वाला	ग़ालिब	और वह	अपने हुक्म से	उन के दरमियान	फ़ैसला करता है

فَتَوَكَّلْ عَلَى اللّٰهِ ۭ اِنَّكَ عَلَى الْحَقِّ الْمُبِيْنِ ﴿٧٩﴾

79	वाज़ेह हक़	पर	बेशक तुम	अल्लाह पर	पस भरोसा करो

और काफ़िरों ने कहा क्या जब हम और हमारे बाप दादा मिट्टी हो जाएंगे क्या हम (क़ब्रों से) निकाले जाएंगे? **(67)**

तहक़ीक़ यही वादा हम से और हमारे बाप दादा से इस से क़ब्ल किया गया था, यह सिर्फ़ अगलों की कहानियां हैं। **(68)**

आप (स) फ़रमा दें ज़मीन में चलो फिरो, फिर देखो कैसा अन्जाम हुआ मुज्रिमों का! **(69)**

और आप (स) ग़म न खाएं, और आप (स) दिल तंग न हों, उस से जो वह मक्र ओ फ़रेब करते हैं। **(70)**

और वह कहते हैं यह वादा कब पूरा होगा? अगर तुम सच्चे हो। **(71)**

आप (स) फ़रमा दें शायद उस (अज़ाब) का कुछ तुम्हारे लिए क़रीब आगया हो जिस की तुम जल्दी करते हो। **(72)**

और बेशक तुम्हारा रब अलबत्ता लोगों पर फ़ज़्ल वाला है, लेकिन उन के अक्सर शुक्र नहीं करते। **(73)**

और बेशक तुम्हारा रब खूब जानता है जो उन के दिलों में छुपी हुई है और जो वह ज़ाहिर करते है। **(74)**

और कुछ ग़ाइब (पोशीदा) नहीं ज़मीन ओ आस्मान में मगर वह किताबे रोशन में (लिखी हुई) है। **(75)**

बेशक यह क़ुरआन बनी इस्राईल पर (बनी इस्राईल के सामने) अक्सर वह बातें बयान करता है जिस में वह इख़्तिलाफ़ करते हैं। **(76)**

और बेशक यह (क़ुरआन) अलबत्ता ईमान लाने वालों के लिए हिदायत और रहमत है। **(77)**

बेशक तुम्हारा रब अपने हुक्म से उन के दरमियान फ़ैसला करता है, और वह ग़ालिब, इल्म वाला है। **(78)**

पस अल्लाह पर भरोसा करो, बेशक तुम वाज़ेह हक़ पर हो। **(79)**

إِنَّكَ لَا تُسْمِعُ الْمَوْتٰى وَلَا تُسْمِعُ الصُّمَّ الدُّعَآءَ

बेशक तुम	तुम नहीं सुना सकते	मुर्दों को	और तुम नहीं सुना सकते	बहरों को	पुकार

إِذَا وَلَّوْا مُدْبِرِيْنَ ﴿٨٠﴾ وَمَآ اَنْتَ بِهٰدِى الْعُمْىِ عَنْ ضَلٰلَتِهِمْ ؕ

जब वह मुड़ जाएं	पीठ फेर कर	80	और तुम नहीं	हिदायत देने वाले	अन्धों को	से	उन की गुमराही

اِنْ تُسْمِعُ اِلَّا مَنْ يُّؤْمِنُ بِاٰيٰتِنَا فَهُمْ مُّسْلِمُوْنَ ﴿٨١﴾

नहीं	तुम सुनाते	मगर-सिर्फ़	जो	ईमान लाता है	हमारी आयतों पर	पस वह	फ़रमांबरदार	81

وَاِذَا وَقَعَ الْقَوْلُ عَلَيْهِمْ اَخْرَجْنَا لَهُمْ دَآبَّةً مِّنَ الْاَرْضِ

और जब	वाक़े (पूरा) हो जाएगा वादा (अ़ज़ाब)	उन पर	हम निकालेंगे	उन के लिए	एक जानवर	ज़मीन से

ع ٦ ١٦ ٢
تُكَلِّمُهُمْ ۙ اَنَّ النَّاسَ كَانُوْا بِاٰيٰتِنَا لَا يُوْقِنُوْنَ ﴿٨٢﴾ ع

वह उन से बातें करेगा	क्यों कि लोग	थे	हमारी आयात पर	यक़ीन न करते	82

وَيَوْمَ نَحْشُرُ مِنْ كُلِّ اُمَّةٍ فَوْجًا مِّمَّنْ يُّكَذِّبُ

और जिस दिन	हम जमा करेंगे	से	हर उम्मत	एक गिरोह	से जो	झुटलाते थे

بِاٰيٰتِنَا فَهُمْ يُوْزَعُوْنَ ﴿٨٣﴾ حَتّٰٓى اِذَا جَآءُوْ قَالَ اَكَذَّبْتُمْ

हमारी आयतों को	फिर वह	उन की जमाअ़त बन्दी की जाएगी	83	यहां तक	जब वह आजाएं	फ़रमाएगा	क्या तुम ने झुटलाया

بِاٰيٰتِىْ وَلَمْ تُحِيْطُوْا بِهَا عِلْمًا اَمَّا ذَا كُنْتُمْ تَعْمَلُوْنَ ﴿٨٤﴾

मेरी आयात को	हालांकि अहाता में नहीं लाए थे	उन को	इल्म के	या क्या	तुम करते थे	84

وَوَقَعَ الْقَوْلُ عَلَيْهِمْ بِمَا ظَلَمُوْا فَهُمْ لَا يَنْطِقُوْنَ ﴿٨٥﴾

और वाक़े (पूरा) हो गया	वादा (अ़ज़ाब)	उन पर	इस लिए कि उन्हों ने ज़ुल्म किया	पस वह	न बोल सकेंगे वह	85

اَلَمْ يَرَوْا اَنَّا جَعَلْنَا الَّيْلَ لِيَسْكُنُوْا فِيْهِ وَالنَّهَارَ مُبْصِرًا ؕ

क्या वह नहीं देखते	कि हम	हम ने बनाया	रात	कि आराम हासिल करें	उस में	और दिन	देखने को

اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّقَوْمٍ يُّؤْمِنُوْنَ ﴿٨٦﴾ وَيَوْمَ يُنْفَخُ

बेशक	उस में	अलबत्ता निशानियां	उन लगों के लिए	ईमान रखते हैं	86	और जिस दिन	फूंक मारी जाएगी

فِى الصُّوْرِ فَفَزِعَ مَنْ فِى السَّمٰوٰتِ وَمَنْ فِى الْاَرْضِ

सूर में	तो घबरा जाएगा	जो	आस्मानों में	और जो	ज़मीन में

اِلَّا مَنْ شَآءَ اللّٰهُ ؕ وَكُلٌّ اَتَوْهُ دٰخِرِيْنَ ﴿٨٧﴾ وَتَرَى الْجِبَالَ

सिवा	जिसे	अल्लाह चाहे	और सब	उस के आगे आएंगे	आ़जिज़ हो कर	87	और तू देखता है	पहाड़ (जमा)

تَحْسَبُهَا جَامِدَةً وَّهِىَ تَمُرُّ مَرَّ السَّحَابِ ؕ صُنْعَ اللّٰهِ

तो ख़याल करता है उन्हें	जमा हुआ	और वह	चलेंगे	बादलों की तरह चलना	अल्लाह की कारीगरी

الَّذِىْٓ اَتْقَنَ كُلَّ شَىْءٍ ؕ اِنَّهٗ خَبِيْرٌۢ بِمَا تَفْعَلُوْنَ ﴿٨٨﴾

वह जिस ने	ख़ूबी से बनाया	हर शै	बेशक वह	बाख़बर	उस से जो	तुम करते हो	88

बेशक तुम मुर्दों को नहीं सुना सकते, न बहरों को (अपनी) पुकार सुना सकते हो (ख़ुसूसन) जब वह पीठ फेर कर मुड़ जाएं। (80)
और तुम अन्धों को उन की गुमराही से हिदायत देने वाले नहीं। तुम सिर्फ़ (उस को) सुना सकते हो जो ईमान लाता है हमारी आयतों पर, पस वह फ़रमांबरदार हैं। (81)
और जब उन पर वादा-ए-अ़ज़ाब पूरा हो जाएगा तो हम उन के लिए निकालेंगे ज़मीन से एक जानवर, वह उन से बातें करेगा क्यों कि लोग हमारी आयतों पर यक़ीन न करते थे। (82)
और जिस दिन हम हर उम्मत में से एक गिरोह जमा करेंगे उन में से जो हमारी आयतों को झुटलाते थे, फिर उन की जमाअ़त बन्दी की जाएगी। (83)
यहां तक कि जब वह आजाएंगे (अल्लाह तआ़ला) फ़रमाएगा क्या तुम ने मेरी आयतों को झुटलाया था हालांकि तुम उन को (अपने) अहाता-ए-इल्म में भी नहीं लाए थे (या बतलाओ) तुम क्या करते थे? (84)
और उन पर वादा-ए-अ़ज़ाब पूरा हो गया, इस लिए कि उन्हों ने ज़ुल्म किया था, पस वह बोल न सकेंगे। (85)
क्या वह नहीं देखते कि हम ने रात को इस लिए बनाया कि वह उस में आराम हासिल करें और दिन देखने को (रोशन बनाया) बेशक उस में अलबत्ता उन लगों के लिए निशानियां हैं जो ईमान रखते हैं। (86)
और जिस दिन सूर में फूंक मारी जाएगी तो घबरा जाएगा जो भी आस्मानों में है और जो ज़मीन में हैं, सिवाए उस के जिसे अल्लाह चाहे और वह सब उस के आगे आजिज़ हो कर आएंगे। (87)
और तू पहाड़ों को देखता है तो उन्हें (अपनी जगह) जमा हुआ ख़याल करता है, और वह (क़ियामत के दिन) बादलों की तरह चलेंगे (उड़ते फिरेंगे), अल्लाह की कारीगरी है जिस ने हर शै को ख़ूबी से बनाया है बेशक वह उस से बाख़बर है जो तुम करते हो। (88)

जो आया किसी नेकी के साथ तो उस के लिए (उस का अजर) उस से बेहतर है और वह उस दिन घबराहट से महफ़ूज़ होंगे। (89)
और जो बुराई के साथ आया तो वह औन्धे मुंह आग में डाले जाएंगे, तुम सिर्फ़ (वही) बदला दिए जाओगे (बदला पाओगे) जो तुम करते थे। (90)
(आप स फ़रमा दें) इस के सिवा नहीं कि मुझे हुक्म दिया गया है कि इस शहर (मक्का) के रब की इबादत करूँ जिसे उस ने मोहतरम बनाया है, और उसी के लिए है हर शै, और मुझे हुक्म दिया गया कि मैं मुसलमानों (फ़रमांबरदारों) में से रहूँ। (91)
और यह कि मैं कुरआन की तिलावत करूँ (सुना दूँ), पस इस के सिवा नहीं कि जो हिदायत पाता है, वह अपनी ज़ात के लिए हिदायत पाता है और जो गुमराह हुआ तो आप (स) फ़रमा दें कि इस के सिवा नहीं कि मैं तो डराने वाला हूँ। (92)
और आप (स) फ़रमा दें तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए हैं, वह तुम्हें जल्द दिखादेगा अपनी निशानियां, पस तुम जल्द उन्हें पहचान लोगे, और तुम्हारा रब उस से बेखबर नहीं जो तुम करते हो। (93)
अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है
ता-सीम-मीम। (1)
यह वाज़ेह किताब (कुरआन) की आयतें है। (2)
हम तुम पर पढ़ते हैं (तुम्हें सुनाते हैं) कुछ अहवाले मूसा (अ) और फ़िरऔन का ठीक ठीक, उन लोगों के लिए जो ईमान रखते हैं। (3)
बेशक फ़िरऔन मुल्क में सरकशी कर रहा था, और उस ने कर दिया था उस के लोगों को अलग अलग (बनी इस्राईल) को कमज़ोर कर रखा था उन के बेटों को ज़ुबह करता, और ज़िन्दा छोड़ देता था उन की औरतों (बेटियों) को, बेशक वह मुफ़्सिदों में से (फ़सादी) था। (4)
और हम चाहते थे कि उन लोगों पर एहसान करें जो मुल्क में कमज़ोर कर दिए गए थे, और हम उन्हें पेश्वा बनाएं, और हम उन्हें (मुल्क का) वारिस बनाएं। (5)

مَنْ جَآءَ بِالْحَسَنَةِ فَلَهٗ خَيْرٌ مِّنْهَا ۚ وَهُمْ مِّنْ فَزَعٍ يَّوْمَىِٕذٍ

उस दिन	घबराहट से	और वह	उस से	बेहतर	तो उस के लिए	किसी नेकी के साथ	जो आया

اٰمِنُوْنَ ﴿٨٩﴾ وَمَنْ جَآءَ بِالسَّيِّئَةِ فَكُبَّتْ وُجُوْهُهُمْ فِى النَّارِ ۭ هَلْ

क्या नहीं	आग में	उन के मुंह	औन्धे डाले जाएंगे	बुराई के साथ	आया	और जो	89	महफ़ूज़ होंगे

تُجْزَوْنَ اِلَّا مَا كُنْتُمْ تَعْمَلُوْنَ ﴿٩٠﴾ اِنَّمَآ اُمِرْتُ اَنْ اَعْبُدَ رَبَّ هٰذِهِ

इस	रब	इबादत करूँ	कि	इसके सिवा मुझे हुक्म नहीं दिया गया	90	तुम करते थे	जो	मगर-सिर्फ़	बदला दिए जाओगे

الْبَلْدَةِ الَّذِىْ حَرَّمَهَا وَلَهٗ كُلُّ شَىْءٍ ۡ وَّاُمِرْتُ اَنْ اَكُوْنَ مِنَ

से	मैं रहूँ	कि	और मुझे हुक्म दिया गया	हर शै	और उसी के लिए	उस ने मोहतरम बनाया	वह जिसे	शहर

الْمُسْلِمِيْنَ ﴿٩١﴾ ۙ وَاَنْ اَتْلُوَا الْقُرْاٰنَ ۚ فَمَنِ اهْتَدٰى فَاِنَّمَا يَهْتَدِىْ لِنَفْسِهٖ ۚ

अपनी ज़ात के लिए	वह हिदायत पाता है	तो इस के सिवा नहीं	हिदायत पाई	पस जो	मैं तिलावत करूँ कुरआन	और यह कि	91	मुस्लिमीन-फ़रमांबरदारों

وَمَنْ ضَلَّ فَقُلْ اِنَّمَآ اَنَا مِنَ الْمُنْذِرِيْنَ ﴿٩٢﴾ وَقُلِ الْحَمْدُ لِلّٰهِ

तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए	और फ़रमा दें	92	डराने वालों में से (डराने वाला हूँ)	मैं	इस के सिवा नहीं	तो फ़रमा दें	गुमराह हुआ	और जो

سَيُرِيْكُمْ اٰيٰتِهٖ فَتَعْرِفُوْنَهَا ۭ وَمَا رَبُّكَ بِغَافِلٍ عَمَّا تَعْمَلُوْنَ ﴿٩٣﴾ ع ١١ ٣

93	तुम करते हो	उस से जो	ग़ाफ़िल (बेख़बर)	तुम्हारा रब	और नहीं	पस तुम पहचान लोगे उन्हें	अपनी निशानियां	वह जल्द दिखाएगा तुम्हें

آيَاتُهَا ٨٨ ❀ سُوْرَةُ الْقَصَصِ (٢٨) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٩

रुकूआत 9 — (28) सूरतुल क़सस किस्से — आयात 88

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

طٰسٓمّٓ ﴿١﴾ تِلْكَ اٰيٰتُ الْكِتٰبِ الْمُبِيْنِ ﴿٢﴾ نَتْلُوْا عَلَيْكَ مِنْ نَّبَاِ

कुछ ख़बर (अहवाल)	तुम पर	हम पढ़ते हैं	2	वाज़ेह किताब	आयतें	यह	1	ता सीम मीम

مُوْسٰى وَفِرْعَوْنَ بِالْحَقِّ لِقَوْمٍ يُّؤْمِنُوْنَ ﴿٣﴾ اِنَّ فِرْعَوْنَ

फ़िरऔन	बेशक	3	उन लोगों के लिए जो ईमान रखते हैं	ठीक ठीक	और फ़िरऔन	मूसा (अ)

عَلَا فِى الْاَرْضِ وَجَعَلَ اَهْلَهَا شِيَعًا يَّسْتَضْعِفُ طَآئِفَةً

एक गिरोह	कमज़ोर कर रखा था	अलग अलग गिरोह	उस के बाशिन्दे	और उस ने कर दिया	ज़मीन (मुल्क) में	सरकशी कर रहा था

مِّنْهُمْ يُذَبِّحُ اَبْنَآءَهُمْ وَيَسْتَحْيٖ نِسَآءَهُمْ ۭ اِنَّهٗ كَانَ مِنَ

से	था	बेशक वह	उन की औरतों को	और ज़िन्दा छोड़ देता था	उन के बेटों को	ज़ुबह करता था	उन में से

الْمُفْسِدِيْنَ ﴿٤﴾ وَنُرِيْدُ اَنْ نَّمُنَّ عَلَى الَّذِيْنَ اسْتُضْعِفُوْا

कमज़ोर कर दिए गए थे	उन लोगों पर जो	हम एहसान करें	कि	और हम चाहते थे	4	मुफ़्सिद (जमा)

فِى الْاَرْضِ وَنَجْعَلَهُمْ اَىِٕمَّةً وَّنَجْعَلَهُمُ الْوٰرِثِيْنَ ﴿٥﴾ ۙ

5	वारिस (जमा)	और हम बनाएं उन्हें	पेश्वा (जमा)	और हम बनाएं उन्हें	ज़मीन (मुल्क) में

وَنُمَكِّنَ لَهُمْ فِي الْاَرْضِ وَنُرِيَ فِرْعَوْنَ وَهَامٰنَ وَجُنُوْدَهُمَا

और उन के लशकर	और हामान	फ़िरऔन	और हम दिखा दें	ज़मीन (मुल्क) में	उन्हें	और हम क़ुदरत (हुकूमत) दें

مِنْهُمْ مَّا كَانُوْا يَحْذَرُوْنَ ﴿٦﴾ وَاَوْحَيْنَآ اِلٰٓى اُمِّ مُوْسٰٓى

मूसा की माँ	तरफ़- को	और हम ने इल्हाम किया	6	वह डरते थे	जिस चीज़	उन से

اَنْ اَرْضِعِيْهِ ۚ فَاِذَا خِفْتِ عَلَيْهِ فَاَلْقِيْهِ فِي الْيَمِّ وَلَا تَخَافِيْ

और न डर	दर्या में	तो डालदे उसे	तू उस पर डरे	फिर जब	कि तू दूध पिलाती रह उसे

وَلَا تَحْزَنِيْ ۚ اِنَّا رَآدُّوْهُ اِلَيْكِ وَجَاعِلُوْهُ مِنَ الْمُرْسَلِيْنَ ﴿٧﴾

7	रसूलों	से	और उसे बना देंगे	तेरी तरफ़	उसे लौटा देंगे	बेशक हम	और न ग़म खा

فَالْتَقَطَهٗٓ اٰلُ فِرْعَوْنَ لِيَكُوْنَ لَهُمْ عَدُوًّا وَّحَزَنًا ۭ اِنَّ

बेशक	और ग़म का बाइस	दुश्मन	उन के लिए	ताकि वह हो	फ़िरऔन के घर वाले	फिर उठा लिया उसे

فِرْعَوْنَ وَهَامٰنَ وَجُنُوْدَهُمَا كَانُوْا خٰطِـِٕيْنَ ﴿٨﴾ وَقَالَتِ

और कहा	8	ख़ताकार (जमा)	थे	और उन के लशकर	और हामान	फ़िरऔन

امْرَاَتُ فِرْعَوْنَ قُرَّتُ عَيْنٍ لِّيْ وَلَكَ ۭ لَا تَقْتُلُوْهُ ڰ

तू क़त्ल न कर इसे	और तेरे लिए	मेरी आँखों के लिए	ठंडक	फ़िरऔन	बीवी

عَسٰٓى اَنْ يَّنْفَعَنَآ اَوْ نَتَّخِذَهٗ وَلَدًا وَّهُمْ لَا يَشْعُرُوْنَ ﴿٩﴾

9	(हक़ीक़ते हाल) नहीं जानते थे	और वह	बेटा	हम बना लें इसे	या	कि नफ़ा पहुँचाए हमें	शायद

وَاَصْبَحَ فُؤَادُ اُمِّ مُوْسٰى فٰرِغًا ۭ اِنْ كَادَتْ لَتُبْدِيْ بِهٖ

उस को	कि ज़ाहिर कर देती	तहक़ीक़ क़रीब था	सब्र से ख़ाली (बेक़रार)	मूसा (अ) की माँ	दिल	और हो गया

لَوْلَآ اَنْ رَّبَطْنَا عَلٰى قَلْبِهَا لِتَكُوْنَ مِنَ الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿١٠﴾

10	यक़ीन करने वाले	से	कि वह रहे	उस के दिल पर	कि गिरह लगाते हम	अगर न होता

وَقَالَتْ لِاُخْتِهٖ قُصِّيْهِ ۡ فَبَصُرَتْ بِهٖ عَنْ جُنُبٍ وَّهُمْ

और वह	दूर से	उस को	फिर देखती रह	उस के पीछे जा	उस की बहन को	और उस (मूसा अ की वालिदा) ने कहा

لَا يَشْعُرُوْنَ ﴿١١﴾ وَحَرَّمْنَا عَلَيْهِ الْمَرَاضِعَ مِنْ قَبْلُ فَقَالَتْ

वह (मूसा की बहन) बोली	पहले से	दूध पिलाने वाली औरतें (दाइयां)	उस से	और हम ने रोक रखा	11	(हक़ीक़ते हाल) न जानते थे

هَلْ اَدُلُّكُمْ عَلٰٓى اَهْلِ بَيْتٍ يَّكْفُلُوْنَهٗ لَكُمْ وَهُمْ لَهٗ

उस के लिए	और वह	तुम्हारे लिए	वह उस की पर्वरिश करें	एक घर वाले	क्या मैं बतलाऊँ तुम्हें

نٰصِحُوْنَ ﴿١٢﴾ فَرَدَدْنٰهُ اِلٰٓى اُمِّهٖ كَيْ تَقَرَّ عَيْنُهَا وَلَا تَحْزَنَ

और वह ग़मगीन न हो	उस की आँख	ताकि ठंडी रहे	उसकी माँ की तरफ़	तो हम ने लौटा दिया उस को	12	ख़ैर ख़ाह

ع ١٣ ٢ وَلِتَعْلَمَ اَنَّ وَعْدَ اللّٰهِ حَقٌّ وَّلٰكِنَّ اَكْثَرَهُمْ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿١٣﴾

13	वह नहीं जानते	उन में से बेशतर	और लेकिन	सच्चा	अल्लाह का वादा	कि	और ताकि जान ले

और हम उन्हें हुकूमत दें मुल्क में। और हम फ़िरऔन और हामान और उन के लशकर को उन (कमज़ोरों के हाथों) दिखा दें जिस चीज़ से वह डरते थे। (6)

और हम ने मूसा (अ) की माँ को इल्हाम किया कि वह उस को दूध पिलाती रह, फिर जब उस पर (उस के बारे में) डरे तो उसे दर्या में डाल दे, और न डर और न ग़म खा, बेशक हम उसे तेरी तरफ़ लौटा देंगे, और उसे बना देंगे रसूलों में से। (7)

फिर फ़िरऔन के घर वालों ने उसे उठा लिया ताकि (आख़िर कार) वह उन के लिए दुश्मन और ग़म का बाइस हो, बेशक फ़िरऔन और हामान और उन के लशकर ख़ताकार थे। (8)

और कहा फ़िरऔन की बीवी ने, यह आँखों की ठंडक है मेरे लिए और तेरे लिए, इसे क़त्ल न कर, शायद हमें नफ़ा पहुँचाए या हम इसे बेटा बनालें, और वह हक़ीक़ते हाल नहीं जानते थे। (9)

और मूसा (अ) की माँ का दिल बेक़रार हो गया, तहक़ीक़ क़रीब था कि वह उस को ज़ाहिर कर देती अगर हम ने उस के दिल पर गिरह न लगाई होती कि वह यक़ीन करने वालों में से रहे। (10)

और मूसा (अ) की वालिदा ने उस की बहन को कहा कि उस के पीछे जा, फिर उसे दूर से देखती रह, और वह हक़ीक़ते हाल न जानते थे। (11)

और हम ने पहले से उस से दाइयाँ को रोक रखा था, तो मूसा (अ) की बहन बोली, क्या मैं तुम्हें एक घर वाले बतलाऊँ जो तुम्हारे लिए उस की पर्वरिश करें और वह उस के ख़ैर ख़ाह हों। (12)

तो हम ने उस को उस की माँ की तरफ़ लौटा दिया, ताकि ठंडी रहें उस की आँख, और वह ग़मगीन न हो, और ताकि जान ले कि अल्लाह का वादा सच्चा है, और लेकिन उन के बेशतर नहीं जानते। (13)

और जब (मूसा अ) अपनी जवानी को पहुँचा और पूरी तरह तवाना हो गया तो हम ने उसे हिक्मत और इल्म अ़ता किया, और हम नेकी करने वालों को इसी तरह बदला दिया करते हैं। (14)
और वह शहर में दाख़िल हुआ जब कि उस के लोग ग़फ़्लत में थे तो उस ने दो आदमियों को बाहम लड़ते हुए पाया, एक उस की बिरादरी से था और दूसरा उस के दुश्मनों में से था, तो जो उस की बिरादरी से था उस ने उस (के मुक़ाबले) पर जो उस के दुश्मनों में से था मूसा (अ) से मदद मांगी तो मूसा (अ) ने उस को एक मुक्का मारा फिर उस का काम तमाम कर दिया, उस (मूसा अ) ने कहा यह काम शैतान (की हरकत) से हुआ, बेशक वह दुश्मन है खुला बहकाने वाला। (15)
उस ने अ़रज़ की ऐ मेरे रब! मैं ने अपनी जान पर ज़ुल्म किया, पस मुझे बख़्शदे, तो उस ने उसे बख़्श दिया, बेशक वही बख़्शने वाला, निहायत मेहरबान। (16)
उस ने कहा, ऐ मेरे रब! जैसा कि तू ने मुझ पर इन्आ़म किया है तो मैं हरगिज़ न होंगा (कभी) मुज्रिमों का मददगार। (17)
पस शहर में उस की सुबह हुई डरते हुए इन्तिज़ार करते हुए (कि देखें अब किया होता है) तो नागहां वही जिस ने कल उस से मदद मांगी थी (देखा कि) वह फिर उस से फ़र्याद कर रहा है। मूसा (अ) ने उस को कहा बेशक तू गुमराह है खुला। (18)
फिर जब उस ने चाहा कि उस पर हाथ डाले जो उन दोनों का दुश्मन था, तो उस ने कहा ऐ मूसा (अ)! क्या तू चाहता है कि तू मुझे क़त्ल कर दे जैसे तू ने कल एक आदमी को क़त्ल किया था, तू सिर्फ़ (यही) चाहता है कि तू इस सरज़मीन में ज़बरदस्ती करता फिरे और तू नहीं चाहता कि मुसलिहीन (इस्लाह करने वालों) में से हो। (19)
और एक आदमी शहर के परले सिरे से दौड़ता हुआ आया, उस ने कहा, ऐ मूसा (अ)! बेशक सरदार तेरे बारे में मश्वरा कर रहे हैं ताकि तुझे क़त्ल कर डालें, पस तू (यहां से) निकल जा, बेशक मैं तेरे ख़ैर ख़्वाहों में से हूँ। (20)

وَلَمَّا بَلَغَ اَشُدَّهٗ وَاسْتَوٰۤى اٰتَيْنٰهُ حُكْمًا وَّعِلْمًا ؕ وَكَذٰلِكَ

और इसी तरह	और इल्म	हिक्मत	हम ने अ़ता किया उसे	और पूरा (तवाना) हो गया	वह पहुँचा अपनी जवानी	और जब

نَجْزِى الْمُحْسِنِيْنَ ﴿١٤﴾ وَدَخَلَ الْمَدِيْنَةَ عَلٰى حِيْنِ غَفْلَةٍ

ग़फ़्लत	वक़्त पर	शहर	और वह दाख़िल हुआ	14	नेकी करने वाले	हम बदला दिया करते हैं

مِّنْ اَهْلِهَا فَوَجَدَ فِيْهَا رَجُلَيْنِ يَقْتَتِلٰنِ ۫ هٰذَا مِنْ شِيْعَتِهٖ وَهٰذَا

और वह (दूसरा)	उस की बिरादरी	से	यह (एक)	वह बाहम लड़ते हुए	दो आदमी	उस में	तो उस ने पाया	उस के लोग

مِنْ عَدُوِّهٖ ۚ فَاسْتَغَاثَهُ الَّذِىْ مِنْ شِيْعَتِهٖ عَلَى الَّذِىْ مِنْ عَدُوِّهٖ

उस के दुश्मन से	वह जो	उस पर	उस की बिरादरी से	वह जो	तो उस ने उस (मूसा) से मदद मांगी	उस के दुश्मन का	से

فَوَكَزَهٗ مُوْسٰى فَقَضٰى عَلَيْهِ ۫ قَالَ هٰذَا مِنْ عَمَلِ الشَّيْطٰنِ ؕ

शैतान का काम (हरकत)	से	यह	उस ने कहा	उस का	फिर काम तमाम कर दिया	मूसा (अ)	तो एक मुक्का मारा उस को

اِنَّهٗ عَدُوٌّ مُّضِلٌّ مُّبِيْنٌ ﴿١٥﴾ قَالَ رَبِّ اِنِّىْ ظَلَمْتُ نَفْسِىْ فَاغْفِرْ لِىْ

पस बख़्शदे मुझे	अपनी जान	मैं ने ज़ुल्म किया	बेशक मैं	ऐ मेरे रब	उस ने अ़रज़ की	15	सरीह (खुला)	बहकाने वाला	दुश्मन	बेशक वह

فَغَفَرَ لَهٗ ؕ اِنَّهٗ هُوَ الْغَفُوْرُ الرَّحِيْمُ ﴿١٦﴾ قَالَ رَبِّ بِمَاۤ اَنْعَمْتَ عَلَىَّ

मुझ पर	तू ने इन्आ़म किया	ऐ मेरे रब जैसा कि	उस ने कहा	16	निहायत मेहरबान	बख़्शने वाला	वही	बेशक	तो उस ने बख़्श दिया उस को

فَلَنْ اَكُوْنَ ظَهِيْرًا لِّلْمُجْرِمِيْنَ ﴿١٧﴾ فَاَصْبَحَ فِى الْمَدِيْنَةِ خَآئِفًا

डरता हुआ	शहर में	पस सुबह हुई उस की	17	मुज्रिमों का	मददगार	तो मैं हरगिज़ न होंगा

يَّتَرَقَّبُ فَاِذَا الَّذِى اسْتَنْصَرَهٗ بِالْاَمْسِ يَسْتَصْرِخُهٗ ؕ قَالَ

कहा	वह (फिर) उस से फ़र्याद कर रहा है	कल	उस ने मदद मांगी थी उस से	तो यकायक वह जिस	इन्तिज़ार करता हुआ

لَهٗ مُوْسٰۤى اِنَّكَ لَغَوِىٌّ مُّبِيْنٌ ﴿١٨﴾ فَلَمَّاۤ اَنْ اَرَادَ اَنْ يَّبْطِشَ

हाथ डाले	कि	उस ने चाहा	कि	फिर जब	18	खुला	अलबत्ता गुमराह	बेशक तू	मूसा (अ)	उस को

بِالَّذِىْ هُوَ عَدُوٌّ لَّهُمَا ۙ قَالَ يٰمُوْسٰۤى اَتُرِيْدُ اَنْ تَقْتُلَنِىْ

तू क़त्ल करदे मुझे	कि	क्या तू चाहता है	ऐ मूसा (अ)	उस ने कहा	उन दोनों का दुश्मन	वह	उस पर जो

كَمَا قَتَلْتَ نَفْسًا ۢ بِالْاَمْسِ ۖ اِنْ تُرِيْدُ اِلَّاۤ اَنْ تَكُوْنَ جَبَّارًا

ज़बरदस्ती करता	कि तू हो	मगर-सिर्फ़	तू चाहता	नहीं	कल	एक आदमी	जैसे क़त्ल किया तू ने

فِى الْاَرْضِ وَمَا تُرِيْدُ اَنْ تَكُوْنَ مِنَ الْمُصْلِحِيْنَ ﴿١٩﴾ وَجَآءَ

और आया	19	सुधार करने वाले	से	तू हो	कि	और तू नहीं चाहता	सरज़मीन में

رَجُلٌ مِّنْ اَقْصَا الْمَدِيْنَةِ يَسْعٰى ۫ قَالَ يٰمُوْسٰۤى اِنَّ الْمَلَاَ

सरदार	बेशक	ऐ मूसा (अ)	उस ने कहा	दौड़ता हुआ	शहर का दूर सिरा	से	एक आदमी

يَاْتَمِرُوْنَ بِكَ لِيَقْتُلُوْكَ فَاخْرُجْ اِنِّىْ لَكَ مِنَ النّٰصِحِيْنَ ﴿٢٠﴾

20	सलाहकार (जमा)	से	तेरे लिए	बेशक मैं	पस तू निकल जा	ताकि क़त्ल करडालें तुझे	तेरे बारे में	वह मश्वरा कर रहे हैं

ع ٢ ٨ ٥ فَخَرَجَ مِنْهَا خَآئِفًا يَّتَرَقَّبُ قَالَ رَبِّ نَجِّنِىْ مِنَ الْقَوْمِ الظّٰلِمِيْنَ ﴿٢١﴾

21	ज़ालिमों की क़ौम	से	मुझे बचाले	उस ने कहा (दुआ की) ऐ मेरे परवरदिगार	इन्तिज़ार करते हुए	डरते हुए	वहां से	पस वह निकला

وَلَمَّا تَوَجَّهَ تِلْقَآءَ مَدْيَنَ قَالَ عَسٰى رَبِّىْۤ اَنْ يَّهْدِيَنِىْ

कि मुझे दिखाए	मेरा रब	उम्मीद है	कहा	मदयन	तरफ़	उस ने रुख़ किया	और जब

سَوَآءَ السَّبِيْلِ ﴿٢٢﴾ وَلَمَّا وَرَدَ مَآءَ مَدْيَنَ وَجَدَ عَلَيْهِ اُمَّةً مِّنَ

से-का	एक गिरोह	उस पर	उस ने पाया	मदयन	पानी	वह आया	और जब	22	सीधा रास्ता

النَّاسِ يَسْقُوْنَ ۬ وَوَجَدَ مِنْ دُوْنِهِمُ امْرَاَتَيْنِ تَذُوْدٰنِ ۚ

रोके हुए हैं	दो औरतें	उन से अ़लाहिदा	और उस ने पाया (देखा)	पानी पिला रहे हैं	लोग

قَالَ مَا خَطْبُكُمَا ؕ قَالَتَا لَا نَسْقِىْ حَتّٰى يُصْدِرَ الرِّعَآءُ ٚ وَاَبُوْنَا

और हमारे अब्बा	चरवाहे	वापस ले जाएं	जब तक कि	हम पानी नहीं पिलातीं	वह दोनों बोलीं	तुम्हारा क्या हाल है	उस ने कहा

شَيْخٌ كَبِيْرٌ ﴿٢٣﴾ فَسَقٰى لَهُمَا ثُمَّ تَوَلّٰۤى اِلَى الظِّلِّ فَقَالَ رَبِّ اِنِّىْ

बेशक मैं	ऐ मेरे रब	फिर अ़र्ज़ किया	साए की तरफ़	फिर वह फिर आया	उन के लिए	तो उस ने पानी पिलाया	23	बहुत बूढ़े

لِمَاۤ اَنْزَلْتَ اِلَىَّ مِنْ خَيْرٍ فَقِيْرٌ ﴿٢٤﴾ فَجَآءَتْهُ اِحْدٰىهُمَا تَمْشِىْ

चलती हुई	उन दोनों में से एक	फिर उस के पास आई	24	मोहताज	कोई भलाई (नेमत)	मेरी तरफ़	तू उतारे	उस का जो

عَلَى اسْتِحْيَآءٍ ۡ قَالَتْ اِنَّ اَبِىْ يَدْعُوْكَ لِيَجْزِيَكَ اَجْرَ مَا سَقَيْتَ لَنَا ؕ

हमारे लिए	जो तू ने पानी पिलाया	सिला	ताकि तुझे दें वह	तुझे बुलाते हैं	मेरे वालिद	बेशक	वह बोली	शर्म से

فَلَمَّا جَآءَهٗ وَقَصَّ عَلَيْهِ الْقَصَصَ ۙ قَالَ لَا تَخَفْ ۫ نَجَوْتَ مِنَ

से	तुम बच आए	डरो नहीं	उस ने कहा	अहवाल	उस से	और बयान किया	उस के पास आया	पस जब

الْقَوْمِ الظّٰلِمِيْنَ ﴿٢٥﴾ قَالَتْ اِحْدٰىهُمَا يٰۤاَبَتِ اسْتَاْجِرْهُ ۡ اِنَّ خَيْرَ

बेहतर	बेशक	इसे मुलाज़िम रख लो	ऐ मेरे बाप	उन में से एक	बोली वह	25	ज़ालिमों की क़ौम

مَنِ اسْتَاْجَرْتَ الْقَوِىُّ الْاَمِيْنُ ﴿٢٦﴾ قَالَ اِنِّىْۤ اُرِيْدُ اَنْ اُنْكِحَكَ

निकाह करदूँ तुझ से	कि	बेशक मैं चाहता हूँ	(बाप) ने कहा	26	अमानत दार	ताक़तवर	तुम मुलाज़िम रखो	जो-जिसे

اِحْدَى ابْنَتَىَّ هٰتَيْنِ عَلٰۤى اَنْ تَاْجُرَنِىْ ثَمٰنِىَ حِجَجٍ ۚ فَاِنْ اَتْمَمْتَ

तम पूरे करो	फिर अगर	आठ (8) साल (जमा)	तुम मेरी मुलाज़िमत करो	कि	(इस शर्त) पर	यह दो (2)	अपनी दो बेटियां	एक

عَشْرًا فَمِنْ عِنْدِكَ ۚ وَمَاۤ اُرِيْدُ اَنْ اَشُقَّ عَلَيْكَ ؕ سَتَجِدُنِىْۤ

अ़नक़रीब तुम पाओगे मुझे	तुम पर	कि मैं मशक़्क़त डालूँ	चाहता मैं	और नहीं	तो तुम्हारी तरफ़ से	दस (10)

اِنْ شَآءَ اللّٰهُ مِنَ الصّٰلِحِيْنَ ﴿٢٧﴾ قَالَ ذٰلِكَ بَيْنِىْ وَبَيْنَكَ ؕ اَيَّمَا الْاَجَلَيْنِ

मुद्दत दोनों में	जो	और तुम्हारे दरमियान	मेरे दरमियान	यह	उस ने कहा	27	नेक (ख़ुश मामला) लोगों में से	इनशा अल्लाह (अगर अल्लाह ने चाहा)

ع ٣ ٧ ٦ قَضَيْتُ فَلَا عُدْوَانَ عَلَىَّ ؕ وَاللّٰهُ عَلٰى مَا نَقُوْلُ وَكِيْلٌ ﴿٢٨﴾

28	गवाह	जो हम कह रहे हैं	पर	और अल्लाह	मुझ पर	कोई जब्र (मुतालबा) नहीं	मैं पूरी करूँ

पस वह निकला वहां से डरते हुए और इन्तिज़ार करते हुए (कि देखें क्या होता है), उस ने दुआ की कि ऐ मेरे परवरदिगार! मुझे ज़ालिमों की क़ौम से बचाले। (21) और जब उस ने मदयन की तरफ़ रुख़ किया तो कहा उम्मीद है मेरा रब मुझे सीधा रास्ता दिखाएगा। (22) और जब वह मदयन के पानी (के कुंए) पर आया तो उस ने लोगों के एक गिरोह को पानी पिलाते हुए पाया, और उस ने देखा दो औरतें उन से अ़लाहिदा (अपनी बकरियां) रोके हुए (खड़ी) हैं, उस ने कहा तुम्हारा क्या हाल है? वह बोलीं हम पानी नहीं पिलातीं जब तक चरवाहे (अपने जानवरों को पानी पिला कर) वापस न ले जाएं और हमारे अब्बा बूढ़े हैं। (23) तो उस ने उन की (बकरियों को) पानी पिलाया। फिर साए की तरफ़ फिर आया, फिर अ़र्ज़ किया ऐ मेरे परवरदिगार! बेशक जो नेमत तू मेरी तरफ़ उतारे मैं उस का मोहताज हूँ। (24) फिर उन दोनों में से एक उस के पास आई शर्म से चलती हुई, वह बोली, बेशक मेरे वालिद तुम्हें बुला रहे हैं कि तुम्हें उस का सिला दें जो तू ने हमारे लिए (बकरियों को) पानी पिलाया है, पस जब मूसा (अ) उस (बाप) के पास आया और उस से अहवाल बयान किया तो उस ने कहा डरो नहीं, तुम ज़ालिमों की क़ौम से बच आए हो। (25) उन में से एक बोली, ऐ मेरे बाप इसे मुलाज़िम रख लें, बेशक बेहतरीन मुलाज़िम जिसे तुम रखो (वही हो सकता है) जो ताक़तवर अमानत दार हो। (26) (बाप) ने कहा मैं चाहता हूँ कि तुम से अपनी इन दो बेटियों में से एक का निकाह इस शर्त पर कर दूँ कि तुम आठ (8) साल मेरी मुलाज़िमत करो, अगर दस (10) साल पूरे करलो तो (वह) तुम्हारी तरफ़ से (नेकी) हो गी, मैं नहीं चाहता कि मैं तुम पर मशक़्क़त डालूँ, अगर अल्लाह ने चाहा तो अ़नक़रीब तुम मुझे ख़ुश मामला लोगों में से पाओगे। (27) मूसा (अ) ने कहा यह मेरे दरमियान और तुम्हारे दरमियान (अ़हद) है, मैं दोनों में से जो मुद्दत पूरी करूँ मुझ पर कोई मुतालबा नहीं, और अल्लाह गवाह है उस पर जो हम कह रहे हैं। (28)

فَلَمَّا قَضٰى مُوْسَى الْاَجَلَ وَسَارَ بِاَهْلِهٖۤ اٰنَسَ مِنْ جَانِبِ

तरफ़	से	उस ने देखी	साथ अपने घर वाली	और चला वह	मुद्दत	मूसा (अ)	पूरी कर दी	फिर जब

الطُّوْرِ نَارًا ۚ قَالَ لِاَهْلِهِ امْكُثُوْۤا اِنِّیْۤ اٰنَسْتُ نَارًا لَّعَلِّیْۤ

शायद मैं	आग	बेशक मैं ने देखी	तुम ठहरो	अपने घर वालों से	उस ने कहा	एक आग	कोहे तूर

اٰتِيْكُمْ مِّنْهَا بِخَبَرٍ اَوْ جَذْوَةٍ مِّنَ النَّارِ لَعَلَّكُمْ تَصْطَلُوْنَ ﴿٢٩﴾

29	आग तापो	ताकि तुम	आग से	या चिंगारी	कोई ख़बर	उस से	मैं लाऊँ तुम्हारे लिए

فَلَمَّاۤ اَتٰىهَا نُوْدِیَ مِنْ شَاطِئِ الْوَادِ الْاَيْمَنِ فِی الْبُقْعَةِ

जगह में	दायां	मैदान	किनारे से	निदा दी गई	वह आया उस के पास	फिर जब

الْمُبٰرَكَةِ مِنَ الشَّجَرَةِ اَنْ يّٰمُوْسٰۤی اِنِّیْۤ اَنَا اللّٰهُ رَبُّ الْعٰلَمِيْنَ ۙ﴿٣٠﴾

30	जहानों का परवरदिगार	अल्लाह	बेशक मैं	ऐ मूसा (अ)	कि	एक दरख़्त से	बरकत वाली

وَاَنْ اَلْقِ عَصَاكَ ؕ فَلَمَّا رَاٰهَا تَهْتَزُّ كَاَنَّهَا جَآنٌّ وَّلّٰی

वह लौटा	सांप	गोया कि वह	लहराते हुए	फिर जब उस ने उसे देखा	अपना असा	डालो	और यह कि

مُدْبِرًا وَّلَمْ يُعَقِّبْ ؕ يٰمُوْسٰۤی اَقْبِلْ وَلَا تَخَفْ ۟ اِنَّكَ مِنَ

से	बेशक तू	और डर नहीं	आगे आ	ऐ मूसा (अ)	और पीछे मुड़ कर न देखा	पीठ फेर कर

الْاٰمِنِيْنَ ﴿٣١﴾ اُسْلُكْ يَدَكَ فِیْ جَيْبِكَ تَخْرُجْ بَيْضَآءَ مِنْ

से-के	रोशन सफ़ेद	वह निकलेगा	अपने गरेबान	अपना हाथ	तू डाल ले	31	अम्न पाने वाले

غَيْرِ سُوْٓءٍ ۫ وَّاضْمُمْ اِلَيْكَ جَنَاحَكَ مِنَ الرَّهْبِ فَذٰنِكَ بُرْهَانٰنِ

दो (2) दलीलें	पस यह दोनों	ख़ौफ़ से	अपना बाज़ू	अपनी तरफ़	और मिला लेना	बग़ैर किसी ऐब

مِنْ رَّبِّكَ اِلٰی فِرْعَوْنَ وَمَلَا۟ئِهٖ ؕ اِنَّهُمْ كَانُوْا قَوْمًا فٰسِقِيْنَ ﴿٣٢﴾

32	नाफ़रमान	एक गिरोह	हैं	बेशक वह	और उसके सरदार (जमा)	फ़िरऔन	तरफ़	तेरे रब (की तरफ़) से

قَالَ رَبِّ اِنِّیْ قَتَلْتُ مِنْهُمْ نَفْسًا فَاَخَافُ اَنْ يَّقْتُلُوْنِ ﴿٣٣﴾

33	कि वह मुझे क़त्ल कर देंगे	सो मैं डरता हूँ	एक शख़्स	उन (में) से	बेशक मैं ने मार डाला है	ऐ मेरे रब	उस ने कहा

وَاَخِیْ هٰرُوْنُ هُوَ اَفْصَحُ مِنِّیْ لِسَانًا فَاَرْسِلْهُ مَعِیَ رِدْاً

मेरे साथ मददगार	सो भेजदे उसे	ज़बान	मुझ से	ज़ियादा फ़सीह	वह	हारून (अ)	और मेरा भाई

يُّصَدِّقُنِیْۤ ۫ اِنِّیْۤ اَخَافُ اَنْ يُّكَذِّبُوْنِ ﴿٣٤﴾ قَالَ سَنَشُدُّ

हम अभी मज़बूत कर देंगे	फ़रमाया	34	वह झुटलाएंगे मुझे	कि	बेशक मैं डरता हूँ	वह तस्दीक़ करे मेरी

عَضُدَكَ بِاَخِيْكَ وَنَجْعَلُ لَكُمَا سُلْطٰنًا فَلَا يَصِلُوْنَ

पस वह न पहुँचेंगे	ग़ल्बा	तुम्हारे लिए	और हम अ़ता करेंगे	तेरे भाई से	तेरा बाज़ू

اِلَيْكُمَا ۚۛ بِاٰيٰتِنَاۤ ۚۛ اَنْتُمَا وَمَنِ اتَّبَعَكُمَا الْغٰلِبُوْنَ ﴿٣٥﴾

35	ग़ालिब रहोगे	पैरवी करे तुम्हारी	और जो	तुम दोनों	हमारी निशानियों के सबब	तुम तक

معانقة ١١ عند المتأخرين

फिर जब मूसा (अ) ने अपनी मुद्दत पूरी कर दी तो अपनी घर वाली (बीवी) को साथ ले कर चला, उस ने देखी कोहे तूर की तरफ़ से एक आग, उस ने अपने घर वालों से कहा तुम ठहरो, बेशक मैं ने आग देखी है, शायद मैं उस से तुम्हारे लिए (रास्ते की) कोई ख़बर या आग की चिंगारी लाऊँ ताकि तुम आग तापो। (29)
फिर जब वह उस के पास आया तो निदा (आवाज़) दी गई दाएं मैदान के किनारे से, बरकत वाली जगह में, एक दरख़्त (के दरमियान) से, कि ऐ मूसा (अ)! बेशक मैं अल्लाह हूँ, तमाम जहानों का परवरदिगार। (30)
और यह कि तू अपना असा (ज़मीन पर) डाल, फिर जब उस ने उसे देखा लहराते हुए, गोया कि वह सांप है, वह पीठ फेर कर लौटा, और पीछे मुड़ कर भी न देखा, (अल्लाह ने फ़रमाया) ऐ मूसा (अ)! आगे आ और डर नहीं, बेशक तू अम्न पाने वालों में से है। (31)
तू अपना हाथ अपने गरेबान में डाल, वह सफ़ेद रोशन हो कर निकलेगा, किसी ऐब के बग़ैर, फिर अपना बाज़ू ख़ौफ़ (दूर होने की ग़रज़) से अपनी तरफ़ मिला लेना (सुकेड़ लेना), पस (असा और यदे बैज़ा) दोनों दलीलें हैं तेरे रब की तरफ़ से फ़िरऔन और उस के सरदारों की तरफ़, बेशक वह एक नाफ़रमान गिरोह है। (32)
उस ने कहा ऐ मेरे रब! बेशक मैं ने उन में से एक शख़्स को मार डाला, सो मैं डरता हूँ कि वह मुझे क़त्ल कर देंगे। (33)
और मेरे भाई हारून (अ) ज़बान (के एतिबार से) मुझ से ज़ियादा फ़सीह है, सो उसे मेरे साथ मददगार (बना कर) भेज दे कि वह मेरी तस्दीक़ करे, बेशक मैं डरता हूँ कि वह मुझे झुटलाएंगे। (34)
(अल्लाह ने) फ़रमाया हम अभी तेरे भाई से तेरे बाज़ू को मज़बूत कर देंगे और तुम दोनों के लिए अ़ता करेंगे ग़ल्बा, पस वह हमारी निशानियों के सबब तुम दानों तक न पहुँच सकेंगे, तुम दोनों और जिस ने तुम्हारी पैरवी की ग़ालिब रहोगे। (35)

فَلَمَّا جَآءَهُمْ مُّوْسٰى بِاٰيٰتِنَا بَيِّنٰتٍ قَالُوْا مَا هٰذَآ اِلَّا سِحْرٌ

एक जादू	मगर	नहीं है यह	वह बोले	खुली-वाज़ेह	हमारी निशानियों के साथ	मूसा (अ)	आया उन के पास	फिर जब

مُّفْتَرًى وَّمَا سَمِعْنَا بِهٰذَا فِيْٓ اٰبَآئِنَا الْاَوَّلِيْنَ ﴿٣٦﴾ وَقَالَ

और कहा	36	अपने अगले बाप दादा	में	यह-ऐसी बात	और नहीं सुनी है हम ने	इफ़्तिरा किया हुआ

مُوْسٰى رَبِّيْٓ اَعْلَمُ بِمَنْ جَآءَ بِالْهُدٰى مِنْ عِنْدِهٖ وَمَنْ تَكُوْنُ

होगा-है	और जिस	उस के पास से	हिदायत	लाया	उस को जो	खूब जानता है	मेरा रब	मूसा (अ)

لَهٗ عَاقِبَةُ الدَّارِ ۭ اِنَّهٗ لَا يُفْلِحُ الظّٰلِمُوْنَ ﴿٣٧﴾ وَقَالَ فِرْعَوْنُ

फ़िरऔन	और कहा	37	ज़ालिम (जमा)	नहीं फ़लाह पाएंगे	बेशक वह	आख़िरत का अच्छा घर	उस के लिए

يٰٓاَيُّهَا الْمَلَاُ مَا عَلِمْتُ لَكُمْ مِّنْ اِلٰهٍ غَيْرِيْ ۚ فَاَوْقِدْ لِيْ

पस आग जला मेरे लिए	अपने सिवा	माबूद	कोई	तुम्हारे लिए	नहीं जानता मैं	ऐ सरदारो

يٰهَامٰنُ عَلَى الطِّيْنِ فَاجْعَلْ لِّيْ صَرْحًا لَّعَلِّيْٓ اَطَّلِعُ اِلٰٓى

तरफ़	मैं झांकूँ	ताकि मैं	एक बुलन्द महल	फिर मेरे लिए बना (तैयार कर)	मिट्टी पर	ऐ हामान

اِلٰهِ مُوْسٰى ۙ وَاِنِّيْ لَاَظُنُّهٗ مِنَ الْكٰذِبِيْنَ ﴿٣٨﴾ وَاسْتَكْبَرَ

और मग़रूर हो गया	38	झूटे	से	अलबत्ता समझता हूँ उसे	और बेशक मैं	मूसा (अ)	माबूद

هُوَ وَجُنُوْدُهٗ فِي الْاَرْضِ بِغَيْرِ الْحَقِّ وَظَنُّوْٓا اَنَّهُمْ اِلَيْنَا

हमारी तरफ़	कि वह	और वह समझ बैठे	नाहक़	ज़मीन (दुनिया) में	और उस का लशकर	वह

لَا يُرْجَعُوْنَ ﴿٣٩﴾ فَاَخَذْنٰهُ وَجُنُوْدَهٗ فَنَبَذْنٰهُمْ فِي الْيَمِّ ۚ

दर्या में	फिर हम ने फेंक दिया उन्हें	और उस का लशकर	तो हम ने पकड़ा उसे	39	नहीं लौटाए जाएंगे

فَانْظُرْ كَيْفَ كَانَ عَاقِبَةُ الظّٰلِمِيْنَ ﴿٤٠﴾ وَجَعَلْنٰهُمْ اَئِمَّةً

सरदार	और हम ने बनाया उन्हें	40	ज़ालिम (जमा)	अन्जाम	हुआ	कैसा	सो देखो

يَّدْعُوْنَ اِلَى النَّارِ ۚ وَيَوْمَ الْقِيٰمَةِ لَا يُنْصَرُوْنَ ﴿٤١﴾

41	वह मदद न दिए जाएंगे	और रोज़े क़ियामत	जहन्नम की तरफ़	वह बुलाते हैं

وَاَتْبَعْنٰهُمْ فِيْ هٰذِهِ الدُّنْيَا لَعْنَةً ۚ وَيَوْمَ الْقِيٰمَةِ هُمْ

वह	और रोज़े क़ियामत	लानत	इस दुनिया	में	और हम ने लगादी उन के पीछे

ع ١٤ مِّنَ الْمَقْبُوْحِيْنَ ﴿٤٢﴾ وَلَقَدْ اٰتَيْنَا مُوْسَى الْكِتٰبَ

किताब (तौरेत)	मूसा (अ)	और तहक़ीक़ हम ने अ़ता की	42	बदहाल लोग (जमा)	से

مِنْۢ بَعْدِ مَآ اَهْلَكْنَا الْقُرُوْنَ الْاُوْلٰى بَصَآئِرَ

(जमा) बसीरत	पहली	उम्मतें	कि हलाक कीं हम ने	उस के बाद

لِلنَّاسِ وَهُدًى وَّرَحْمَةً لَّعَلَّهُمْ يَتَذَكَّرُوْنَ ﴿٤٣﴾

43	नसीहत पकड़ें	ताकि वह	और रहमत	और हिदायत	लोगों के लिए

फिर जब मूसा (अ) हमारी वाज़ेह निशानियों के साथ उन के पास आया तो वह बोले यह कुछ भी नहीं मगर एक इफ़्तिरा किया हुआ (घड़ा हुआ) जादू है, और हम ने ऐसी बात अपने अगले बाप दादा से नहीं सुनी है। (36)

और मूसा (अ) ने कहा मेरा रब उस को खूब जानता है जो उस के पास से हिदायत लाया है, और जिस के लिए आख़िरत का अच्छा घर (जन्नत) है, बेशक ज़ालिम (कभी) फ़लाह (कामयाबी) नहीं पाएंगे। (37)

और फ़िरऔन ने कहा, ऐ सरदारो, मैं नहीं जानता तुम्हारे लिए अपने सिवा कोई माबूद, पस ऐ हामान! मेरे लिए मिट्टी (की ईंटों) पर आग जला, फिर (उन पुख़्ता ईंटों से) मेरे लिए तैयार कर एक बुलन्द महल, ताकि मैं (वहां से) मूसा (अ) के माबूद को झांकूँ, और मैं तो उसे झूटों में से समझता हूँ। (38)

और वह और उस का लशकर दुनिया में नाहक़ मग़रूर हो गए और वह समझ बैठे कि वह हमारी तरफ़ नहीं लौटाए जाएंगे। (39)

तो हम ने उसे और उस के लशकर को पकड़ा और उन्हें दर्या में फेंक दिया, सो देखो कैसा ज़ालिमों का अन्जाम हुआ? (40)

और हम ने उन्हें सरदार बनाया जो जहन्नम की तरफ़ बुलाते रहे, और रोज़े क़ियामत वह न मदद दिए जाएंगे (उन की मदद न होगी)। (41)

और हम ने इस दुनिया में उन के पीछे लानत लगा दी और रोज़े क़ियामत वह बदहाल लोगों में से होंगे। (42)

और तहक़ीक़ हम ने मूसा (अ) को तौरेत अ़ता की उस के बाद कि हम ने पहली उम्मतें हलाक कीं, लोगों के लिए बसीरत (आँखें खोलने वाली) और हिदायत ओ रहमत, ताकि वह नसीहत पकड़ें। (43)

وَمَا كُنْتَ بِجَانِبِ الْغَرْبِيِّ اِذْ قَضَيْنَآ اِلٰى مُوْسَى الْاَمْرَ

हुक्म (वहि)	मूसा (अ) की तरफ़	हम ने भेजा	जब	मग़रिबी जानिब	और आप (स) न थे

وَمَا كُنْتَ مِنَ الشّٰهِدِيْنَ ﴿٤٤﴾ وَلٰكِنَّآ اَنْشَاْنَا قُرُوْنًا فَتَطَاوَلَ عَلَيْهِمُ

उनकी, उन पर	तवील हो गई	बहुत सी उम्मतें	हम ने पैदा की	और लेकिन हम ने	44	देखने वाले	से	और आप (स) न थे

الْعُمُرُ ۚ وَمَا كُنْتَ ثَاوِيًا فِيْٓ اَهْلِ مَدْيَنَ تَتْلُوْا عَلَيْهِمْ اٰيٰتِنَا ۙ

हमारी आयात	उन पर	तुम पढ़ते	अहले मदयन	में	रहने वाले	और आप (स) न थे	मुद्दत

وَلٰكِنَّا كُنَّا مُرْسِلِيْنَ ﴿٤٥﴾ وَمَا كُنْتَ بِجَانِبِ الطُّوْرِ اِذْ نَادَيْنَا

जब हम ने पुकारा	तूर	किनारा	और आप (स) न थे	45	रसूल बनाकर भेजने वाले	हम थे	और लेकिन हम

وَلٰكِنْ رَّحْمَةً مِّنْ رَّبِّكَ لِتُنْذِرَ قَوْمًا مَّآ اَتٰىهُمْ مِّنْ نَّذِيْرٍ

डराने वाला	कोई	नहीं आया उन के पास	वह क़ौम	ताकि डर सुनाओ	अपने रब से	रहमत	और लेकिन

مِّنْ قَبْلِكَ لَعَلَّهُمْ يَتَذَكَّرُوْنَ ﴿٤٦﴾ وَلَوْلَآ اَنْ تُصِيْبَهُمْ

कि पहुँचे उन्हें	और एसा न हो	46	नसीहत पकड़ें	ताकि वह	आप (स) से पहले

مُّصِيْبَةٌۢ بِمَا قَدَّمَتْ اَيْدِيْهِمْ فَيَقُوْلُوْا رَبَّنَا لَوْلَآ اَرْسَلْتَ

भेजा तू ने	क्यों न	ऐ हमारे रब	तो वह कहते	उन के हाथ (उन के आमाल)	उस के सबब जो भेजा	कोई मुसीबत

